सुप्रभात
रांची, गुरुवार
29.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 227

12 बॉयफ्रेंड से शादी करेंगी तापसी पन्नू



## बजट सत्र का चौथा दिन : गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने अबुआ आवास में गड़बड़ी का मामला सदन में उठाया

# अबुआ आवास में हो रही गड़बड़ी की होगी सख्त जांच: आलमगीर आलम

**क्या हो रही है गड़बड़ी**

जिनको आवास पहले मिलना चाहिये, वह पीछे चला गया और जो लाभुक अयोग्य है, उसका चयन हो गया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बुधवार को सदन में ध्यानाकर्षण के माध्यम से अबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन में हो रही गड़बड़ी का मामला उठाया। इस पर ग्रामीण विकास और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि अबुआ आवास योजना में शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि सुधार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब सभी आवेदनों की जमीनी सच्चाई जानने के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। कुछ ग्राम सभाओं ने गड़बड़ी की है। हम इसकी जांच करायेंगे। दोषियों पर कार्रवाई होगी। ग्राम सभा की सूची के अनुरूप ही लाभुकों का चयन होगा। इसमें पूरी पारदर्शिता बरती जायेगी।

लंबोदर महतो ने कहा कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन में अनियमितता हो रही है। योजना में प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रखंडों में सत्यापन कर प्राथमिकता सूची तैयार की जानी चाहिए। प्रखंड कार्यालय में प्राथमिकता की जो सूची तैयार की गई है इसमें जनप्रतिनिधियों को विश्वास में नहीं लिया गया। मनमानी तरीके से सूची तैयार की गयी। सूची में एकल महिला प्रधान परिवार एवं दिव्यांग परिवार के लाभुकों का ख्याल बिल्कुल नहीं रखा गया है। इससे जरूरतमंदों को आवास से वंचित होना पड़ रहा है। सरकार ने इस योजना को लेकर जो संकल्प जारी किया है। उसमें स्पष्ट है कि ग्राम सभा की प्राथमिकता सूची से लाभुक का चयन करना है। बावजूद इसके खुलेआम अनदेखी की जा रही है। गड़बड़ी का आलम यह है कि जिनको आवास पहले मिलना चाहिये, वह पीछे चला गया है। जिनको आवास बाद में मिलना चाहिए अथवा जो लाभुक अयोग्य है, वह पहले नंबर पर आ गया है। ग्राम सभा द्वारा तैयार गई सूची को अनुमोदन करना है। मगर गड़बड़ी करने के उद्देश्य से अलग से प्रतीक्षा सूची तैयार की जा रही है। राज्य भर में यही स्थिति है।

**मंगल चंडी में अंडरपास निर्माण हो : लंबोदर**

विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सदन में तारांकित प्रश्न के माध्यम से बनारस से कोलकाता सिक्स लेन में पथ में मंगल चंडी में अंडरपास निर्माण का मामला उठाया। जवाब में पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने बताया कि प्रस्तावित बनारस से कोलकाता खंड पर मंगल चंडी के समीप अंडरपास का प्रावधान किया गया है। इसमें और भी कोई आवश्यक कार्रवाई होगी तो उसे भी किया जायेगा। विधायक लंबोदर महतो ने सदन में कहा कि राष्ट्रीय उच्च पथ प्राधिकार द्वारा भारतमाला परियोजना के तहत राज्य में बनारस से कोलकाता सिक्स लेन पथों का निर्माण हो रहा है। इसके बीचों बीच नेमरा, गोला प्रखंड से बंगाल सीमाना जरिडीह प्रखंड तक पथों का निर्माण किया जा रहा है। बनारस से कोलकाता सिक्स लेन पथ द्वारा नेमरा गोला प्रखंड से जरिडीह प्रखंड बंगाल सीमान पथ के लिए कसमार प्रखंड अंतर्गत मंगल चंडी के समीप अंडरपास नहीं दिया गया है। एक अन्य मामाले में विधायक डॉ लंबोदर महतो ने पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों के मानदेय दैनिक एवं यात्रा भत्ता की बढ़ोतरी व पेंशन का प्रावधान लागू करने की मांग की। उन्होंने सदन में शून्यकाल में यह मांग उठाई।

## खूंटी के बेलकीदूरा हाईस्कूल में दो कमरों का निर्माण जल्द होगा : मिथिलेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि खूंटी जिला के रनिया प्रखंड में बेलकीदूरा हाईस्कूल अतिरिक्त 2 कमरों का निर्माण आगामी शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में पूर्ण हो जायेगा। यू-डायस के आंकड़ों के अनुसार खूंटी जिला अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेलकीदूरा में नामांकित छात्र-छात्राओं की कुल संख्या-71 है। कुल छात्र-छात्राओं के अध्यापन कार्य के लिए 1 प्राथमिक व 1 उच्च प्राथमिक शिक्षक कार्यरत हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी खूंटी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिला के योजना अनाबद्ध निधि से 2 नये अतिरिक्त वर्ग कक्ष की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। दरअसल, भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने बेलकीदूरा हाईस्कूल में सिर्फ दो कमरों में मैट्रिक तक की शिक्षा देने संबंधी सवाल पूछा था। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षकों को भारी कठिनाई हो रही है। इसलिये विद्यालय में अतिरिक्त कमरा बनाया जाये।

**अमलाबाद, बरमसिया और पिंडराजोरा को प्रखंड बनायें : मथुरा**

**रांची।** झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने विधानसभा सभा में चंदनक्यारी प्रखंड के अमलाबाद, बरमसिया व पिंडराजोरा को नया प्रखंड बनाने की मांग की है। उन्होंने यह मांग बुधवार को शून्यकाल में की। साथ ही उन्होंने निवेदन की सूचना के तहत मृतक गणेश कुम्हार के आश्रित को आपदा प्रबंधन द्वारा सरकारी सहयोग- मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की भी मांग की।

**रुकैया में ग्रामीण जलापूर्ति योजना में अनियमितता : मथुरा**

**रांची।** झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बुधवार को सदन में ध्यानाकर्षण के माध्यम से रुकैया में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन में बरती जा रही अनियमितता का मामला उठाया। उन्होंने संवेदक पर कार्रवाई व इसे शीघ्र पूरा करने की मांग की। इस पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर कहा कि टुंडी एवं पूर्वी टुंडी प्रखंड के पूर्व में निर्मित योजना फेज वन से अच्छादित शेष बचे 99 गांवों को पूर्ण रूप से जलापूर्ति से अच्छादित करने वाली योजना के पूर्ण होने की तिथि 8 अगस्त 2024 है। इस योजना के अंतर्गत रुकैया पंचायत भी जलापूर्ति से अच्छादित होगा। योजना का कार्य 59 प्रतिशत पूर्ण है एवं कार्य प्रगति में है। योजना अंतर्गत सभी अवयवों की गुणवत्ता की जांच समय-समय पर विभागीय जांच दल द्वारा किया जाता है। आरसीसी से संबंधित अवयवों की ढलाई के समय अभियंता उपस्थित रहते हैं। बाहरी जांच एजेंसी के द्वारा योजना के निर्माण कार्यों की जांच नियमित रूप से कराई जाती है। काम समय पर पूरा करने के लिए एजेंसी पर दबाव बनाया जायेगा। यदि संवेदक अनियमितता बरत रहा है तो कार्रवाई भी की जायेगी।

## जवाब से असंतुष्ट ढुल्लू महतो वेल में आ गये

**रांची।** प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर के जवाब से असंतुष्ट भाजपा विधायक ढुल्लू महतो वेल में आ गये। वे सीधे स्पीकर के सामने आकर उनसे जोर जोर से बोलने लगे। उनके पीछे बिरंची नारायण और जेपी पटेल भी वेल में पहुंच गये। स्पीकर ने सभी को समझाकर वापस सीट पर भेजा। दरअसल ढुल्लू महतो अपने क्षेत्र के कतरास कॉलेज की तरह दूसरा सरकारी कॉलेज खोलने की मांग कर रहे थे। इसका जवाब देते हुये मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कतरास में नया सरकारी कॉलेज निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के पास नहीं है। बाघमारा विस क्षेत्र अन्तर्गत कतरास महाविद्यालय, कतरासगढ़ एक अंगीभूत महाविद्यालय संचालित है। इसके अलावा बाघमारा महाविद्यालय तथा डीएवी महिला महाविद्यालय स्थायी संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय स्थित है। एक अनुदानित कॉलेज भी है। बाघमारा विधानसभा और आसपास के प्रखंडों की छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त करती हैं। इनके इस जवाब से ढुल्लू महतो नाराज हो गये। उन्होंने अपने सवाल में कहा था कि बाघमारा विस में कतरास कॉलेज एक मात्र सरकारी कॉलेज है। इसमें 61 पंचायत और आठ नगर परिषद क्षेत्र के विद्यार्थियों को परेशानी होती है। मजबूरी में विद्यार्थियों को या तो 20-25 किमी दूर जाकर पढ़ना पड़ता है या फिर पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ती है। इस पर मंत्री ने जब कोई और कॉलेज बनाने से इनकार किया तो ढुल्लू बेहद नाराज हुए और वेल में आ गये। स्पीकर के हस्तक्षेप के बाद मंत्री ने अंत में कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्र में एक डिग्री महाविद्यालय बनाने का संकल्प सरकार ने लिया है।

## राज्य की सभी पंचायतों को मिल रहा अधिकार : आलमगीर आलम

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने सदन में कहा कि चौथे राज्य वित्त आयोग का कार्यकाल 27 जनवरी 2024 को समाप्त हो चुका है। इसके बाद झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 की धारा 144-1 के आलोक में पंचम राज्य वित्त आयोग का गठन एवं उसके अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति वित्त विभाग की ओर से 23 फरवरी 2024 में की गयी है। पंचायतों को पेंशन, आवास, कृषि, सिंचाई, पशुपालन इत्यादि का पंचायत के द्वारा क्रियान्वयन के संबंध में कार्रवाई की जा रही है। इसलिए विधायक का आरोप गलत है। वित्त आयोग का पैसा गया है। 2010 में पंचायत चुनाव हुआ था। वैसी ही स्थिति फिर बन रही है। सारे लोगों को अधिकार दिया जायेगा। मंत्री आलमगीर कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद द्वारा पूछे गये सवाल का जवाब दे रहे थे। अंबा प्रसाद ने पूछा था कि राज्य में तीन बार पंचायत चुनाव होने के बाद भी राज्य वित्त आयोग से पंचायत जन प्रतिनिधियों को विकास के लिए राशि आवंटित नहीं की गई है।

## इचाक की जमीन मुक्त कराने की मांग की

**रांची।** सदन में विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग के इचाक में भूदान की जमीन पर समुदाय विशेष के लोगों ने दो मीनार बना लिया है। वहां स्कूल है, जहां धार्मिक कार्य हो रहा है। इससे पठन पाठन बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जमीन को समुदाय विशेष के कब्जे से मुक्त कराया जाये। इसपर विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि विधायक को ये बातें कहना शोभा नहीं देता। इसके बाद थोड़ी देर दोनों में नोकझोंक हुई।

## ई-ऑटो रिक्शा चालकों को परमिट और रूट पास देने पर जल्द समाधान : दीपक बिरूआ

**रांची।** परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने बुधवार को सदन में कहा कि ई ऑटो रिक्शा चालाकों को परिमट और रूट पास देने के मामले में नगर विकास विभाग से बातकर समाधान निकाला जायेगा। दरअसल, विधायक राजेश कच्छप ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से इस संबंध में सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि ई ऑटो रिक्शा चालकों को परमिट की आवश्यकता नहीं होने के बावजूद उनसे फाइन काटा जा रहा है। इससे गरीब चालक परेशान हैं। उन्होंने परिवहन विभाग से सवाल पूछा था लेकिन इसे नगर विकास विभाग का मामला बताया जा रहा है। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि नगर विकास विभाग ही रूट तय करता है इसलिये यह उसी विभाग से संबंधित है। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर ने कहा कि इसके लिए डाक होता है और रूट डाक लेने वाली एजेंसी ही तय करती है। इसलिये नगर विकास विभाग और परिवहन विभाग मिलकर इस समस्या का समाधान कर सकते हैं।


कार्यालयः– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा।

पत्रांक 269 (DHS) कोडरमा, दिनांक 27/02/202

Corrigendum Notice

Very short term tender was invited for supply and installation of modular OT in Sadar Hospital Koderma vide letter no. 249 (DHS) dated 21/02/2024 PR No. 319991, In which a corrigendum is being issued for some technical improvements, which can be seen on the district website www.koderma.nic.in

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS कोडरमा

PR 320600 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell

Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 21 /2023-24

Date:: -27-02-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Construction of Proposed Block Level Stadium at Keredari,Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 8304550/- |
| 3. | Time of Completion | 09 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 01 -03-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 07-03-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR.NO.320614 Building(23-24):D

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
समाज कल्याण शाखा (बाल-संरक्षण)

आम सूचना



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, बाल कल्याण समिति, कोडरमा के पत्रांक– 94/2024/CWC/Koderma दिनांक – 21.02.2024 के आलोक में झुमरी तिलैया, जिला–कोडरमा के दम्पत्ति द्वारा बसरिया से रामपुर चौपारण रोड, हजारीबाग से लावारिस अवस्था मे बालिका उम्र लगभग 02 माह को प्राप्त कर, दिनांक–16.02.2024 को बाल कल्याण समिति, कोडरमा के समक्ष प्रस्तुत किया गया तदुरांत उक्त बालिका को सदर अस्पताल, कोडरमा से उपचार के पश्चात, समिति के निदेशानुसार विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, हजारीबाग (झारखण्ड) में आवासीत कराया गया है। उक्त बालिका की विवरणी निम्नवत् है:–

बालिका का नाम – नामालूम, उम्र – 02 माह लगभग, रंग– सांवला, वजन – 2.7 कि0ग्रा0, माता/पिता व पता – नामालूम

उक्त बालिका के जैविक माता–पिता अथवा विधिक अभिभावक का कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है, यदि कोई जानकारी उपलब्ध हो तो, बाल कल्याण समिति अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा से सम्पर्क किया जा सकता है तथा विज्ञप्ति प्रकाशन कि तिथि से 60 (साठ) दिनों के अंदर अपना दावा साक्ष्य के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा हेतु दिये गए समय सीमा के पश्चात उक्त बालिका पर, किसी भी प्रकार का दावा दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2015 के नियम 06 के उपनियम 12 के अंतर्गत मान्य नहीं होगा तथा समिति द्वारा उक्त बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रुप से स्वतंत्र घोशित कर, दिया जायेगा।

संपर्क नं0:–
बाल कल्याण समिति, कोडरमा।
9006640523, 7717705479, 7050720832, 7061514121
जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा।
9234203438, 9608145888, 9835583343

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
कोडरमा

PR 320690 Social Welfare,Women and Child Development (23-24)_D


### सदन में राज्यपाल के आरक्षण वाले बयान पर हुआ हंगामा

## कांग्रेस ने सरकार से आरक्षण बिल पर पुनर्विचार के लिए राजभवन पर दबाव बनाने की अपील की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में राज्यपाल के आरक्षण पर दिये गये बयान को लेकर कांग्रेस ने विरोध किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि राज्यपाल ने आरक्षण बिल लौटाया है। हमारे अधिकार को छीना जा रहा है। मैं इसका विरोध करता हूं। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि चलते सत्र के दौरान राज्यपाल का बयान आता है कि 77 फीसदी आरक्षण असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि झारखंड के पिछड़े, दलित और आदिवासी इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। उन्होने कहा कि सरकार विधेयक पर पुनर्विचार करने के लिए राजभवन पर दबाव बनाये। मालूम हो कि मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने जमशेदपुर में कहा था कि झारखंड सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिये 77 फीसदी आरक्षण का विधेयक राजभवन को भेजा था। ऐसे विधेयक को संवैधानिक तौर पर खारिज करना ही होगा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी 77 फीसदी आरक्षण को गलत ठहरा दिया है।

### आइपीएस संजीव कुमार क्रिमिनल : ढुल्लू



संपत्ति की ईडी से जांच कराने की मांग की

भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार के खिलाफ सदन के बाहर धरना दिया। उन्होंने संजीव कुमार को खनन माफियाओं का सरगना बताया और उनकी संपत्ति की ईडी से जांच कराने की मांग की। सदन के अंदर भी उन्होंने इस मामले को जोर शोर से उठाया। उन्होंने कहा कि संजीव कुमार शुद्ध रूप से क्रिमिनल हैं। जब वे धनबाद के एसएसपी थे तब जेल के अंदर हत्या हो रही थी। अवैध माइनिंग चरम पर था। उनके तबादले के बाद अब ये सब कुछ बंद हो गया है। इससे साफ है कि वे वर्दी में शुद्ध रूप से क्रिमिनल थे। उन्होंने कहा कि उनके कार्यों की जांच के लिए विधानसभा की कमेटी बना दी जाये या फिर किसी एजेंसी से जांच करवाई जाये।

## वाणिज्य कर विभाग के 33 पदाधिकारी बदले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वाणिज्य कर विभाग ने चुनाव आयोग के निर्देश पर 33 अधिकारियों को बदल दिया है। वहीं दो अधिकारियों पर विभाग ने एक बार फिर मेहरबानी दिखाई है। विश्वजीत सिन्हा और ब्रजेश कुमार को एक बार फिर रांची जिले से हटकर मुख्यालय में बुला लिया गया है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो दोनों अधिकारी पिछले 10 सालों से रांची में ही जमे हैं और मुख्यालय और जिला का खेल खेल रहे हैं। मंगलवार को विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार रतनलाल गुप्ता को राज्य कर संयुक्त आयुक्त हजारीबाग प्रमंडल भेजा गया है। इन्हें हजारीबाग प्रमंडल राज्य कर अपर आयुक्त हजारीबाग, एवं राज्य कर अपर आयुक्त अपील धनबाद प्रमंडल, राज्य कर संयुक्त आयुक्त रामगढ़ अंचल, राज्य कर संयुक्त आयुक्त गिरिडीह अंचल और राज्य कर संयुक्त आयुक्त हजारीबाग अंचल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, अवधेश कुमार मेहरा को राज्य कर संयुक्त आयुक्त जमशेदपुर भेजा गया है। मेहरा अपने कार्यों के अलावा राज्य कर अपर आयुक्त जमशेदपुर एवं राज्य कर संयुक्त आयुक्त आदित्यपुर अंचल के भी प्रभार में रहेंगे। कुमुदिनी सिंकु को राज्य कर अपर आयुक्त अपील संथाल परगना दुमका में पदस्थापित किया गया है। वह अगले आदेश तक राज्य कर संयुक्त आयुक्त पश्चिमी अंचल रांची और पूर्वी अंचल रांची के भी प्रभार में रहेंगी। इसी तरह विनोद कुमार सिंह राज्य-कर अपर आयुक्त (अपील) जमशेदपुर प्रमण्डल, जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है। वह अगले आदेश तक राज्य-कर सयुक्त आयुक्त, सिंहभूम अचल, जमशेदपुर एवं राज्य-कर संयुक्त आयुक्त, चाईबासा अंचल, चाईबासा के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। दिलीप कुमार मंडल-4 (वरीयता कमांक-215. गृह जिला कटिहार, बिहार) राज्य-कर संयुक्त आयुक्त, देवघर अचल, देवघर, अपने कार्यों के साथ राज्य-कर संयुक्त आयुक्त, गोड्डा अंचल, गोड्डा के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। राम प्रवेश प्रसाद प्रतीक्षारत को राज्य-कर उपायुक्त, कतरास अंचल भेजा गया है। संगीता लाल को राज्य-कर उपायुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, जमशेदपुर प्रमंडल भेजा गया है। वे राज्य-कर उपायुक्त, जमशेदपुर अंचल के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगी। संजय कुमार गुप्ता को राज्य-कर उपायुक्त, पश्चिमी अंचल रांची भेजा गया है। वह राज्य कर उपायुक्त मुख्यालय के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। विश्वजीत कुमार सिन्हा को राज्य कर उपायुक्त अन्वेषण ब्यूरो मुख्यालय झारखण्ड भेजा गया है। श्री सिन्हा सचिव, वाणिज्य-कर न्यायाधिकरण के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेगे। मीरा कुमारी गुप्ता को अंकेक्षण ईकाई, जमशेदपुर प्रमंडल भेजा गया है। संजय प्रसाद को वाणिज्य कर विभाग मुख्यालय भोजा गया है। निशा कुमारी को को अन्देषण ब्यूरो, जमशेदपुर प्रमंडल भेजा गया है। मौसमी नागेश को वाणिज्य कर विभाग मुख्यालय भेजा गया है।

**ब्रजेश कुमार फिर पहुंचे मुख्यालय**

उमाशंकर सिंह को राज्य कर सहायक आयुक्त एन रांची संगीता कुमारी को राज्य कर सहायक आयुक्त कतरास आंचल मोनिका सिंह को राजी कर सहायक आयुक्त अंकेक्षण इकाई धनबाद एवं संथाल परगना प्रमंडल बृजेश कुमार को राज्य कर सहायक आयुक्त मुख्यालय मनोज कुमार को राज्य कर सहायक आयुक्त पलामू अंचल, रंजना कुमारी को राजी कर सहायक आयुक्त एन संथाल परगना प्रमंडल दुमका, फिरोज अहमद को राजी कर सहायक आयुक्त आदित्यपुर अंचल, श्रवण कुमार प्रजापति को राज्य कर सहायक आयुक्त मुख्यालय, अजय कुमार कच्छप को राज्य कर सहायक आयुक्त चाईबासा अंचल और अंजू कुमारी को राज्य कर सहायक आयुक्त अंकेक्षण इकाई रांची एवं हजारीबाग भेजा गया है। राजेन्द्र नायक को राज्य कर सहायक आयुक्त, विशेष अचल रांची, संगीता सुरीन को राज्य-कर सहायक आयुक्त, अंकेक्षण ईकाई, धनबाद एवं संथाल परगना प्रमंडल, धनबाद, अरुण कुमार एक्का को राज्य कर सहायक आयुक्त, पलामू अंचल, शिव शंकर सिंह मुण्डा को राज्य कर सहायक आयुक्त चिरकुण्डा अंचल धनबाद, रंजु कुमारी को राज्य कर सहायक आयुक्त चाईबासा अंचल, ऋचा को राज्य-कर सहायक आयुक्त जमशेदपुर अंचल, देवाशीष कुमार को राज्य कर सहायक आयुक्त कोडरमा अंचल, नरेन्द्र कुमार को राज्य कर सहायक आयुक्त विशेष अंचल रांची, पवन कुमार केडिया को राज्य-कर पदाधिकारी चाईबासा अंचल तथा शैलेश कुमार श्रीवास्तव को राज्य-कर पदाधिकारी, देवघर अंचल भेजा गया है।

## झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल 46 बीडीओ का हुआ स्थानांतरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने 46 प्रखंड विकास पदाधिकारी बदले गये हैं। ग्रामीण विकास विभाग ने तबादले एवं पदस्थापन को लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। ग्रामीण विकास विभाग से जारी अधिसूचना के अनुसार, वैसे प्रखंड में जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं है। वहां अंचलाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारी की शक्ति प्रदान की गई है। साथ ही स्थानांतरण- पदस्थापन आदेश को नव प्रतिस्थापित स्थान पर प्रभार ग्रहण करने के तुरंत बाद ही उपायुक्त को विरमित करने का निर्देश दिया गया है। वेसे प्रखंड विकास पदाधिकारी जिनका किसी प्रखंड में पदस्थापन नहीं हुआ है, वह ग्रामीण विकास विभाग में योगदान करेंगे।

**कौन कहां गये :** मनीष कुमार को मयूरहंड, हरिशंकर बारिक रायडीह, प्रवीण कुमार जलडेगा, ललित प्रसाद सिंह लोहरदगा सदर, चंदन कुमार सिंह सारठ, अजय कुमार वर्मा बगोदर, मधु कुमारी एगारकुण्ड, साकेत कुमार सिंह मारगोमुंडा, उल्लास महतो मरकचो, राजीव कुमार सिंह चंदनक्यारी, कुंदन भगत जरमुंडी, आनंद कुमार झा देवघर सदर, अमित कुमार मिश्रा जगन्नाथपुर, छंदा भट्टाचार्य कौरो, प्रतिमा कुमारी भंडरा, अशोक कुमार गुमला सदर, रंजीत कुमार सिंह बिशनपुर, सुनील प्रकाश कान्हाचट्टी, जयवीरस लकड़ा बांसजोर, हारून रशीद दारू, उषा मिंज लापुंग, चंदन प्रसाद चंदवा, मलय कुमार राजनगर-गोविंदपुर, संदीप कुमार सर्ड रांची, सीमा कुमारी चौपारण, संजय कुमार मधुपुर, शशि नीलिमा डुंगडुंग, इटकी, सोनाराम हांसदा महगामा, अभिनव कुमार मेहरमा, नीलम कुमारी सोना सोनारायठाढ़ी, राहुल उरांव बेड़ो, संग्राम मुर्मू सेन्हा, पल्लवी सिंह धनबाद सदर, नूतन मिंज ठेठईटांगर, थिएटर टांगर सिमडेगा भेजे गये। वहीं, संजय कुमार सिंह, मोनी कुमारी, कालिदास मुंडा, प्रेमचंद कुमार सिन्हा, वेदवंती कुमारी, प्रतिमा कुजूर, पवन महतो, अनीता केरकेप्ता, गौतम कुमार साहू, पंकज कुमार, मेरी मड़की और ज्ञानेंद्र की सेवा कार्मिक को वापस कर दी गयी है।

### झाप्रसे के 18 अधिकारी बदले, सुमन पाठक बनीं खादी बोर्ड की सीईओ

**रांची।** झाप्रसे के 18 अधिकारी बदले गये हैं। सुमन पाठक को खादी बोर्ड का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। सौरभ प्रसाद को रांची नगर निगम का अपर नगर आयुक्त बनाया गया है। रणजीत लोहरा को अपर नगर आयुक्त मानगो नगर निगम, अरविंद कुमार अपर समाहर्ता चतरा, प्रेमलता मुर्मू को अपर समाहर्ता गोड्डा, संजय कुमार दास को अपर समाहर्ता साहिबगंज, राजीव रंजन को निदेशक लेखा प्रशासन एवं संयोजन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण धनबाद, इंदु गुप्ता को बंदोबस्त पदाधिकारी हजारीबाग, परमेश्वर मुंडा को अपर समाहर्ता खूंटी, दीपू कुमार को उपसचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग रांची, विजय वर्मा को आयुक्त के सचिव पर पलामू प्रमंडल, अनंत कुमार को अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था जमशेदपुर, महेंद्र कुमार को विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जमशेदपुर, संजीव कुमार को सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार रांची, अमित कुमार को बंदोबस्त पदाधिकारी पलामू, श्याम नारायण राम को डीडीसी खूंटी, अजय कुमार साहू को निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम जमशेदपुर, अजय कुमार तिर्की को निदेशक लेखा प्रशासन एवं नियोजन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सरायकेला खरसावां के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## झारखंड और बिहार पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर रोक की बनायी रणनीति

वीसी से हुई बैठक में शराब माफियाओं और तस्करों की लिस्ट आदान प्रदान की गयी



**रांची।** झारखंड व बिहार पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री रोकने के रणनीति बनायी है। बुधवार को बिहार के गया जिला की पुलिस और झारखंड के हजारीबाग, पलामू, चतरा और कोडरमा जिला के एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। इस बैठक में शराब माफियाओं और तस्करों की लिस्ट आदान प्रदान हुई। साथ ही कार्रवाई के लिए रणनीति बनाई गई। दूसरी ओर चेकिंग के लिए बॉर्डर पर चेकनाका की तैयारी पर भी चर्चा की गयी, ताकि वहां पर लगातार वाहनों की चेकिंग की जा सके। इसके साथ ही अपराधियों का डाटा भी एक दूसरे के साथ शेयर किया गया। जिससे चुनाव से पहले छापेमारी कर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था को समन्वय बनाकर काम करने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गयी।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

29.02.2024

नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 227

12 बॉयफ्रेंड से शादी करेंगी तापसी पन्नू



## न्यूज डायरी

### कल मोदी आयेंगे धनबाद हर्ल का करेंगे उद्‌घाटन

**धनबाद।** झारखंड के अपने दौरे पर पीएम नरेंद्र मोदी एक मार्च को धनबाद पहुंचेंगे। पीएम वहां सिंदरी हर्ल फैक्ट्री का उद्‌घाटन करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी बरवा अड्डा के पास एक विशाल जनसभा को पीएम संबोधित करेंगे। कारखाना के अंदर एक पंडाल का निर्माण कराया गया है, जिसकी एसपीजी की टीम सोमवार से ही मॉनिटरिंग कर रही है। सुरक्षा के लिहाज से हर्ल के अधिकारी और कर्मचारियों को भी कार्यक्रम स्थल में जाने पर रोक लगा दी गयी है। जानकारी के अनुसार पीएम मोदी 10 बजकर 45 मिनट पर हर्ल कारखाना पहुंचेंगे।

### जम्मू कश्मीर के दो और संगठनों पर बैन : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने बुधवार जम्मू कस्मीर के मुस्लिम कॉन्फ्रेंस (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। इसकी जानकारी देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इनकी गतिविधियां देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ थीं। श्री शाह ने कहा कि देश के खिलाफ जो ऐसा करेगा वो नतीजे भुगतेगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है।

### किसान सम्मान निधि 16वीं किस्त जारी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने देश भर के लाखों गरीब किसानों के खाते में होली से पहले पीएम किसान सम्मान निधि की रकम बुधवार को जारी कर दी। किसान काफी समय से सम्मान निधि की 16वीं किस्त का इंतजार कर रहे थे। देश के करोड़ों किसानों के खाते में बुधवार को 2000 रुपये की रकम ट्रांसफर कर दिया गया।

### सीएम केजरीवाल को आठवां समन जारी

**नयी दिल्ली।** इडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में आप के संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को बुधवार को आठवीं बार समन जारी किया। ईडी ने मुख्यमंत्री को चार मार्च को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है। केन्द्रीय एजेंसी ने 22 फरवरी को सातवां समन जारी किया था। श्री केजरीवाल उसे गैर कानूनी बताते हुए ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वह ईडी के समक्ष तभी पेश होंगे जब अदालत ऐसा करने का आदेश देगी।

### जीएसटी घोटाले का आरोपी कोलकाता में धराया

**जमशेदपुर।** जीएसटी विजिलेंस की टीम ने करोड़ों के जीएसटी घोटाला के आरोपी शिव कुमार देवड़ा को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कर जीएसटी विजिलेंस की टीम अपने साथ जमशेदपुर ले आयी है। जमशेदपुर में आरोपी कारोबारी देवड़ा से गहन पूछताछ की जा रही है।

## झारखंड में उपभोक्ताओं को बिजली का बड़ा झटका, टैरिफ बढ़ा

# शहरी क्षेत्र में 35, ग्रामीण में 50 पैसे पर यूनिट वृद्धि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा झटका लगा है। झारखंड में बिजली महंगी हो गयी है। बुधवार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने 2023-24 के लिए बिजली टैरिफ की घोषणा कर दी। इसके मुताबिक, अब राज्य के शहरी इलाके के उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 35 पैसे अधिक चुकाने होंगे। वहीं ग्रामीण इलाकों के बिजली उपोभोक्ताओं को प्रति यूनिट 50 पैसे ज्यादा भुगतान करना होगा। साथ ही फिक्स्ड चार्ज भी अब अधिक देना होगा। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के टैरिफ बढ़ोतरी प्रस्ताव पर राज्य विद्युत नियामक आयोग ने मुहर लगाते हुए बिजली की दरों में 7.66% टैरिफ बढ़ोतरी की मंजूरी प्रदान की है। बिजली की नयी दरें 1 मार्च 2024 से राज्य में लागू हो जायेंगी।

### ग्रामीण उपभोक्ताओं पर पड़ा अधिक बोझ

ग्रामीण उपभोक्ताओं पर शहरी उपभोक्ताओं से ज्यादा बोझ डाला गया है। ग्रामीण उपभोक्ताओं को पहले प्रति यूनिट 5.80 रुपये का भुगतान करना पड़ता था, जिसे अब बढ़ाकर 6.30 रुपये प्रति यूनिट कर दिया गया है। वहीं, शहरी उपभोक्ताओं के बिल में 35 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गयी है। शहरी क्षेत्र में फिक्स्ड चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में फिक्स्ड चार्ज में 50 फीसदी की वृद्धि कर दी गयी है। ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं को पहले लोगों को 50 रुपये प्रति माह भुगतान करना होता था, अब 75 रुपये प्रति माह देने होंगे।

### जेबीवीएनएल का 2.30 रुपये प्रति यूनिट था प्रस्ताव

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने नये टैरिफ में घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर प्रति यूनिट 2.30 रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव किया था। जेबीवीएनएल ने फिक्स्ड चार्ज में भी भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था, लेकिन, आयोग ने शहरी क्षेत्रों में फिक्स्ड चार्ज में वृद्धि के प्रस्ताव को मानने से इंकार कर दिया। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्र में फिक्स्ड चार्ज में 50 फीसदी की वृद्धि करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

### 7547.15 करोड़ की राजस्व प्राप्ति

आयोग के इस फैसले से झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को 7547.15 करोड़ की राजस्व प्राप्त होगी। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष एके गुप्ता ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि जेबीवीएनएल ने 39.71 प्रतिशत टैरिफ बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था जिस पर सुनवाई करने के बाद आयोग ने विवेक से निर्णय लेते हुए 7.66 प्रतिशत टैरिफ बढ़ोतरी को मंजूरी दी है।



### डीवीसी ने भी दिया बढ़ाने का प्रस्ताव

डीवीसी ने टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग प्राधिकार को भेजा है। डीवीसी ने 5.97 रुपये प्रति यूनिट की टैरिफ को बढ़ाकर 6.32 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव पर आम लोगों से आपत्तियां भी मांगी गयीं हैं।

### कुछ राहत भी

आयोग के अनुसार 5 दिनों के भीतर बिल के भुगतान पर दो प्रतिशत की त्वरित भुगतान छूट उपभोक्ता को मिलेगी। आयोग ने उपभोक्ताओं के लिए कोई मीटिंग शुल्क जारी नहीं रखा है। ऑनलाइन या किसी भी डिजिटल मोड के माध्यम से बिल के भुगतान पर बिल राशि की एक प्रतिशत की छूट दी जायेगी। जिसकी अधिकतम सीमा 250 रुपया है। आयोग ने फिक्स रिचार्ज वसूली आपूर्ति के घंटे नंबरों से जोड़ कर रखा है जिसके तहत 23 घंटा एचटी उपभोक्ताओं के लिए और एलटी उपभोक्ताओं के लिए 21 घंटे निर्धारित किये गये हैं। 21 घंटा से कम बिजली आपूर्ति होने पर क्षतिपूर्ति मिलने का प्रावधान किया गया है। आयोग ने वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 13% प्रस्तावित वितरण हानि को मंजूरी दी है।

### क्या होगी नयी दर

ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को अब 5.80 रुपये के बजाय 6.30 रुपया प्रति यूनिट देना होगा। इसके अलावा 50 रुपया फिक्स्ड चार्ज के स्थान पर अब 75 रुपए भुगतान करने होंगे। इस तरह से 50 पैसा प्रति यूनिट जहां ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को अधिक देना होगा वहीं 25 रुपया फिक्स्ड चार्ज भी अधिक देने होंगे। वहीं शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं को 6.30 रुपये प्रति यूनिट के स्थान पर अब 6.65 रुपये प्रति यूनिट देने होंगे। इस तरह से 35 पैसा प्रति यूनिट अधिक देना होगा। फिक्स चार्ज 100 रुपया में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

## जामताड़ा के कलझारिया स्टेशन के पास बड़ा हादसा

# ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत, कई घायल

**आग की अफवाह से कूदे यात्री, दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गये**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार की शाम बड़ा हादसा हुआ। दरअसल विद्यासागर रेल खंड के कालाझरिया के समीप ट्रेन की चपेट में आने से दो यात्रियों की मौत हो गयी। कई यात्री घायल हैं। इनमें कुछ की हालत गंभीर है। मृतकों में एक की पहचान मनीष कुमार मंडल, पिता तेजनारायण मंडल, सासाराम, भंगहा कटिहार, बिहार के रूप में हुई है। दूसरा सिकंदर कुमार, पिता- आदिकाल यादव, धपरी, झाझा, जमुई के रूप में हुई है। पीएम मोदी और झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने हादसे पर दुख जताया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार डाउन लाइन पर बंगलुरू-यशवंतपुर एक्सप्रेस गुजर रही थी। इस बीच लाइन के किनारे पर पड़ा गिट्टी का डस्ट उड़ रहा था। इस वजह से चालक को ऐसा लगा जैसे ट्रेन में आग लग गयी हो। चालक ने ट्रेन रोक दी। अफरातफरी से अनेक यात्री ट्रेन से नीचे उतर गये। उसी समय अप लाइन में जा रही झाझा-आसनसोल (इएमयू) ट्रेन की चपेट में अनेक यात्री आ गये। इनमें से दो की मौत हो गयी।



### आग की अफवाह से कूदे थे यात्री

बंगलुरू-यशवंतपुर ट्रेन में आग लगने की अफवाह से ट्रेन रुकी थी। ट्रेन रुकते ही यात्री आनन-फानन में कूद पड़े। इसी बीच झाझा-आसनसोल ट्रेन सभी यात्रियों को रौंदते हुए गुजर गयी। रेलवे के अनुसार चेन पुलिंग के कारण ट्रेन रुकी थी। ट्रैक पर आये लोग यात्री थे या आस पास के लोग थे, इसकी भी जानकारी जुटायी जा रही है।

**जांच कमेटी गठितः** हादसे के बाद रेलवे एक्शन में आ गयी और जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी गयी है। वहीं इस हादसे के बाद जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि उन्हें ट्रेन हादसे की सूचना मिली है। ये दर्दनाक हादसा है। उन्होंने जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन से बात कर तत्काल मदद पहुंचाने को कहा है।

## सीयूजे के कन्वोकेशन में बोलीं राष्ट्रपति, झारखंड घर जैसा लगता है

# दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर भारत अग्रसर

- तीन को दिया चांसलर मेडल
- गोल्ड पाने वालों में 50 फीसदी बेटियां
- 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उपाधि प्राप्त करने वाले सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बाबा बैद्यनाथ के क्षेत्र में आकर प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा झारखंड आते ही लगता है, अपने घर आ गयी हूं। बाबा बैद्यनाथ की धरती में आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। इस पवित्र भूमि पर स्थित झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आकर मुझे विशेष हर्ष महसूस हो रहा है। मैं आज डिग्री प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई देती हूं। उन्होंने देश में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जतायी और आदिवासी समाज के विकास की मुख्यधारा में जुड़ाव पर भी खुशी जाहिर की। वह बुधवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड, रांची के तीसरे दीक्षांत समरोह में उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा यहां कैंपस के पास ही स्वर्ण रेखा नदी बहती है, ऐसा कहा जाता है कि उसके जल सेवन मात्र से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। मुझे विश्वास है कि आज विद्यार्थी जीवन से निकलकर चुनौती भरे जीवन में प्रवेश कर रहे हैं, जहां आप यहां से प्राप्त ज्ञान का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आप ही लोगों की बदौलत वर्ष 2030 तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। हमने 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। (शेष 11पर)



**झारखंड आकर लगता है घर आ गयी हूंः** राष्ट्रपति ने कहा कि वह जब भी झारखंड आती हैं तो ऐसा लगता है जैसे अपने घर वापस आ गयी हों। झारखंड से जुड़ाव इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि राज्यपाल के तौर पर यहां कई वर्षों तक जनसेवा का काम किया है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि पर आने का सौभाग्य मुझे खुशी से भर देता है। झारखंड की लगभग 26 फीसदी आबादी आदिवासी है। यहां के सभी लोगों और विशेषकर आदिवासी भाई-बहनों से मेरा जुड़ाव है।

### दरभंगा में बोले राजनाथ - हम चौथे टर्म की बात करने आये हैं

**पटना।** बिहार के दरभंगा में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री और भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनायी। साथ ही उन्होंने कहा, हम सत्ता का आनंद लेने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए तीसरा कार्यकाल मांग रहे हैं। हम यहां तीसरे टर्म के साथ-साथ चौथे टर्म पर भी बात करने आये हैं। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, पीएम मोदी से पहले हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी, लेकिन हमारी सरकार की नीतियों के कारण देश अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमने समस्त भारतवासियों को दो-दो डोज टीका लगाने का काम किया है। अभी आपने देखा होगा कि जिन भारतीय पूर्व नौसैनिकों को कतर की अदालत में फांसी की सजा सुनायी गयी थी, उन सभी की सजा पीएम मोदी ने बात करके माफ करा दी। रक्षा मंत्री ने कहा, कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न हम लोगों ने दिया।

# सरकार शीघ्र करायेगी निकाय चुनाव : भोक्ता

## सदन में ध्यानाकर्षण के जरिये भाजपा ने उठाया मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि राज्य सरकार आयोग से रिपोर्ट आने के बाद निर्णय लेकर जल्द निकाय चुनाव करायेगी। उन्होंने बुधवार को विधानसभा में यह आश्वासन दिया। दरअसल, भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से राज्य में नगर निकाय चुनाव करने का मुद्दा उठाया था। उन्होंन कहा कि सरकार ने चार महीने पहले कोर्ट में शपथ पत्र दिया है कि 6 महीने में निकाय चुनाव कर लेंगे। इस पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि अभी 6 महीने नहीं हुए हैं। आयोग की रिपोर्ट आने पर सरकार निर्णय लेकर समय पर चुनाव करायेगी। उन्होंने कहा, ग्रामसभा की सहमति से पंचायतों में काम हो रहा है। इस पर सीपी सिंह ने कहा कि इन्हें तो कितने पंचायत हैं यह भी मालूम नहीं है। ओबीसी आयोग का अध्यक्ष और सदस्य कौन है, उनका नाम भी पता नहीं है। इस पर मंत्री पंचायतों की संख्या और ओबीसी आयोग के अध्यक्ष व सदस्य का नाम भी बता दिया। श्री मुंडा ने सदन में सरकार को घेरते हुए कहा कि झारखंड में 2023 में ही जब नगर निकायों का कार्यकाल खत्म हो रहा था, तो सरकार ने चुनाव कराने की तैयारी पहले क्यों नहीं की। पिछड़ा वर्ग आयोग पहले क्यों नहीं बनाया गया। सरकार ने चार महीने पहले कोर्ट में शपथ पत्र दिया है कि 6 महीने में निकाय चुनाव कर लेंगे। लेकिन ट्रिपल टेस्ट के लिए पिछड़ा आयोग बनने में ही इतनी देर हो गयी। अब दो महीने में सरकार कैसे चुनाव करायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार हाईकोर्ट के साथ-साथ सदन को भी भी गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों के साथ भी अन्याय हो रहा है। इनके पास कोई अधिकार ही नहीं है। अब तक ओबीसी का सर्वेक्षण भी नहीं कराया गया है। सरकार नगर निकाय व पंचायत चुनाव कराना ही नहीं चाहती है। (शेष 11 पर)

### उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को शिखर तक ले जायेंगे : सीएम चंपई सोरेन



**रांची।** सीयूजे के तृतीय दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि दीक्षांत समारोह में आप सभी के मध्य उपस्थित होना मेरे लिए विशेष गौरव का क्षण है। मैं सफल सभी शोधार्थियों तथा चांसलर मेडल, गोल्ड मेडल और पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर रहे शिक्षार्थियों को विशेष बधाई देता हूं। यह दीक्षांत समारोह आपके शैक्षिक विकास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। (शेष 11 पर)

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## बाबाधाम में महाशिवरात्रि की प्रशासनिक तैयारी शुरू

# आज से शुरू होगी पंचशूल खोलने की परंपरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** बाबा मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारी मंदिर प्रशासन की ओर से जोर-शोर से शुरू कर दी गयी है। महाशिवरात्रि के पूर्व देवघर स्थित बाबा मंदिर सहित परिसर में स्थित अन्य मंदिरों के शिखर पर लगे पंचशूल को खोल कर साफ करने तथा पूजा करने की परंपरा रही है। इसके लिए भी तिथि तथा मुहूर्त के अनुसार पंचशूल उतारा जाता है। महाशिवरात्रि के मौके पर भक्तों को सुलभ जलार्पण कराने व भीड़ नियंत्रण के लिए मंथन चल रहा है। (शेष 11 पर)

### सात को सभी पंचशूल की विशेष पूजा



परंपरा के अनुसार, सात मार्च को राधाकृष्ण मंदिर के बरामदे पर सुबह सात बजे से सरदार पंडा गुलाबनंद ओझा तांत्रिक विधि से बाबा बैद्यनाथ व मां पार्वती सहित सभी मंदिरों के पंचशूलों की विशेष पूजा कर आरती के साथ पूजा को संपन्न करेंगे। इसके बाद गणेश मंदिर से पंचशूल लगाने की परंपरा प्रारंभ होगी। वहीं बाबा व माता के मंदिर में पंचशूल चढ़ने के बाद सरदार पंडा पहला गठबंधन चढ़ा कर गठबंधन चढ़ाने की परंपरा शुरू करेंगे। आठ मार्च को महाशिवरात्रि को रात में चतुष्प्रहर पूजा का आयोजन किया जायेगा।

**पंचशूल खोलने की परंपरा :** बाबा मंदिर इस्टेट पुरोहित श्रीनाथ पंडित ने मंदिर प्रशासन को तिथि को लिखित रूप से उपलब्ध करा दिया है। पंडितजी के अनुसार, गुरुवार को भगवान गणेश के मंदिर से पंचशूल को खोलने की परंपरा शुरू की जायेगी। उसके बाद बारी-बारी से सभी मंदिरों के शिखर पर लगे पंचशूल खोले जायेंगे। पंचशूल खोलने की परंपरा भोला भंडारी के अगुवाई में मंदिर में कार्यरत भंडारी के द्वारा किया जायेगा। उसके बाद मंदिर प्रशासनिक भवन में इसकी सफाई की जायेगी। वहीं छह मार्च को दोपहर तीन बजे के बाद बाबा व माता पार्वती मंदिर के शिखर से पंचशूल को एक साथ उतारा जायेगा। इसके पहले दोनों मंदिरों में लगे गठबंधन को खोला जायेगा। पंचशूल खोलने के बाद बाबा व माता के मंदिर के पंचशूल का मिलन कराया जायेगा। इस दृश्य को देखने के लिए भारी संख्या में लोग मंदिर में मौजूद रहेंगे तथा पंचशूल को स्पर्श कर आशीर्वाद लेते हैं।

# बजट सत्र में भाग नहीं ले पायेंगे हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के मामले में बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। कोर्ट ने हेमंत सोरेन की याचिका को खारिज कर दिया। सोमवार को दोनों पक्षों की सुनाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इडी कोर्ट द्वारा हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा के चालू बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी थी। इसके खिलाफ वह हाइकोर्ट गये थे और चुनौती याचिका दायर की थी। हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअल मोड में पक्ष रखा था। वहीं वर्चुअल मोड में सुनवाई में ईडी की ओर से एएसजीआइ एसवी राजू ने पक्ष रखा था। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू हो चुका है, जो 2 मार्च तक चलेगा। हेमंत सोरेन की ओर से 29 फरवरी, 1 मार्च एवं 2 मार्च को बजट सत्र में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग कोर्ट से की गई थी। (शेष 11 पर)

## आज का राशिफल
**29 फरवरी 2024**

मेष : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

वृष : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यो का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें।

मिथुन : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा।

कर्क : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

सिंह : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

कन्या : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

तुला : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

वृश्चिक : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

धनु : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

मकर : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें।

कुंभ : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

# अल्पसंख्यक समुदाय के हित से जुड़े विषयों पर आजसू ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षा, विकास, संवैधानिक अधिकार से जुड़े मामलों पर कार्रवाई को लेकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल से अल्पसंख्यक समुदाय के हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। हज यात्रियों के सुविधा को लेकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची को पुनः इम्बार्केशन प्वाइंट बनाने, 4401 स्वीकृति उर्दू सहायक शिक्षक के रिक्त रहे 3712 पदों पर बहाली करने, मदरसा आलिम और फाजिल की परीक्षा विश्वविद्यालय से कराने, अल्पसंख्यक समुदाय न्याय व हितों की रक्षा की मांग आजसू पार्टी द्वारा की गई।प्रतिनिधि मंडल में शामिल आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष मो. हसन अंसारी ने कहा कि सरकार के भेदभाव पूर्ण नीति एवं संरक्षण में लगातार अल्पसंख्यक समुदाय के साथ ज्यादती व अन्याय हो रहे है राज्य के विभिन्न जिलों में फर्जी और मनगढ़ंत केस को आधार बनाकर मुकदमें किये जा रहा है ऐसे सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच एवं न्याय दिलाई जाए।

हसन अंसारी ने बताया कि झारखंड से प्रतिवर्ष 3000-3200 हज यात्री हज करने के लिए जेद्दा (सउदी अरब) जाते हैं जिसके लिए 2009 से लेकर वर्ष 2019 तक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची, झारखंड इम्बार्केशन प्वाइंट था जिसे 2020 में समाप्त कर कोलकाता एयरपोर्ट, प्ि‍म बंगाल को इम्बार्केशन प्वाइंट बनाया गया। इस व्यवस्था परिवर्तन के चलते झारखंड के हज यात्रियों को आर्थिक, मानसिक व शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, और झारखंड सरकार हज यात्रियों के इस परेशानी का समाधान करने में कोई सार्थक पहल नहीं कर रही है। इस वर्ष 2024 में भी लगभग 3000 लोग झारखंड से हज यात्रा के लिए जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल द्वारा उर्दू भाषा की समृद्धि और पढ़ाई के लिए उर्दू शिक्षकों की बहाली और आलिम (बीए) और फाजिल (एमए) डिग्री लेने वाले छात्र सरकारी नौकरी जेपीएससी, जेएससीसी कि नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो रहे है इसके लिए लंबित प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए आलिम एवं फाजिल डिग्री की परीक्षा रांची विश्वविद्यालय से कराए जाने की मांग राज्यपाल से की गई। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो, महासचिव नजरुल हसन हाशमी, महासचिव खालिद खलील, संगठन सचिव एस अली, सचिव मोहसिन खान शामिल थे।

# केज में मछली पालन कर लाखों रुपये कमा रहे किसान, सचिव ने दिये टिप्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** गेतलसूद डैम में पंगेशियस और तिलापिया मछली की खेती केज में की जा रही है। ये केज की खेती का एक बड़ा केन्द्र है। आसपास के सोलह गांवों के किसान केज में खेती कर रहे हैं। ये सभी मत्स्य पालन सहकारी समितियों के सदस्य हैं। ये सभी मछली पालक जीआई पाइप या मॉड्यूलर केज का उपयोग कर रहे हैं। उनके मुताबिक एक केज का औसत उत्पादन तीन से चार टन है। डैम के पानी में गोते लगातीं केज में बंद मछलियां। अगर कभी आप देखना चाहें कि केज में मछलियां कैसे पाली जा रही हैं, तो आप रांची के गेतलसूद डैम में ये नजारा देख सकते हैं। यहां के मछली पालक केज में ही मछली पालन कर लाखों रुपये कमा रहे हैं। केज कल्चर में मछली पालन को देखा और मछली पालकों को कुछ टिप्स भी दिये। गौरतलब रहे साल 20212-13 में मछली पालन से जुड़ीं नीली क्रांति, आरकेवीवाई और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना योजना के तहत इसकी शुरूआत की गई थी। इस डैम के पानी में 365 ऐसे पिंजरे तैयार किए गये हैं। जहां पर तिलापिया और पंगासियस मछली का पालन किया जा रहा है। तिलापिया को मछलियों का चिकन भी कहा जाता है। क्योंकि इसमे प्रोटीन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है।

### 32 लाख हेक्टेयर के जलाशयों में मछली पालन का मौका

इस मौके पर सचिव डॉ अभिलक्ष लिखी ने केज में मछली पालने वाले किसानों से उनके मुद्दों और चुनौतियों पर बात की। उन्हें कई तरह के टिप्स दिये। साथ ही उन्होंने ये जानकारी भी दी कि हमारे देश में अनुमानित 32 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल के जलाश्य हैं।वहीं सरकारी स्कीम पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि नीली क्रांति पर सीएसएस के तहत 2015-16 से 2019-20 के दौरान मछली पालन विभाग, भारत सरकार द्वारा शुरू की गईं। मत्स्य पालन योजना एकीकृत विकास और प्रबंधन के तहत 14022 पिंजरों को मंजूरी दी गई है।

# खोरठा विभाग ने वरिष्ठ साहित्यकार शिवनाथ प्रमाणिक को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** खोरठा के वरिष्ठ साहित्यकार शिवनाथ प्रमाणिक का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। डीएसपीएमयू के खोरठा भाषा विभाग में बुधवार को शोक सभा का आयोजन किया गया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा किया गया। शोक सभा कि अध्यक्षता खोरठा भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष सह टीआरएल संकाय के समन्वयक डॉ बिनोद कुमार ने की। उन्होंने कहा कि शिवनाथ प्रमाणिक खोरठा साहित्य के प्रमुख स्तंभ थे, जिन्होंने खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद का गठन करने के साथ-साथ बोकारो सहित पूरे खोरठांचल में खोरठा भाषा-साहित्य व संस्कृति के लिए जन जागरण चलाया। उन्होंने कहा कि वे अपनी लेखनी से झारखंड आंदोलन को भाषाई आंदोलन का स्वरूप देकर लोगों को जागने का काम किया। खोरठा भाषा, साहित्य व संस्कृति के संरक्षण व संवर्द्धन में प्रमाणिक जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने छात्रों से उनके सपनों को साकार करने की बातें कहीं। सहायक प्राध्यापक डॉ अजय कुमार ने कहा कि शिवनाथ प्रमाणिक का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है।

वे खोरठा साहित्य के महान जनवादी, संस्कृतिवादी लेखक, कवि थे। प्रमाणिक जी खोरठा भाषा साहित्य के प्रमुख स्तंभ के रूप में थे, जिन्होंने अपनी लेखन शैली से खोरठा साहित्य को समृद्ध किया, साथ ही अपनी लेखनी से यहाँ की भाषा संस्कृति को जगाने का कार्य करते रहें।

उनकी प्रमुख रचनाओं में मइछगंधा, दामोदरेक कोराञ, रुसल पुटुस, तातल आर हेमाल आदि प्रसिद्ध है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापिका सुशीला कुमारी एवं विभाग के छात्र-छात्राएं व शोधार्थी उपस्थित थे।

# संत जेवियर में मेरा पहला वोट देश के नाम अभियान



**रांची।** भारतीय निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को संत जेवियर महाविद्यालय में इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर मतदाता शपथ पत्र, हस्ताक्षर अभियान एवं फिल्म स्क्रीनिंग के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मियों एवं छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर नबोर लकड़ा, उपप्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, उपप्राचार्य डॉ फादर अरुण मिंज, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर, संध्याकालीन प्रभारी प्रो ज्योति टेटे, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ अनिरबान गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये राजेंद्र बाबू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद के बहुआयामी विलक्षण व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि वे एक महान देशभक्त थे। देश सेवा की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी हुई थी। अपने सफलतम वकालत का कैरियर छोड़कर भारत के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में भाग लिया था। वक्ताओं ने कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद अपने जीवन काल में दो बार अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। अपने अध्यक्षीय काल में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान समस्त भारतवर्ष आंदोलन को नई दिशा देने का कार्य किया।देश की आजादी के प्ात संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष नियुक्त किये गये और उसी संविधान के अनुसार 26 जनवरी 1950 को भारत को एक स्वतंत्र प्रजातंत्र राष्ट्र घोषित किया गया। मौके पर अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, जगदीश साहु, खुर्शीद हसन रूमी, सुरेन राम, प्रेम कुमार, अख्तर अली, रमेश उरांव, दिनेश लाल सिन्हा, बुद्धिसागर तिर्की, गुलाम रब्बानी, प्रभात कुमार, दामोदर राम, राजीव प्रकाश चौधरी, संजीव सिन्हा, विनय हेम्ब्रोम आदि शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 52% आरक्षण मिले : राजेश गुप्ता

**रांची।** क्या कारण है कि ओबीसी समुदाय का आरक्षण जब बढ़ाना होता है तो सुप्रीम कोर्ट आड़े आ जाती है। देश और राज्यों में ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 52% आरक्षण की व्यवस्था की जाये। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने राज्यपाल के बयान के उपरांत कही। मालूम हो कि जमशेदपुर में बीते मंगलवार को राज्यपाल ने कहा था कि राज्य सरकार द्वारा आरक्षण बढ़ाने के बिल को असंवैधानिक तौर पर खारिज करना ही होगा। श्री गुप्ता ने कहा कि देश में राष्ट्रीय स्तर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ईडब्ल्यूएस (अगड़ी जाति)का आरक्षण लगभग उनकी जनसंख्या के बराबर क्रमशः 15%, 7%, व ईडब्ल्यूएस को10% दी जा रही है। झारखंड स्तर पर जनसंख्या अनुपात में अनुसूचित जाति 10% अनुसूचित जनजाति 26% ईडब्ल्यूएस अर्थात अगड़ी जाति 10% ओबीसी की आबादी राज्य में 55% और आरक्षण 14% है। वहीं, 1931 के जनगणना के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर 52% आबादी वाले ओबीसी समुदाय को आरक्षण सिर्फ 27 परसेंट ही क्यों? ओबीसी के आबादी के अनुसार 52% क्यों नहीं? जब जब इस वर्ग का आरक्षण बढ़ाने की बात आती है तो सुप्रीम कोर्ट का सहारा ले कर आरक्षण कम दी जाती है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दास मोदी से मांग करता है कि जब सभी वर्गों का उनके जनसंख्या अनुपात में आरक्षण प्राप्त हो गया तो ओबीसी को उनके जनसंख्या का अनुपात में 52% आरक्षण की व्यवस्था अविलंब की जाये।

### कामेश्वर चौपाल का गर्मजोशी से किया स्वागत



**रांची।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल एवं तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण का भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में बड़ा तालाब स्थित शिव मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। स्वागत समारोह में मुख्यरूप से शंकर दुबे, डॉ प्रकाश कुमार, प्रणय कुमार, महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष अशोक पुरोहित, कार्यकारी अध्यक्ष राज किशोर विश्व हिन्दू परिषद के महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, श्री चैती दुगार्पूजा समिति के महामंत्री गोपाल पारीक कोषाध्यक्ष संजय सिंह लल्लू एवं श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह उपस्थित थे । कार्यक्रम में उपेन्द्र रजक, प्रकाश चंद्र सिन्हा, पिंटू तिवारी, आकाश दुबे, शाहिल कुमार, सुमित साहू, रणधीर रजक, राणा हर्षवीर, इंदर सिंह, वेणु गोपाल, मनीष मिश्रा, विशाल कुमार शामिल थे।

### कैबिनेट की बैठक आज लिये जायेंगे कई निर्णय

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक गुरुवार को होगी। इसकी अध्यक्षता सीएम चंपाई सोरेन करेंगे। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। बैठक गुरुवार की शाम 4 बजे या विधान सभा की बैठक के तुरंत बाद, जो भी बाद में हो, होगी। मालूम हो कि मंगलवार को चंपाई सरकार ने बजट पेश किया है। इसमें कई वायदे हैं। कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित कई प्रस्तवों पर मुहर लग सकती है।

### नागपुरी फिल्म जतरा कल होगी रिलीज

**रांची।** नागपुरी फिल्म जतरा 1 मार्च को रिलीज होगी। यह जानकारी बुधवार को फिल्म निर्माण से जुड़े रंजू मिंज ने दी। साथ ही बताया कि इस साल की नागपुरी भाषा में बनी फिल्म **जतरा एक प्रेम कथा** रिलीज मार्च में होने जा रही हैं। टिकट की बुकिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन हो रहा है। फिल्म में मुख्य भूमिका में मधु मंसूरी हंसमुख, सुनील करण, चांदनी बड़ाइक, दीपक लोहार, कुणाल भारती, मंजू तिवारी, डोला आदि हैं।

### राज्य सरकार ने हर वर्ग को दी है सौगात : अमन

**रांची।** एनएसयूआइ कार्याध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की राज्य सरकार का बजट स्वागत योग्य है । यह बजट किसान, मध्यवर्गीय, महिला, छात्र, युवा सभी के हित में है, सभी के विकास पर जोर दिया गया है । बजट में 21 नये कालेज और 4 महिला महाविद्यालय का मार्ग प्रशस्त होना सुखद है। उच्च शिक्षा के लिए यह प्रभावशाली कदम होगा । इस घोषणा से ग्रामीण परिवेश से उच्च शिक्षा हासिल करनवालों को लाभ होगा।

# श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 1 मार्च से

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव का आयोजन 1 से 3 मार्च तक किया जाएगा। बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में श्री श्याम परिवार के अध्यक्ष श्रवण जालान एंव महामंत्री मुटू जालान ने बताया कि श्रृंगारित रथ पर विराजित श्री श्याम प्रभु की झांकी निकाली जाएगी। कार्यक्रम संयोजक कमल जालान ने बताया कि दिनांक 1 मार्च को लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री गणेश पूजन के साथ श्याम प्रभु की अखंड ज्योत प्रजवल्लीत की जायेगी एवं श्री श्याम प्रभु की हवन पूजन आरम्भ की जाएगी। 2 मार्च लक्ष्मी नाश्रृंगारित रथ पर विराजित श्री श्याम प्रभु की झांकी निकाली जाएरायण मंदिर से भव्य निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 251 महिलाये एवं पुरूष पारम्परिक राजस्थानी वेषभूशा में श्याम प्रभु के पवित्र निशान लेकर चलेंगें। 3 मार्च को भंडारा का आयोज किया जाएगा। इस मौके पर मंत्री मंटू जालान, अशोक धानुका, जयदीप राज, पवन लोहिया, राहुल अग्रवाल, अमित चौधरी, पवन जालान, गोपाल चंगाल, शपवन शर्मा, अजय केडिया सहित अन्य लोग ' मौजूद थे।

# एमएमके स्कूल के बच्चों ने विज्ञान केंद्र का किया भ्रमण



**रांची।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बुधवार को एमएमके हाई स्कूल बरियातू के बच्चों ने रांची विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया। मौके पर अभिषेक कुमार ने छात्रों को विज्ञान एवं स्वदेशी तकनीक एवं उसके उपयोग के तरीका बताया। इस दौरान छात्रों ने विज्ञान केंद्र के विभिन्न उपकरणों के साथ-साथ तारामंडल में विभिन्न उपग्रह के बारे में जानकारी प्राप्त किया। यह जानकारी विद्यालय के निदेशक डॉक्ट तनवीर ने दिया।

# शिक्षक अपना पूरा ध्यान विद्यालय पर दें : डीइओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** शिक्षक बेवजह कार्यालय ना आकर अपना पूरा ध्यान विद्यालय में छात्रों पर केंद्रित करें। शीघ्र ही विद्यालयों का निरीक्षण प्रारंभ किया जायेगा। ये बातें जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद ने झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल से कही। उन्होंने कहा कि विद्यालयों से संबंधित सभी तरह के समस्यायों का निराकरण करके शैक्षिक पृष्ठभूमि को मजबूत किया जायेगा। बुधवार को झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ रांची इकाई के जिला अध्यक्ष सफदर इमाम और सचिव मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षकों ने नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संघ द्वारा जिले में माध्यमिक शिक्षक और कर्मियों के विभागीय समस्याओं और शिक्षा के उन्मुखीकरण पर डीइओ के साथ चर्चा की गई। इस अवसर पर संघ के प्रमंडलीय सचिव कुर्बान अली, उपाध्यक्ष भावेश महतो, कोषाध्यक्ष सफदर इमाम, शैक्षिक परिषद के संयोजक अद्वैत चैतन्य, संयुक्त सचिव प्रेम साहू, संघ के कार्यकारिणी सदस्य अभिलाषा, अनिता कुमारी, इफ्तेखार आलम, विवेक कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# जामा मस्जिद डोरंडा के बुलंद दरवाजा का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** डोरंडा जैप 1 स्तिथ जामा मस्जिद के बुलंद दरवाजा का उद्घाटन मस्जिद के सदर व झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता मो० कैसर आलम की अध्यक्षता मे किया गया।प्रोग्राम की शुरूवात जामा मस्जिद डोरंडा के इमामो खतीब व सज्जादा नशी खानकाह मजहरिया मुनअमिया फिरदौस नगर डोरंडा व बिहार अल हाज हजरत मौलाना सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी साहब एवं खानकाह-ए-कारीमिया अशरफिया के शहजादा नशीं हजरत गुफरान अशरफी भीटो शरीफ बिहार ने किया। मौके पर कुरान पाक की तिलावत मस्जिद के इमाम ओवेश रजा कादरी ने किया। वही फातिहा खानी मे हजरत मौलाना सैयद शाह अल्कामा शिबली कादरी,शहर काजी मौलाना तौफीक अहमद कादरी के साथ डोरंडा के सभी मस्जिदों के इमाम, मरकजी मस्जिद के ईमामो खतीब कारी आफताब जिया,पारसटोली मस्जिद के इमामो खतीब हजरत मौलाना कलीम,मस्जिद अबू हनीफा के इमामो खतीब हजरत मौलाना मुफ्ती सद्दाम और मदरसा गुलशन-ए-असदकी के हजरत मौलाना हाफिज मजहर मौजूद थे।मौके पर झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के वकील जनाब शोएब,वार्ड 45 के निवर्तमान पार्षद नसीम गद्दी, झारखंड आंदोलनकारी जबिउल्लाह,मो० इकबाल, सैय्यद नौशाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पांच वर्षीय इंटीग्रेटड 20 कोर्सों के पास आउट 1739 अभ्यर्थियों को मिली डिग्री

# तीन बेस्ट ग्रेजुएट को मिला चांसलर मेडल, गोल्ड मेडल पाने वालों में 50 फीसदी बेटियां : राष्ट्रपति

**सीयूजे का तीसरा दीक्षांत समारोह**



**एजुकेशन रिपोर्टर**

**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत का मुख्य समरोह का आयोजन बुधवार को दोपहर 12 से शुरू हुआ जो दिन के एक बजे चला। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 3 बेस्ट ग्रेजुएट को चांसलर मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं अन्य अतिथियों द्वारा 64 टॉपरों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। साथ ही यूजी-पीजी पांच वर्षीय इंटीग्रेटड 20 कोर्सों के पास आउट 1739 अभ्यर्थियों को डिग्री दी गई। इसके अलावा 25 रिसर्च स्कॉलरों को पीएचडी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। राष्ट्रपति ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। प्रत्येक बाधा और अवरोध को पार करके वे सफलता प्राप्त कर रहीं हैं। समाज के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में उभर रही हैं। इससे पहले वीसी प्रो. क्षिति भूषण दास ने यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास द्वारा लिखित पुस्तक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रभावः पूर्वी भारत के स्कूलों का एक अध्ययन का विमोचन किया गया। समारोह में राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भीं थीं।

### शिक्षा आजीवन चलने वाली गतिविधि : गवर्नर




राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालय ने आपको सिर्फ एक डिग्री से कहीं अधिक से सुसज्जित किया है। इसने आपके अंदर उत्कृष्टता, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्यों को स्थापित किया है। आप राष्ट्र की आशा और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। याद रखें कि शिक्षा केवल एक डिग्री नहीं बल्कि जीवन भर चलने वाली गतिविधि है।

**छात्र यूनिवर्सिटी के ब्रांड एंबेसडर :** राज्यपाल ने कहा कि छात्र यूनिवर्सिटी के ब्रांड एंबेसडर होते हैं। जब ये छात्र सफलता प्राप्त करते हैं, तो इससे संस्थान को भी पहचान मिलती है। इस प्रकार, हमारे छात्रों की उपलब्धियां न केवल उनकी जीत का प्रतीक हैं बल्कि वे जिस संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हैं उसकी प्रतिष्ठा और विरासत में भी योगदान देती हैं। विद्यार्थियों को अपने शैक्षिक कौशल का उपयोग समाज की बेहतरी के लिए भी करना चाहिए।



### विवि के विकास में भूमिका निभायेगी सरकार : सीएम



सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विकास में सरकार अपनी भूमिका का निर्वहण करेगी। वहीं प्रो. जय प्रकाश लाल ने कहा कि छात्रों को जीवन में अकादमिक उन्नति के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर भी ध्यान देना आवश्यक है। दीक्षांत समारोह में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव राहुल पुरवार, विभागीय अधिकारी विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, सीयूजे के विभिन्न विभागों के एचओडी, डीन समेत शिक्षक थे।

**रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण**

# दुर्घटना के बाद एनएचएआइ ने सतर्कता बरतने का दिया निर्देश

**प्रोजेक्ट के अधिकारियों और संवेदक के साथ होगी बैठक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रातू रोड एलिवेटेड रोड निर्माण के दौरान विगत दिनों छड़ गिरने से युवती के सिर फटने की घटना को एनएचएआइ ने गंभीरता से लिया है। संवेदक केसीसी बिल्डकॉन को आवश्यक सुरक्षा कार्रवाई करने को कहा ताकि भविष्य में इस तरह की कोई अनहोनी फिर से न हो जाये। एनएचएआइ ने कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। एनएचएआइ के अधिकारी जल्द ही इस संबंध में प्रोजेक्ट के अधिकारियों और संवेदक के साथ बैठक भी करेंगे। एनएचएआइ इसके अलावा सभी रोड व ब्रिज की परियोजनाओं में सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा करेगा। हर जरूरी कदम उठाने के लिए संवेदकों को दिशा-निर्देश दिये जाने की तैयारी है, ताकि सड़क पर चल रहे राहगीरों को कोई नुकसान न हो। आवागमन भी सुगम रहे इस पर भी फोकस किया जायेगा।

# राज्य में 4 मार्च तक रहेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर, एक मार्च से तापमान में वृद्धि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के मौसम में आनेवाले दिनों में बदलाव जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 4 मार्च तक राज्य में छिटपुट बारिश का असर जारी रहेगा। हालांकि इस दौरान किसी किसी दिन मौसम साफ रहने की भी संभावना है। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में ये बदलाव देखा जायेगा।

वहीं, बीते मंगलवार को राज्य के पश्चिमी, मध्य और दक्षिणी हिस्से में बारिश हुई। इस दौरान कुछ हिस्सों में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि दर्ज की गयी। ओलावृष्टि राज्य के पलामू, लातेहार और गढ़वा जिले में हुई। वहीं सबसे अधिक बारिश 42.4 एमएम मांडर में दर्ज की गयी। इसके साथ ही गढ़वा में 10.2, खूंटी में 35, गुमला में 24, सिमडेगा में 16.5, किरीबुरू और लोहरदगा में 6.5 एमएम बारिश दर्ज की गयी। इसके साथ ही छिटपुट बारिश पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, बोकारो और हजारीबाग में दर्ज की गयी।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 29 फरवरी और 1 मार्च को राज्य का मौसम साफ रहेगा। वहीं 2 से 4 मार्च तक राज्य के उत्तर पश्चिमी और मध्य हिस्से में बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ हिस्सों में थंडरिंग के साथ तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। तापमान की जानकारी देते हुए मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि 1 मार्च से न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी, जो तीन डिग्री तक की होगी। राजधानी रांची की बात करें तो 29 फरवरी और 1 मार्च को राजधानी का मौसम साफ रहेगा। 2 मार्च को राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। 2 से 3 मार्च तक राजधानी में बारिश होगी।

# झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स शहर की यातायात समस्याओं पर चिंतित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की बैठक बुधवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुई। शहर में यातायात की समस्या पर सदस्यों ने चिंता जताई और कहा कि निर्माणाधीन फ्लाईओवरों के पास बाईलेन टूटी-फूटी अवस्था में हैं। जिससे आये दिन दुर्घटना हो रही है। बाईलेन और एप्रोच रोड की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग सुविधा और सुरक्षा से वंचित हैं। सर्कुलर रोड में भी पीएचडी विभाग द्वारा सडक पर गड्ढे खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है। जिससे नियमित रूप से वहां गाडियां फंस जाती हैं। इलाके में धूल उड़ने के कारण भी लोग परेशान हैं। सड़क और फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में संलग्न एजेंसी/विभाग को इसकी समीक्षा करनी चाहिए। व्यापारियों की ओर से प्राप्त शिकायत पर चैंबर अध्यक्ष ने जल्द ही ट्रॉफिक एसपी के साथ बैठक करने की बात कही।

बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गप्तानी, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक रामाधीन, नवजोत अलंग, प्रवीण लोहिया, रोहित अग्रवाल, साहित्य पवन, संजय अखौरी, सुनिल सरावगी, विमल फोगला, पूर्व अध्यक्ष अरूण बुधिया, उप समिति चेयरमेन आनंद कोठारी, रमेश साहू, सुशील चौधरी, अमित अग्रवाल, अंकिता वर्मा, विजयशंकर, शशांक भारद्वाज, कुणाल विजयवर्गीय, माला कुजूर, मुकेश पांडे, किशन अग्रवाल उपस्थित थे।

# रांची महानगर महिला कांग्रेस ने शिविर का किया आयोजन



**रांची।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा व प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के निर्देश पर रांची महानगर महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष नीतू देवी की अध्यक्षता में आज हिंदपीढी, हटिया, किशोरगंज में नारी न्याय, हम तैयार हैं शिविर का आयोजन किया गया। रांची महानगर महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष नीतू देवी ने कहा कि महिलाओं को अपनी शक्ति को पहचाननी चाहती, क्योंकि महिलाओं को घर संवारने और चलाने की संपूर्ण जिम्मेवारी होती है। वर्तमान भाजपा के मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई चरम पर पहुंच गई, इससे गृहणियां सबसे ज्यादा प्रभावित और प्रताड़ित है। उज्वला योजना के द्वारा महिलाओं को फ्री गैस सिलेंडर दिया गया लेकिन आर्थिक दंगी के कारण दोबारा गैस सिलेंडर को भरा नहीं सकी। इसलिए चाहिए की 2024 में मोदी सरकार को आम चुनाव में सत्ता से बेदखल करने के लिए आगे आएं। इस अवसर पर प्रखंड महिला अध्यक्ष संध्या देवी, रीता देवी, निर्मला कुमारी सीमा हेमरोम और प्रखंड अध्यक्ष राज अरोड़ा और सुममी देवी जी उपस्थित हुई।

## मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष झामुमो का उपवास कार्यक्रम 13वें दिन भी जारी

# सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं : झामुमो




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा षड्यंत्र पूर्वक कार्रवाई के विरोध में रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के समक्ष झामुमो का उपवास कार्यक्रम 13वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान झामुमो सिमडेगा जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना भी उपस्थित रहे। जिसमें सिमडेगा जिला समिति के साथ रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में रांची जिला समिति शामिल हुई। मौके पर झामुमो सिमडेगा जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा जिस तरीके से हेमंत सोरेन जी को षड्यंत्र और साजिश के तहत जेल भेजा गया, जिस जमीन का घोटाला बताकर उनको जेल भेजा गया है। पूरा राज्य और देश जान रहा है कि उसमें हेमंत सोरेन जी का कहीं कोई नाम नहीं है। जिस तरह से हेमंत सोरेन ने अपने 4 वर्षों के कार्यकाल में विकास की एक लंबी लकीर खींची है और इसी कारण भाजपा के पास कोई एजेंडा न रहने के कारण साजिश कर उन्हें फंसाया गया। राज्य की साढ़े 3 करोड़ जनता हेमंत सोरेन के साथ है, सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। बहुत जल्द हेमंत सोरेन हमारे बीच होंगे। लोग उनके लिए लोग गिरजा घरों में, मंदिर में पूजा, मस्जिद में मन्नत और दुआएं कर रहे हैं।

रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम जी ने कहा उपवास कार्यक्रम के तहत आज 13वें दिन सिमडेगा जिला अध्यक्ष जी की अध्यक्षता में यह उपवास कार्यक्रम चल रहा है, और साथ ही हमारा न्याय यात्रा भी सभी पंचायत, प्रखंडों में चल रहा है।

उपवास कार्यक्रम में सिमडेगा जिला से बसंत लोंगा, मो शाहिद, बिरजू कांडुलना, फिरोज अली, सफीक खान, अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग, नुवास केरकेप्ता, बिपिन कुल्लु, कल्याण मिंज, सिकंदर बरवा सभी वर्ग संगठन के अध्यक्ष सचिव एवं पदाधिकारी थे। वहीं रांची से सुशीला एक्का, पवन जेडिया, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरू साहू, डॉ हेमलाल मेहता, एजाज शाह, अंतू तिर्की, तालकेश्वर महतो, अरुण वर्मा, लालजी रमण, बबलू राम, जिला प्रवक्ता अरविन्द सिंह देवल, संगठन सचिव आदिल इमाम, आफताब आलम, कुदुस अंसारी, अलबीन लकड़ा, विकास तिर्की, अंशु एक्का लकड़ा, बच्चन उरांव, महादेव मुंडा, फरीद खान, विलियम रिचर्ड लकड़ा, राजेश सिंह, निखिल, अजीत लकड़ा, सोनू मुंडा, अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, कासिफ रजा, प्रदीप मिर्धा, शमीम बढ़ेहार, अरुण तिर्की, कयूम अंसारी, सोहेल खान, नवीन तिर्की, राकेश वर्मा, हरिश महतो, विजय रविदास, भोलू मलिक एवं अन्य कई कार्यकर्त्ता शामिल हुए।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla**

**Request for Proposal/E-procurement Tender Notice**

Request for Proposal No ...NIT No.- GML/NP/05/2023-24 (Solid Waste Management)
Dated : 28.02.2024

Request for Proposal are invited on behalf of **GUMLA NAGAR PARISHAD (GNP)**, Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies / firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works:

| Sl No | Description of Package | Estimated Capital & O&M Cost (Rs. in lac) | Earnest Money (Rs. in lac) | Tender Fee (Rs.) | Completion Period) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection & Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up & operation of Material Recovery facility, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating a Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary Landfill Facility in municipal area as per SWM Rules 2016 & SBM 2.0 guidelines, for Gumla Nagar Parishad in Jharkhand, on a long-term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M | 1,096.37 & 11,104.72 | 10.96 | 25,000/- | 16 Month Construction & 20 Yrs. O&M |
| 2 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 01.03.2024 by 04:00 PM | | | |
| 3 | Last date for receiving queries | 11.03.2024 by 02.00 PM | | | |
| 4 | Pre bid meeting | 11.03.2024 by 02.00 PM | | | |
| 5 | Last Date/Time for Receipt of Bid Online | 22.03.2024 By 4:00 PM | | | |
| 6 | Opening of technical bid | 27.03.2024 By 04.00 PM | | | |
| 7 | Official Inviting Tender | Administrator, Gumla Nagar Parishad, Gumla | | | |
| 8 | Mobile Number | +91-8102049391 | | | |
| 9 | E-mail | nagarparishadgumla@gmail.com | | | |
| 10 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | | |

Only e-tenders are acceptable. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Contractor Should be registered in appropriate class as per NIT
3. Estimated Cost/Quantity May vary

**Administrator**
**Gumla Nagar Parishad**
**Gumla, Jharkhand**

PR 320755 (District) 23-24 (D)



**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालीन**
**द्वितीय डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–02/2024**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय वर्श 2023–24 में (दिनांक–01.04.2024 से 31.03.2025 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक–07.03.2024 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाताहै।

| क्र0स0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2024–25 लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैक्सी बस स्टैण्ड | 299800.00 | 29980.00 | दिनांक–07.03.2024 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत ,डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकताहै।

प्रशासक,
नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR.NO.320632 Urban Development(23-24):D



**कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा**

**(द्वितीय) अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2023–24**
**दिनांक–27.02.2024**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र में कोडरमा टैम्पु स्टैण्ड का बन्दोबस्ती वर्ष 2024–25 के लिये खुले डाक द्वारा दिनांक 07.03.2024 को 2:00 बजे अपराह्न से E-Procurment कमिटि के अध्यक्ष, अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाक धारी जो कोडरमा नगर पंचायत के निवासी हो वे भाग लेने हेतु दिनांक 05.03.2024 को कार्यालय से बीड आवेदन पत्र क्रय कर एवं दिनांक 06.03.2024 को बीड आवेदन पत्र भर कर निम्न जमानत राशि का ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक के साथ जमा करना अनिवार्य होगा एवं डाक की शर्ते कार्यालय दिवस में नगर पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

| क0 सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित राशि | डाक में भाग लेने हेतु जमानत राशि | बीड आवेदन पत्र का मुल्य | बन्दोबस्ती की अवधि | बन्दोबस्ती तिथि/ समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | कोडरमा टैम्पु स्टैण्ड | 263120.00 | 26312.00 | 500.00 | 01.04.2024 से 31.03.2025 तक | 07.03.2024 / 02:00 बजे अपराह्न |

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 320670 Urban Development(23-24).D



**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद, रामगढ़**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–निविदा सं0 :– ZP/RAMGARH/06/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र.सं. | प्रखण्ड | पंचायत/ ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु0) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गोला | मगनपुर | गोला–जांगी के विश्वकर्मा स्थल से लेकर सोहन करमाली के घर तक एवं महलीडीह स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 6216500 | 125000 | 10000 | 06 (छः) माह |
| 27 | माण्डू | कुजू पूर्वी | कुजू कुन्दरीया मे धनेश्वर मराण्डी के घर से स्कुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 8258300 | 166000 | 10000 | 06 (छः) माह |

1. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 02.03.2024
2. ई–निविदा डालने/प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 02.03.2024 से दिनांक 07.03.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक – 09.03.2024 को अपराह्न 4:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता– जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
5. ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0– 9801557645
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल *Online mode* द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते मे अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है। तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
8. निविदा Double Bid पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, रामगढ़

PR 320741 District(23-24).D



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, HAZARIBAG**
**JULU PARK, HAZARIBAG PIN - 825301**

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tenders in two parts (Part-I Technical & commercial) and Part –II price part subscribed on sealed in two envelope are invited from the reputed firms/agencies having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.:-

| Sl. No. | STN. No. | Name of work | Estimate Cost ( In Rs.) | Cost of B.O.Q in Rs. (Non-refundable) | Earnest money To be deposited in Rs. | Time of completion of the work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 511/PR/JBVNL/ 23-24 | Repair & maintenance of old boundary wall at TRW Sindoor, Hazaribag. | 3,21,200/- | 885/- GST included | 6,500/- | 03 Months. |
| 02 | 512/PR/JBVNL/ 23-24 | Repair & maintenance of interior surface of Electric Supply Division Chatra. | 3,79,150/- | 885/- GST included | 7,600/- | 03 Months. |

1. Last date for sale of tender documents up to. 15.03.2024
2. Last date & time for submission of Tender- 16.03.2024 upto 1:00 P.M.
3. Date & time for opening of Tender 16.03.2024 At 1:30 P.M.
4. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in working hours on depositing cost of B.O.Q. with Accounts Officer, Electric Supply Circle, Hazaribag in shape of Demand Draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं0 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Dy. General Manager (Technical)
ESC, Hazaribag

PR.NO.320650 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(23-24):D

# सैन्य सामग्री का आयात

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार भारत दुनिया में रक्षा उपकरणों के सबसे बड़े आयातक देशों की सूची में लगातार उच्च स्तर पर बना हुआ है एवं इस मामले में विश्व में भारत का स्थान सऊदी अरब के पश्चात दूसरा है। परंतु हर्ष का विषय भी है कि अब भारत रक्षा उपकरणों के निर्यात के मामले में दुनिया के शीर्ष 25 देशों की सूची में शामिल हो गया है। वर्ष 2019 में रक्षा उपकरणों के निर्यात के मामले में पूरे विश्व में भारत का स्थान 19वां था। 1990 के दशक में जहां भारत हथियारों का पता लगाने वाले राडार को अमेरिका और इजराइल से पाने के लिए संघर्ष कर रहा था। वहीं, हाल ही में भारत ने यही राडार आर्मेनिया को बेचने में सफलता प्राप्त की है। भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार भारत ने वित्तीय वर्ष 2017 में 1521 करोड़ रुपए के रक्षा उपकरणों का निर्यात किया था जो वित्तीय वर्ष 2018 में 4682 करोड़ रुपए का रहा और वित्तीय वर्ष 2019 में बढ़कर 10,745 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया था। कुल मिलाकर पिछले 7 वर्षों के दौरान भारत ने 38,000 करोड़ रुपए के रक्षा उपकरणों का निर्यात 84 से अधिक देशों को किया है एवं भारत रक्षा उपकरणों का शुद्ध निर्यातक देश बन जाने की राह पर अग्रसर हो चुका है। इस प्रकार अब भारत से रक्षा उपकरणों के निर्यात को बढ़ावा दिया जा रहा है एवं देश से रक्षा उपकरणों के निर्यात को बढ़ावा देने और भारत को वैश्विक रक्षा आपूर्ति चेन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक एयरोस्पेस, रक्षा सामान और सेवाओं में 35,000 करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निश्चित तौर पर यह दुनिया के रक्षा बाजार में एक बड़ी सफलता है।

# रेल का निजीकरण

देश में निजीकरण की चर्चा से सबसे अधिक रेल विभाग में हलचल मचा है। यह हलचल रेल मंत्रालय में चल रहे निजीकरण की कवायद को लेकर है। निजी रेलगाड़ियों के संचालन के साथ ही रेलवे स्टेशनों और अन्य सुविधाओं में निजी कंपनियों की हिस्सेदारी तय कर रेल के विकास की गति तेज करने की कोशिस की जा रही है। इसी क्रम में रेलवे जल्द ही 150 ट्रेनें और 50 स्टेशन निजी हाथों में सौंप देगा। रेलमंत्री और नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के बीच हुई कई दौर की बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया है। रेलवे बोर्ड इस संबंध में कहा है कि रेलवे की चाहत है कि हमारा हमेशा से यही प्रयास रहा है कि हम अपने यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करें। इस दिशा में ठोस कार्रवाई के लिये सचिवों का एक सशक्त समूह गठित किया गया है। ईजीओएस में रेलवे बोर्ड के 2 सदस्यों के साथ एनआईटीआई आयोग के चेयरमैन, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन, फाइनेंस कॉमर्शियल रेलवे, अर्बन डेवलपमेंट, सेक्रेटरी एंड डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स, सेक्रेटरी शामिल हैं। इस समूह के गठन का विचार इन 50 स्टेशनों और 150 ट्रेनों के विकास को तेज करना है। इन निजीकरण के प्रयासों से रेल के कर्मचारियों में भविष्य को लेकर दहशत है वहीं एक बड़ा यात्री वर्ग इसे बड़ा बदलाव मान रहा है। यह सच है कि रेल के बेहतर संचालन के लिए बड़ें निवेश की आवश्यकता है जो वर्तमान स्थिति में केवल सरकार के भरोसे संभव नहीं है। रेल राजनीतिकारणों से आज भी बुरे दौर में ही चल रही है। लेकिन सौ करोड़ मध्यम और निम्न वर्ग वाले देश में रियायत और कम खर्च पर देश को जोड़ने वाली सेवा को पूर्ण निजीकरण सही नहीं है। शायद इसी कारण भर्ती पर भी असर पड़ा है।

# क्यों यूपी लोकसभा चुनाव, भरेगा भाजपा की झोली?



अब कुछ हफ्तों बाद ही देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी। पर उत्तर प्रदेश (यूपी) को छोड़कर देश के लगभग सभी राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए कांटे की टक्कर होने की संभावना है। लेकिन, उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर नतीजे कुल मिलाकर लगभग तय हैं। यह बात उत्तर प्रदेश के शिखर सियासी नेताओं से लेकर आम इंसान तक को भलीभांति पता है। कभी जंगलराज, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार से जूझने वाला यूपी अब भारी-भरकम मोटा निवेश भी खींच रहा है। सात साल पहले तक तो यूपी की गिनती बीमारु राज्यों में होती थी> लोग मजाक में यूपी को उल्टा प्रदेश भी कहते थे। लेकिन, आज यूपी की पहचान देश के खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में भी होने लगी है। यूपी आज विकास की असीमित संभावनाओं के प्रदेश के रूप में स्थापित हो चुका है। यूपी देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद दूसरे नंबर पर है।

देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेनदेन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं राज्य में डी-मैट खातों की संख्या में भी सकारात्मक बढ़ोतरी हुई है। आज अगर यूपी में चौतरफा विकास हो रहा है तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश में यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल और कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं।


योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है। 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने अकेले दम पर उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सीटों में से 225 सीटें जीत कर सत्ता में धमाकेदार वापसी की। अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सीटों का आंकड़ा 272 तक पहुंच गया। इस जीत ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को एक प्रकार से प्रतिष्ठित कर दिया। बेशक अब लोकसभा चुनाव में भी यूपी भरेगा भाजपा की झोली।

योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में यूपी का नया फुल फॉर्म भी बताया। वे कहते हैं कि यूपी का मतलब है अनलिमिटेड पोटेंशियल। बीते दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी लखनऊ में थे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर और हमारी नीतियों पर विश्वास जताया। उत्तर प्रदेश को अबतक लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्राप्त हो चुके हैं और आते ही चले जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों को धरातल पर उतारने का आज उत्सव है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले सात वर्षों में यूपी में निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं।

यूपी पर नजर रखने वालों को पता है कि राज्य में निवेश तो आ ही रहा है। साथ ही सरकार की तरफ से यह भी कोशिश हो रही है ताकि कभी अपनी कपड़ा मिलों और मजदूरों के लिए मशहूर रहे कानपुर को फिर से उसका पुराना गौरव मिल जाए। कानपुर में आईटी सेक्टर के अलावा इलेक्ट्रानिक सामान और ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े उत्पादों का उत्पादन करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। कानपुर से देश के उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम राज्यों के बाजारों में पहुंचने की सुविधा है। कानपुर में ऑटो और ऑ पाट्र्स की अनेक इकाइयां खड़ी हो सकती हैं। चूंकि राज्य सरकार अपने यहां आने वाले निवेशकों को टैक्स में भी छूट दे रही है, इसलिए कानपुर में निजी क्षेत्र के निवेश का होना तय है। गुस्ताखी माफ, कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि यूपी खेलों के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाने लगेगा। जरा याद करें चीन के हांगझोऊ शहर में हुए एशियाई खेलों को। भारत के पदकों का शतक पूरा कराने में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। एशियाई खेलों के महाकुंभ में पहली बार यूपी से कुल 36 एथलीटों ने अपनी चमक दिखाई।

इन खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण, आठ रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह पहला मौका था जब यूपी के खिलाड़ियों की झोली में इतने सारे पदक आए हों। इससे पहले 2018 के जकार्ता और 2014 के इंचियॉन (दक्षिण कोरिया) में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने 11-11 पदक ही जीते थे। उत्तर प्रदेश की खेल राजधानी के नाम से प्रसिद्ध मेरठ जिले के खिलाड़ियों ने सबसे चौंकाने वाला प्रदर्शन किया। एशियाई खेलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 एथलीटों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। इनमें से छह मेरठ जिले से हैं और चार ने दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते हैं। खेलों में यूपी के बढ़ते कदम साफ संकेत हैं कि राज्य को अब विकास का रास्ता मिल गया है।

जिस राज्य में खेलों का स्तर सुधर रहा हो, समझ लें कि उस राज्य का विकास हो रहा है। जिस यूपी से कुछ साल पहले तक कोई सुकून भरी खबर आती ही नहीं थी वहां से सकारात्मक खबरों का आना सुखद है। यूपी से अब दंगा-फसाद या गैंगवार की खबरें नहीं आती। अब वहां के सरकारी दफ्तरों में काहिल बाबुओं के लिए कोई जगह नहीं बची है। यूपी की विकास यात्रा से पड़ोसी बिहार को भी सबक लेना होगा। तो अगर यूपी बदल रहा है तो साफ है कि वहां की जनता के चेहरे पर खुशी को पढ़ा जा सकता है। इस बदलाव के पीछे योगी



- आर.के. सिन्हा

> एनएसओ के अनुमान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का नॉमिनल आकार 195 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है जो कि 2019-20 में हासिल किए जा चुके 203 लाख करोड़ रुपये के नॉमिनल आकार से करीब 4 फीसदी कम होगा। इसके अलावा वर्ष 2020-21 के लिए जीडीपी का 195 लाख करोड़ रुपये का आकार 225 लाख करोड़ रुपये के मौलिक पूवार्नुमान से 13 फीसदी कम होगा।

## खास बात
# मन का श्रृंगार

**निवेदिता श्रीवास्तव**

**श्रृंगार** चिन्ह के औचित्य पर मनन करने से भी प्रबल प्रश्न मेरे मन में यही उठता है कि श्रृंगार है क्या... क्या मात्र तन को नानाविध सज्जा करना ही श्रृंगार है या मन को सज्ज करना भी! बहुधा हम मन को भूल ही जाते हैं और विविध सामाजिक और पारिवारिक परम्पराओं की ही टीका करते रह जाते हैं। चेतना का बोध होते ही सबसे पहले मन को श्रृंगारित करना चाहिए। मनन की धारा सन्तुलित करके आत्मबल को दृढ़ करना चाहिए, साथ ही वाणी पर संयम भी हो। वाणी पर संयम का अर्थ मात्र इतना ही है शब्दों का चयन और बोलने का तरीका कटु न हो। मन के इस सौंदर्य के साथ हम श्रृंगार चिन्ह की तार्किकता पर मनन करें तो औरों के लिये भी स्वीकार्य होगा। तथाकथित प्रचलित सोलह श्रृंगार की बात करूं तो यह एक आदत की तरह सोच में शामिल हो गयी है, जो विभिन्न अवसरों पर मुखरित हो उठता है और शकुन-अपशकुन के मकड़जाल में फंसाये रखता है। सनातन काल से स्त्री घरों के अन्दर ही रहती थी और परिवार की प्रतिष्ठा की द्योतक भी समझी जाती थी। स्त्रियों के साज-श्रृंगार को भी इसी से जोड़ा जाता था। जितना अधिक सम्पन्न घर, उतने ही अधिक आभूषणों और श्रृंगार से सज्जित होगी उस घर की स्त्री।

साथी की मृत्यु के बाद स्त्री के लिये श्रृंगार वर्जित करने के पीछे पुरुषवादी सोच का मूल कारण उसको अधिकारहीन अनुभव करवाना ही रहता होगा। इन श्रृंगार चिन्हों को धारण करने के पीछे स्वयं के आकर्षक दिखने से मिलने वाला आत्मविश्वास भी एक कारण है। इनके पीछे कुछ वैज्ञानिक कारण भी हैं। पति के न रहने पर श्रृंगार न करने देना सर्वथा अमानवीय कृत्य है। वह कैसे रहना चाहती है, यह निर्णय स्वयं स्त्री का होना चाहिए। जो और जैसे करने से उसके मन को शान्ति मिले, वही करना चाहिए। परम्पराओं को मात्र परम्परा न मान कर जीवित रहने में सहायक की तरह ही अपनाना चाहिए, न कि किसी के मन को और भी तोड़ने के लिये और तन से ज्यादा मन के श्रृंगार के प्रति सजग और सन्नद्ध रहना चाहिए। तन के साथ मन का भी श्रृंगार हो और सबका हो।

# धर्म-अधर्म की लड़ाई


## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**मेघनाथ** की पत्नी सुलोचना ने मंदोदरी से दो सवाल कर दिया। सुलोचना ने कहा कि इसका जबाव चाहिए। मंदोदरी ने कहा सुलोचना तुम्हारा ब्रत उर्मिला से किसी भी तरह कम नहीं है और न ही मेघनाथ का बल लक्ष्मण जी से कम है। कमी है तो यह कि मेघनाथ रावण की ओर से लड़ रहा है और लक्ष्मण राम की ओर से लड़ रहा है। यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है। यह सत्य और असत्य की लड़ाई है। कभी भी विजय सत्य की होती है। अंततोगत्वा राम को ही जीतना है। अतः रावण के पक्ष के जीतने भी वीर होंगे सभी मारे जायेंगे। यह लड़ाई धर्म के लिये हैं।वह संतुष्ट होकर चली गयी लेकिन वह अपन सती धर्म का पालन करना चाहती थी। क्योंकि मेघनाथ का सर नगर के बाहर गिरा था इसलिये वह रावण के पास जाकर बोली पिताजी अगर आप आज्ञा दें तो मैं राम के पास अपने पति का सिर मांगने जाऊं? रावण बोला तुम मांगने जाओगी तो राम तुम्हें तुम्हारे पति का कटा सर दे देगा? तुम्हेंयह विश्वास है क्या?सुलोचना बोली मुझे पूरा विश्वास है। रावण ने सुलोचना के जाने की व्यवस्था कर दी। जब रात्रि में ही लंका नगर का फाटक खुला सोना चांदी की पालकी और रेशमी ओहार लगी हुई पालकी जब बत्तीस कहारों द्वारा निकाली गयी तो रामादल के सैनिक वॉनर एवं भालू सभी को लगा कि मेघनाथ की मृत्यु के बाद रावण डोल गया है और समर्पण करने के लिये आ रहा है। यह सोचकर वह श्रीराम को जाकर बताये कि प्रभु रावण शरणागत होने के लिये आ रहा है। राम ने कहा ठीक है आने दीजिए। वे पुनः बोले कि एक सवाल खड़ा होता है? आपने विभीषण जी वचन दिया है।
(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड

पुतिन का यू टर्न ..



कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

> अगले 5 साल में मणिपुर के एक भी कूकी युवा के हाथ में हथियार नहीं होगा।
> हमने असम में भी यह करके दिखाया है, आज किसी भी बोडो युवा के हाथ में हथियार नहीं बल्कि लैपटॉप है, बाइक-कार और उद्योग की चाबियां हैं।
> **–अमित शाह, गृह मंत्री**

## आपके ट्वीट

> विकास के लक्ष्य को लेकर पेश किए गए इस बजट में आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े मामलों का विशेष ध्यान रखा गया है।इसमें रांची में इनर रिंग रोड समेत कई फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव है।
> **– चंपई सोरेन, सीएम**





> 60 लाख टन कोयला गायब!
> क्या इस कोयला घोटाले पर प्रधान मित्र मंत्री जी कुछ कहेंगे?
> **–राहुल गांधी सांसद**

# महाशिवरात्रि पर शिव की सन्देश को पहुंचानेवाले महायोगी आ रहे हैं सिनेमाघरों में

## मनोरंजन




महाशिवरात्रि के दिन 8 मार्च को कुछ ऐसा होने जा रहा हैं,जो किसी अलौकिक घटना से कम नहीं हैं।इस महाशिवरात्रि के दिन,इंसानों को मिलने जा रहा हैं स्वयं ईश्वर के प्रेम का सन्देश। आपके नजदीकी सिनेमाघरों में आ रहे हैं परमेश्वर के इस सन्देश को आप तक पहुंचानेवाले - महायोगी।महायोगी हाईवे 1 टू वननेस एक छवि है मानव एकता की - वह जो आज मानवता कहीं खोती चली जा रही है।इस हॉलीवुड पिक्चर के मास्टरमाइंड राजन लूथरा हैं, जिन्होंने इसे बनाया है।प्रिंस मूवीज के राकेश सभरवाल इस फिल्म को देश भर में वितरित कर रहे हैं।

जरा ठहरकर सोचिये,जिस इंसानी प्रजाति को ईश्वर ने अपना सारा प्रेम उड़ेलकर बनाया,जिनमें वह अपनी ही प्रेम की प्रतिच्छवि ढूंढते हैं,क्या उन्हें धर्म के नाम पर, देश के नाम पर, राजनीती के नाम पर इस कदर आपस में लड़ते-भिड़ते देखकर, ईश्वर को आनंद मिलता होगा? नहीं मित्रों, परमेश्वर की आँखों में आज आंसूं है।

जिस दुनिया में लाखों लोग आज भी बेघर है, करोड़ों बच्चे आज भी सड़कों पर भूखे सोते हैं, उसी दुनिया में हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई सभी धर्म एक दुसरे को अपना दुश्मन समझ रहे हैं। जातिवाद, रंगभेद, नस्लभेद चरम सीमा पर है।इजराईल और फिलिस्तीन, रूस और यूक्रेन, भारत और पकिस्तान, पडोसी - पडोसी युद्ध पर उतारू हैं। हर जगह अशांति, बम, मिसाइल और मौत का तांडव है।

जिस धरती ने हमें इतने प्यार से माँ की तरह सींचा है, आज उसके अंदर से फूट रही है क्रोध की ज्वालामुखी - हर तरफ मची है तबाही, कहीं सुनामी, कहीं महामारी, तो कहीं भूकंप। प्रकृति से छेड़छाड़ का आलम यह है, कि कहीं पेड़ काटे जा रहे हैं तो कहीं पक्षियों और जानवरों को मारा जा रहा है, कहीं प्रदुषण का काला धुआं, तो कहीं वायरस का फैलाव।

आज हम कहीं खुलकर सांस भी नहीं ले पाते। बच्चे माँ-बाप से कटे कटे से रहते हैं। भाई भाई को मार रहा है, इंसान इंसान को काट रहा है। शैतानी ताकतें सर उठाती ही जा रही है। चारों ओर घोर अँधेरा है। रौशनी कहाँ है? इंसान भूल चूका है वह साक्षात ईश्वर का ही स्वरूप है। क्या आज भी मानवता बस सोती ही रह जायेगी? क्या हम कभी अपनी इस गहरी नींद से नहीं जागेंगे?

महायोगी हम सब से कहने आये हैं, की ऐसा नहीं होगा।अब मानवता के जागने की बारी आ गई है। कलयुग अपने अंतिम चरण पर है और धरती माता, प्रकृति, पूरा ब्रह्माण्ड और स्वयं ईश्वर, अब दुष्टों का दमन और शिष्टों का पालन करने को तैयार है। उन्होंने महायोगी के माध्यम से हम सब को आह्वान किया है कि हम धार्मिक, सामाजिक और आंतरिक भेदभाव भूल कर आपसी प्रेम, शांति और वैश्विक एकता के पथ पर चल पड़ें। तभी कलयुग का अंत और सतयुग का आरम्भ होगा।निमार्ता राजन लूथरा अपनी फिल्म महायोगी हाईवे 1 टू वननेस के माध्यम से ईश्वर की यही वार्ता लोगों तक पहुंचा रहे हैं कि उनके प्रेम और आपसी सद्भाव में ही ईश्वर बसते हैं और कहीं नहीं।

## लेटर टू एडिटर

### आत्मनिर्भर भारत

**केंद्र** सरकार ने 209 रक्षा उपकरणों को शामिल करते हुए एक सूची भी बनाई है जिसके अनुसार एक निर्धारित समय सीमा के पश्चात इन उपकरणों का आयात देश में नहीं किया जा सकेगा। बाद में भी, समय समय पर, अन्य कई रक्षा उपकरणों के आयात पर रोक लगाई है एवं इनका निर्माण भारत में ही किया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

**– अरविंद सिंह, रांची**

### घातक बयानबाजी

इन दिनों सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच में बेतुकी बयानबाजी जोरों पर है। हाल ही में पंजाब के मुख्यमंत्री के यूपी, बिहार और दिल्ली के लोगों को पंजाब में न घुसने देने के बयान को लेकर राज्य के अंदर का माहौल पूरी तरह गरमा गया है। ऐसे में यदि एक राज्य के मुख्यमंत्री होकर अपने प्रवासियों के खिलाफ बोले तो यह कहीं न कहीं उन लोगों को अपमानित करने की बात है। **–शशांक शेखर, रांची**

# तेजस: सीमा का एक बड़ा योद्धा और रक्षक

**सुधांशु कुमार**

**सुरक्षा** मामलों की कैबिनेट कमेटी द्वारा भारतीय वायुसेना के लिये स्वदेशी 83 अपग्रेडेड तेजस लड़ाकू विमान खरीद की अनुमति देना निस्संदेह रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम है। वैसे भी लंबे समय से भारतीय वायुसेना में आधुनिक लड़ाकू विमानों और रक्षा साजो-सामान की कमी महसूस की जा रही थी। खासकर ऐसे समय में जब चीन व पाक से भारतीय सीमाओं को लगातार चुनौती मिलती रहती है।?इस कुल 47 हजार करोड़ के सौदे को गेम-चेंजर बताया जा रहा है। निस्संदेह यह कदम भारतीय एयरोस्पेस उद्योग के लिये आत्मनिर्भर पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में प्रेरक की भूमिका निभायेगा। इसके निर्माण और डिजाइन में सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी के कई उद्योग भी भूमिका निभायेंगे। इन सैकड़ों कंपनियों के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर काम करने से देश में रक्षा उत्पादन की कार्य संस्कृति विकसित होगी। बीते वर्ष केंद्र सरकार ने एक सौ एक रक्षा वस्तुओं के आयात पर रोक लगाकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने का फैसला किया था। यह कदम उसी दिशा में लिया फैसला है। इतना ही नहीं, इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को 74 फीसदी तक बढ़ाया गया है। निस्संदेह सरकार ने विदेशी रक्षा उत्पादों पर निर्भरता कम करने के दिशा में पहल की है, लेकिन जरूरत इस बात की भी है कि

## सामयिक

स्वदेशी रक्षा विनिर्माण देश की सुरक्षा जरूरत को उन्नत तकनीक के साथ पूरा करे। दरअसल, रक्षा उत्पादों से जुड़ी तकनीकों में बहुत तेजी से बदलाव होता रहता है क्योंकि युद्धक रणनीतियां तेजी से हाईटैक होती रहती हैं। नये मार्क-1ए तेजस फाइटर में वायुसेना की आधुनिक जरूरतों के हिसाब से बदलाव करने की आवश्यकता होगी। कोशिश होनी चाहिए कि इन युद्धक विमानों की वायुसेना को यथाशीघ्र आपूर्ति हो पाये।

निस्संदेह यह भारत में निर्मित रक्षा उत्पादों का सबसे बड़ा सौदा होगा। जिससे उम्मीद है कि हम दुनिया के दूसरे देशों पर निर्भरता कम कर सकेंगे और दुर्लभ विदेशी मुद्रा की बचत भी कर सकेंगे। अब तक भारत की गिनती दुनिया के सर्वाधिक हथियार खरीदने वाले देशों के रूप में होती रही है। इसके साथ?ही देश में रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। कोशिश हो कि सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड इसे अपने विस्तार के अवसर के रूप में देखते हुए समय पर लड़ाकू जहाजों की आपूर्ति भारतीय वायुसेना को करे। उसे अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और उसे तेज करने की जरूरत होगी, जिससे देश की आर्थिकी और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। विगत में भी देश में रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी संस्था डीआरडीओ ने आकाश मिसाइल, अर्जुन टैंक, टैंकरोधी मिसाइल व ध्रुव हेलीकॉप्टर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इससे जहां देश की रक्षा उत्पादों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ी है, वहीं सेना का आत्मविश्वास बढ़ा है। ऐसे हथियार जब हमारी भौगोलिक परिस्थितियों व सेना की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाये जाते हैं तो सेना को उसका अतिरिक्त लाभ मिलता है।?बहुत संभव है कि आने वाले वर्षों में भारत में रक्षा उपकरणों के उत्पादन की ऐसी कार्य संस्कृति विकसित हो सके, जिससे हम हथियारों के आयातक से निर्यातक देशों में शुमार हो जायें। इससे जहां देश की सामरिक शक्ति बढ़ेगी, वहीं हम अपने विकास कार्यों को गति दे पायेंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कई मांगों को लेकर प्रबंधन के साथ विस्थापित संघर्ष समिति ने की वार्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति के कई मांगो को लेकर भुरकुंडा परियोजना कार्यालय में प्रबंधन के साथ वार्ता हुई। समिति ने पीओ को बारह सूत्री मांगों से अवगत कराते हुये समाधान करने की मांग की। जिसमे भुरकुंडा कोलियरी अंतर्गत बलकुदरा खुली खदान से उत्पादित कोयले का 75 प्रतिशत आवंटन रोड सेल में देने, भुरकुंडा कोलियरी में रोड सेल अविलम्ब चालू करने ताकि विस्थापित-प्रभावित गांव के रैयत, ग्रामीण और स्थानीय बेरोजगारी को वैकल्पिक रोजगार मिल सके, बलकुदरा खुली खदान में खनन कार्य कर रही कंपनी पीएसएमई में समिति द्वारा सौंपे गये सूची के अनुसार बीस लोगों को अविलम्ब रोजगार देने, भुरकुंडा कोलियरी अन्तर्गत खाली भूमि, अनुपयोगी भूमि को प्राथमिकता के आधार पर स्वरोजगार, वैकल्पिक रोजगार के साधन के लिये रैयतों को आवंटित करने, भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल में पेलोडर लोडिंग के जगह मैनुअल लोडिंग की व्यवस्था करने, प्रभावित गांव में प्रबंधन द्वारा नि:शुल्क पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, रैयत व ग्रामीणों को भुरकुंडा आर्दश क्षेत्रीय अस्पताल में नि:शुल्क समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग शामिल हैं। पीओ मनोज पाठक ने कहा कि भुरकुंडा रोडसेल मे बलकुदरा खदान से उत्पादित 20 प्रतिशत कोयला देने का प्रस्ताव मार्च माह मे भेज दिया जायेगा। वार्ता में मैनेजर आरके वर्णवाल, अविनाश चंद्रा, कार्मिक प्रबंधक नीना होरो, जॉन सिंह, समिति के गिरधारी गोप, जयदेव सिंह, मनोज मांझी, रामदास बेदिया, बबन पांडेय, राजन तुरी, दिनेश बेदिया, गएोश बेदिया, कॉलेश्वर बेदिया, ताराचंद करमाली, टिंकू बेदिया आदि शामिल थे।

### लोकल सेल जल्द चालू हो : समिति



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित संयुक्त रोड सेल समिति की बैठक बुधवार को कुरसे पंचायत भवन में हुई। इसमें चार राजस्व ग्राम बलकुदरा, कुरसे, देवरिया और दुंदवा के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में लोकल सेल जल्द से जल्द चालू करने की मांग को लेकर चार मार्च को भुरकुंडा परियोजना के बलकुदरा आउसोर्सिंग कंपनी का काम अनिश्चितकालीन ठप करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि लोकल सेल चालू किए बिना बलकुदरा खदान से कोयले का उत्पादन और संप्रेषण किया जा रहा। प्रबंधन पहले लोकल सेल चालू करें और कोयला उपलब्ध कराए, नहीं तो बलकुदरा खदान में कार्य नही होने दिया। मौके पर राणा प्रताप सिंह, झरी मुंडा, विजय साहू, कैलाश प्रसाद, मुखिया विजय मुंडा, पंसस राजू मुंडा, अमर यादव, विरेंद्र यादव, योगेंद्र यादव, कुलेश्वर राम, अनिल एक्का, राजाराम प्रसाद, प्रदीप साहू, संतोष मांझी, विरेंद्र मांझी, शंकर मांझी, राजकुमार साहू, राजेश्वर कपूर सिंह, महेश सिंह, संजय यादव, सन्नी बेसरा, सुनील मुर्मू, विश्वनाथ करमाली, श्रीनाथ करमाली, ललित साहू सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### गव्य योजनाओं की दी गयी जानकारी




**मांडू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार मांडू में बुधवार को जिला गव्य विकास कार्यालय रामगढ़ के द्वारा ग्राम पंचायत मुखिया का एकदिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा चलाए जा रहे गव्य विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गिरीश कुमार गव्य जिला तकनीकी पदाधिकारी रामगढ़ ,मनोज कुमार झा भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी मांडू द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई । कार्यक्रम में मुखिया संघ अध्यक्ष संजय प्रसाद ,मुखिया बैजनाथ राम,मुखिया अनीता देवी,राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा,जयकुमार ओझा,रामसेवक महतो,रमेश राम,करण बेदिया,अशोक कुमार,गुड़िया देवी,नफीस अंसारी,सोनाराम महतो मौजूद थे।

### ओपी प्रभारी से मिले जदयू नेता



**कुजू।** कुजू ओपी के नये प्रभारी दिगंबर पांडेय से जदयू रामगढ़ जिलाध्यक्ष सह जिला परिसद सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू के नेतृत्व में जदयू नेता बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान ज्योतिंद्र प्रसाद साहू व अन्य ने बारी बारी से बुके भेंटकर बधाई दी। साथ ही, पुलिस को हर वक्त सहयोग करने का वायदा किया। वही, ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने भी क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने की बात कही। मौके पर जदयू प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, रामगढ़ जिला सचिव रोहन महतो, जिला कोषाध्यक्ष रामाकांत पटेल शामिल थे।

### जिंदल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रिजर्व बैंक ने लगाया विशेष शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिन्दल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पतरातु में बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2024 का नारा करो सही शुरूआत-बनो वित्तीय स्मार्ट शिविर आयोजन किया गया। शिविर में बैंकों में विभिन्न प्रकार के जमा खाते, डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा और उससे बचने के उपाय, सुकन्या समृद्धी योजना, शिक्षा ऋण योजना आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। आरबीआई प्रबंधक हर्षिता सभलोक द्वारा बच्चों से बैंक सम्बन्धित वैकल्पिक प्रश्न भी पूछे गए। साथ ही सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। शिविर में आरबीआई की प्रबंधक हर्षिता सभलोक, जिला प्रबंधक कार्यालय रामगढ़ के एफएलसी दिनेश दास, सीएफएल संचालक पम्मी कुमारी, विकास कुमार, औद्योगिक संस्थान के प्राचार्य समीत कुमार सहित शिक्षक एवं 105 प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

# मिस्ड कॉल से जनता का सुझाव लेगी भाजपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव को लेकर प्रदेश प्रवक्ता रामाकांत महतो ने की प्रेसवार्ता**



**रामगढ़।** विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर बुधवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है। देश की आजादी का यह अमृत काल चल रहा है और यह भारत के इतिहास वह पल है जब देश विकास में एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है। इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा ने विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ कर रही है। जिसका उद्देश्य है जन-जन की आकांक्षाओं को सीधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाता ताकि भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्रका आधार बन सकें। आकांक्ष संग्रह अभियान कार्यक्रम जनता के समर्पण और विद्यास का प्रमाण होगा। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणापत्र हेतु 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, उनकी आकाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है। जनसंपर्क पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा 10 लाख बूथों पर जनसम्पर्क किया जाएगा । जिसमें वे नमो ऐप एवं मिस्ड कॉल नम्बर के माध्यम से जनता के सुझाव एकत्रित करेंगे।

कहा कि अभियान को 2 चरणों में विभाजित किया गया है पहला अभियान लॉन्च, दूसरा सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गतिविधियां। अभियान लॉन्च भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा मीडिया कार्यक्रम के माध्यम से अभियान का लॉन्च भाजपा केन्द्रीय कार्यालय दिल्ली में किया गया। लॉन्च कार्यक्रम में सुझाव एकत्रित करने हेतु सुझाव पेटी, मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो एप की सुविधा लॉन्च की गयी। जन.जन के सुझाव एकत्रित करने के लिए पार्टी द्वारा एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखायी गयी। 125 प्रमुख स्थानों पर विशेष समुदायों ;जैसे उद्योगपति, स्टार्टअप्स के फाउंडर, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेतागण संवाद करेंगे एवं विकसित भारत बनाने के लिए उनसे उनके सुझाव लेंगे। 500 एलईडी प्रचार वाहन देश भर में वाहन चलाए जाएंगे जो मोदी सरकार के विकास का संदेश पहुंचाकर सुझाव लेंगे। मिस्ड कॉल नम्बर 9090902024 एवं नमो ऐप मिस्ड कॉल नम्बर और नमो ऐप के माध्यम से जनता अपने सुझाव सीधे प्रधानमंत्री तक पहुंचा सकती है। 6000 से अधिक सुझाव पेटियाँ प्रत्येक विधानसभा में सुझाव पेटियाँ लगाई जाएँगी । जिनमें लोग अपने सुझाव डाल सकेंगे। यह पेटियाँ पार्टी के अन्य कार्यक्रमों और सभाओं में भी होगी। सभी प्रकोष्ठों द्वारा मिलकर जिला स्तर पर 2-3 गोष्ठी के माध्यम से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। साथ ही विधानसभा क्षेत्र में व्यवसायिक लोगों के साथ 4-5 छोटी बैठकों में सुझाव एकत्रित किए जाएंगे।

प्रेस वार्ता में रंजीत कुमार सिन्हा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज जायसवाल, भीमसेन चौहान उपस्थित थे।

# बगैर पुर्नवास के कंपनी ने दंपति के मकान को तोड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ पीड़ित खुले आसमान में रहने को विवश, कहा- प्रशासन और जनप्रतिनिधि करें मदद**



**हजारीबाग।** एनटीपीसी केरेडारी कोल माइंस के ऊपर पांडू गांव के आगर टोला निवासी सुखदेव राणा और उनकी पत्नी ने बगैर विस्थापन के घर ढहाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संदर्भ में भुक्तभोगी के परिवार ने खबर मन्त्र संवाददाता को बताया कि मंगलवार को एनटीपीसी केरेडारी कोल माइंस के अधिकारी कंपनी के अधीनस्थ कार्य कर रहे पुलिस बल को लेकर आए और घर के महिलाओं को जबरन गाड़ी में बैठाकर पांडू गांव के इर्द गिर्द घुमाते रहे। वहीं गृह स्वामी सुखदेव राणा को स्थानीय थाना में तब तक बिठाकर रखा जब तक घर पूरी तरह से ध्वस्त न हो जाए। घर पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने के बाद घर की महिलाओं को पांडू गांव के माइंस के नजदीक छोड़ दिया गया। बाद में जब सुखदेव राणा को छोड़ा गया तो उन्होने देखा कि उनका पक्का मकान पूरी तरह से नेस्तानाबूद कर दिया गया है। घर ध्वस्त करने के दौरान घर खाली करने का भी मौका हमलोग को नही दिया गया। जिस कारण लाखो की संपत्ति घर के मलबे में दब गया। कहा कि घर तो गया हीं मुझे लाखों रुपए की आर्थिक क्षति भी हुई है। मेरे पास घर परिवार को रखने के लिए छत नहीं है। मेरा परिवार पूरी तरह से ठंड में खुले आसमान में रह रहा है। हमलोग जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि हमें विस्थापान दिलाई जाय अन्यथा हम सभी परिवार के लोग सामूहिक आत्म हत्या करने पर विवश होंगे जिसकी पूरी जिम्मेवारी एनटीपीसी के और माइनिंग कंपनी बीजीआर प्रबंधन की होगी। वहीं इस मामले पर एनटीपीसी केरेडारी कोल माइंस के एजीएम एसपी गुप्ता ने कहा कि लोग अधिगृहित क्षेत्र में घर बना कर रह रहे हैं। उनलोगों को कई बार पहले घर खाली करने का नोटिस भेजा गया था लेकिन वे लोग खाली नहीं कर रहे थे। जबकि रैयतों का दावा है कि वे विगत कई वर्षो से वहां निवास कर रहे हैं।

### कोयला उत्पादन में प्रबंधन को सहयोग करेगा जमसं : निशि

**भुरकुंडा ।** जनता मजदूर संघ एवं बरका-सयाल महाप्रबंधक के बीच बुधवार को औपचारिक परिचय बैठक हुई। बैठक में बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, एसओपी अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं जनता मजदूर संघ के केन्द्रीय उपाध्यक्ष निशि पांडेय, संगठन सचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद, अशोक शर्मा, चमन मुंडा, दशरथ कुर्मी, महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे। महाप्रबंधक अजय सिंह ने निशि पांडेय को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनने पर बुके देकर स्वागत किया। निशि पांडेय ने कहा की क्षेत्र के विकास व बरका-सयाल क्षेत्र की उन्नति एवं तरक्की के लिए जनता मजदूर संघ हमेशा प्रबंधन का सहयोग करेगी। हमसब मिलकर क्षेत्र की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मजदूर संघ का सहयोग प्रबंधन को मिलेगा।

### मुआवजा को ले सांसद प्रतिनिधि ने दिया आवेदन

फोटो 13 आवेदन देते

**कुजू।** चैनपुर सोनडीहा में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर अधिग्रहित जमीन के रैयतो को अविलंब मुआवजा राशि भुगतान करने को लेकर सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को आवेदन सौंपा। सौंपे गये आवेदन में उन्होंने कहा है कि सोनडीहा में ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए ओवरब्रिज निर्माण किया जाना है। जिसके तहत जमीन का अधिग्रहण भी गयी है। लेकिन अभी तक अधिग्रहित भूमि के बदले मुआवजा के तौर पर रैयतों को राशि का भुगतान नहीं किया गया है, और न ही निर्माण कार्य चालू किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले लेकर सांसद को इसकी सूचना दी गयी है। उन्होंने रैयतों को मुआवजा भुगतान करने के की जानकारी डीआरएम को देने का आग्रह किया है। ताकि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चालू हो सके।

# वैन ने शिक्षक को रौंदा, घायल

**वैन में अवैध कोयले के नीचे छुपा कर ले जाया जा रहा था प्रतिबंधित मांस**



**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत मुरपा आम्रपाली होटल के समीप फोरलेन सड़क पर तेज रफ्तार से रामगढ़ की ओर जा रहे एक पिकअप वैन ने एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए।आस पास के लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भी दिया गया। जहां उनकी हालत बताई जाती है। इधर खबर पाकर कुजू ओपी पुलिस सदल बल मौके पर पहुंचकर पिक अप वैन को जब्त कर लिया है। उक्त पिक अप वैन में बोरी में भरे अवैध कोयले के उपरी तह के नीचे प्रतिबंधित मांस मिला है।कुजू ओपी पुलिस के अनुसार मांस को जांच के लिए भेजा जाएगा। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बुधवार करीब तीन बजे हजारीबाग की ओर से तेज रफ्तार से आ रही पिक अप वैन संख्या जेएच 01ईओ/6163 कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत मुरपा आम्रपाली होटल के पास सड़क की बाईं ओर चल रहे मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर संख्या यूपी 50ए डब्लू/3301को जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क किनारे डिवाइडर पर चढ़ गया।इस घटना में मोटरसाइकिल सवार मूलरूप से यूपी निवासी प्रदीप कुमार पाण्डेय जो तिरला हाई स्कूल में संस्कृत शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। स्कूल से वापस अपने निवास स्थान रामगढ़ नया बस स्टैंड लौट रहे थे,गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगों ने दौड़कर घायल शिक्षक को आनन-फानन में इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। इस मामले की जानकारी कुजू ओपी पुलिस को दी गई। इधर मौके का लाभ उठाकर पिकअप चालक सहित उस पर सवार अन्य लोग फरार हो गये।पुलिस ने पहुंचकर जब उक्त पिकअप वैन की तलाशी ली तो मामला चौंकाने वाला निकला।पिक अप वैन में नीचे प्रतिबंधित मांस के बड़े-बड़े लोथड़े पड़े थे। जिसके ऊपर बोरी में भरे अवैध कोयले की एक परत थी। कुजू पुलिस ने उक्त पिकअप वैन तथा क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में कर लिया है। इस संबंध में पुलिस से पूछे जाने पर कहा की वैन में मिले मांस को फिलहाल जांच के लिए भेजा जाएगा। ततपश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डीपीएस में सम्मान समारोह सह आर्ट एंड साइंस प्रदर्शनी



**बरकट्ठा।** डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपाचो में एनसीसी कैडेट्स सम्मान समारोह सह आर्ट एंड साइंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर हरमीत सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप मंडल, बीडीओ रोशनी डुंगडुंग उपस्थित थे। सम्मान समारोह के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड कर मौजूद लोंगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस के परेड में डिवाइन स्कूल के तीन छात्रों के चयन और उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर एनसीसी कैडेट्स करण कुमार,हिमांशु टुडू,प्रिंस चौधरी पीयूष कुमार को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। कर्नल हरमीत सिंह ने कहा कि एनसीसी करके ब्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता जैसे गन विकसित होते हैं। मौके पर ,मेजर जगदीशचन्द्र, अंटोनी हेनरी, स्कूल निदेशक आईपी भारती, प्राचार्य स्वाति रंजन समेत कई लोग मौजूद थे।

# सीसीएल ने सामाजिक कार्यों को भी दी प्राथमिकता : जीएम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ कुजू के जुबली ग्राउंड में एथलेटिक्स मीट आयोजित**
**▸▸ बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दिया जायेगा प्रशिक्षण : नीरज सिन्हा**



**कुजू।** जुबली ग्राउंड आरा में सीसीएल कुजू क्षेत्र द्वारा सीएसआर के तहत मंगलवार को एथलेटिक्स मीट का शुभारंभ जीएम कुजू नीरज कुमार सिन्हा ने किया। एथलेटिक्स मीट के तहत बालक व बालिका वर्ग के लिए दौड़, शाट पुट, साईकल रेस, लंबी कूद, मटका दौड़, रिले रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। जिसमें कुजू आरा, सारूबेड़ा, बड़गांव, सोनडीहा, ओरला, मांडू, हेसागढ़ा, पुण्डी आदि क्षेत्र की 24 पंचायतों से 217 प्रतिभागी शामिल हुए। श्री सिन्हा ने कहा कि सीसीएल ने कोयला उत्पादन के साथ सामाजिक कार्यों को भी प्राथमिकता दी। इसी कड़ी में सीसीएल कुजू क्षेत्र ने सीएसआर के तहत एथलेटिक्स मीट हुआ। इस मंच के माध्यम से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस मीट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार व सीसीएल द्वारा खेलगांव, रांची में संचालित केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बाद में उन्होंने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसओपी गिरीशचंद्र, वरीय कार्मिक प्रबंधक प्रताप रंजन, संतोष कुमार, भूषण यादव, सीडी अधिकारी तबरेज आलम, मुखिया राकेश कुमार राक,अशोक कुमार, श्रमिक प्रतिनिधि जगदीश महतो, रामभजन लाल महतो, मो.अल्लाउद्दीन, हाजी वाहिद अंसारी, इस्राइल खान, जयराम प्रजापति, सुनील कुमार यादव,सहदेव मांझी, मो.जब्बार, मो.साबिर, दीपक केशरी, राहुल सिंह, अभिमन्यु मुंडा, अरुण कुमार, सुभाष तिग्गा, रोहन महतो, गणेश सिंह, जानकी महतो, महेश महतो आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### चरही में राजपूत समाज की हुयी बैठक



**चरही।** दुर्गा मंडप के प्रांगण में बुधवार को राजपूत समाज की बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता आनंद सिंह ने किया। बैठक में कई विषयों पर चर्चा की गई और समाज के उत्थान पर भी बल दिया गया। आनंद सिंह ने कहा कि राजपूत समाज को मजबूती की ओर लेकर जाना है। नीरज सिंह ने कहा कि समाज को और भी सशक्त बनाने के लिए सभी को एकजुट करने का काम किया जायेगा। इसके लिए घर-घर जाकर समाज के लोगों से संपर्क किया जाएगा। बैठक में, सत्येंद्र नारायण सिंह उर्फ गब्बर सिंह, गौतम कुमार सिंह,विश्वजीत सिंह, अभिजीत सिंह,संदीप सिंह,विशाल सिंह,छोटन सिंह, सुरेश सिंह ,अवधेश सिंह,धर्मेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह, विक्की सिंह, रोहित सिंह,धर्मेंद्र सिंह, निरंजन सिंह चौहान,अविनाश सिंह, विनय सिंह, प्रशांत सिंह, कुन्दन सिंह, रणधीर सिंह,जितेंद्र सिंह,सुनील सिंह, विश्वजीत सिंह,अभय सिंह,प्रमोद सिंह राठौड़, विकास सिंह राठौड़ सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

### दारू में खुला आरसीएम का एमबी मार्ट



**दारू।** दारू चौक स्थित बरूण राशन दुकान के उपरी तल्ला में आरसीएम कंपनी ने एमबी मार्ट खोला ।इस मार्ट का उद्घाटन कंपनी के रूबी स्टार संजय कुमार झा व मार्ट के संचालक बरुन कुमार तथा महादेव साव ने फीता काटकर कर किया। इकंपनी के अधिकारी स्टार रूवी श्री झा ने कहा कि वर्तमान समय में घरेलू संबंधित वस्तुओं का एकमात्र आरसीएम कम्पनी का ही प्रोडक्ट है जो अधिक लाभकारी है । कंपनी में रोजमर्रा में उपयोग होने वाले वस्तुओं के साथ साथ वस्त्र, कॉस्मेटिक सहित सभी प्रकार की वस्तु उपलब्ध है। आरसीएम के उत्पाद जहाँ एक ओर गुणवत्ता युक्त है साथ ही साथ इसकी कीमत भी कम होती है। मौके पर मौजूद पंकज कुमार सिंह कामेश्वर महतो बंटी मंडल देवचंद महतो प्रेमचंद मंडल शिबू भाई नरेंद्र कुमार सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### संपर्क अभियान को लेकर भाजपा की बैठक



बड़कागांव ।भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं महामंत्री दिनेश करमाली के संचालन में हरली विवाह मंडप में की गई। बैठक में सशक्त भारत, समृद्ध भारत, विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व गुरु भारत के लिए अबकी बार 400 पार के साथ एक बार फिर से मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने के लक्ष्य रखा गया। इसी आलोक में प्रदेश के निर्देशानुसार लाभार्थी जनसंपर्क अभियान प्रत्येक पंचायत में सभी बूथों के लाभार्थी जिन्हें उज्ज्वला योजना,पीएम किसान समृद्धि योजना,आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता,पीएम आवास योजना, शुलभ शौचालय एवं अन्य तरह के केंद्र सरकार के योजनाओं का लाभ जिन लाभार्थियों को मिला उनसे मिलकर उनका फीडबैक लेकर पुनः भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लेना है ।मंडल अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्य में डोर टू डोर प्रत्येक घरों में जाकर पंचायत के कार्यकर्ता संपर्क अभियान में शामिल होंगे एवं लाभार्थियों से मुलाकात करेंगे । मौके पर श्रीकांत निराला,बेचन साव, उपाध्यक्ष अशोक साव,किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार,किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, सेवंती कुमारी, मनोज प्रभाकर, कार्तिक उरांव,श्याम गुप्ता,बलदेव राम, दामोदर महतो, निरंजन कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक ने प्रदूषण मामला सदन में उठाया



**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने विधानसभा सत्र के दौरान बरही में संचालित रियाडा स्थित फैक्ट्रियों द्वारा अत्यधिक प्रदूषण फैलाएं जाने को लेकर अपनी बात रखी। विधायक श्री अकेला ने विधानसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि बरही के रियाडा क्षेत्र में संचालित फैक्ट्रियों द्वारा अत्यधिक वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है, जिसके कारण आस पास के निवासी काफी गंभीर रोग से पीड़ित हो रहे हैं और उनके घरों में डस्ट की मोटी परत जम रही हैं। आस-पास के लोग एवं जनप्रतिनधियों के द्वारा लगातार इस बात की शिकायत करने के बावजूद इन फैक्ट्रियों द्वारा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है और प्रदुषण नियंत्रण विभाग भी केवल खानापूर्ति कर इन मामलो की लीपापोती करने में लगा रहता है। विधायक श्री अकेला ने मामले को गंभीरता से उठाते हुए सदन में अपनी बात रखी।

### हजारीबाग यूथ विंग ने लगाया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग।** स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफलतम आयोजन हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शहर के लक्ष्मी सिनेप्लेक्स सभागार में हुआ। समाज और मानवता के हित में कार्यरत संस्था यूथ विंग के आवाह्न पर महज चंद घंटे में ही यहां 130 यूनिट रक्तदान हो गया। हजारीबाग यूथ विंग टीम द्वारा आयोजित इस एकदिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय और विशिष्ट अतिथि हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने फीता काटकर किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की शुरूआत समाजसेवी महिला प्रमोद विनीता खंडेलवाल ने स्वैच्छिक रक्तदान के साथ की। प्रमुख रक्तदाताओं में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह, मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार, पत्रकार प्रमोद खण्डेलवाल ,नवीन कुमार सिन्हा, संस्था के उपाध्यक्ष विकास केशरी, सदस्य उदित तिवारी,अंकुर केशरी,अनीश जैन, सतेंद्र नारायण सिंह, झारखंड पुलिस के जवान सुनील केशरी सहित कुल 130 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर विशेष रूप से रेड क्रॉस के सचिव तनवीर सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, भाजयुमो नेता आशीष गुप्ता सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

### चरही थाना प्रभारी का किया गया स्वागत

**चरही।** चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार से बुधवार को समाजसेवी आनंद सोरेन,झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हंसदा ,चरही के पूर्व मुखिया महादेव सोरेन ने संयुक्त रूप से औपचारिक मुलाकात किये। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने हर संभव सहयोग करने की आश्वाशन दिये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर प्रकाश सोरेन,बाबूचंद हंसदा, बिशुन मुर्मू ,विकाश टुडू, दिलीप टुडू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### फर्जी भूमि प्रतिवेदन बनाकर हो रहे पीसीसी निर्माण रुकवाने को ले दिया गया आवेदन

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के ग्राम दुधपनिया में विधायक मद से बन रहे पीसीसी पथ के लिए बने भूमि प्रतिवेदन को फर्जी बताते हुए दुधपनियां निवासी रमेश कुमार प्रजापति ने बीडीओ व एसडीओ को आवेदन देकर आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त पथ का निर्माण कार्य उनके जमीन पर किया जा रहा है, जबकि भूमि प्रतिवेदन किसी अन्य जमीन का फर्जी रूप से बना कर किया जा रहा है। उन्होंने मांग किया है कि विकास कार्य में उनका किसी तरह का बाधा उत्पन करना उद्देश्य नहीं है लेकिन विकास कार्य सही एवं वैध तरीके से किया जाना चाहिए। फर्जी भूमि प्रतिवेदन बना कर मनमाने रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसे तत्काल रोका जाए और उचित जांच के बाद दोषियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्यवाही किया जाए। सड़क निर्माण कार्य करवा रहे अर्जुन पंडित से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य विधि सम्मत किया गया है। उनसे कुछ रुपये की मांग की गयी थी, नही देने पर ऐसा आरोप लगाया जा रहा है।

## छात्राएं स्कूल में पढ़ने-लिखने के बजाय काट रही है सब्जी चुन रही चावल से कंकड़

# स्कूल में छात्राओं से बनवाया जाता है खाना

खबर मन्त्र संवाददाता


स्कूल में पढ़ाई छोड़ मिड डे मील का खाना बनाने में जुटी स्कूली बच्चियां।


स्कूल में पढ़ाई छोड़ मिड डे मील का खाना बनाने में जुटी स्कूली बच्चियां।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय हरहंजी से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं पढ़ने आने वाली बच्चियों से मिड डे मील का खाना बनवाते हैं। क्लास रूम में बच्चियों को पढ़ाने के बजाए उनसे चूल्हा चौका कराया जा रहा है। जबकि सभी सरकारी विद्यालयों में मिड डे मील बनाने के लिए रसोईया की प्रतिनियुक्त रहती है। इसके बावजूद छात्राओं से खाना बनवाने में सहयोग लिया जा रहा है। पढ़ाई-लिखाई छोड़कर छात्राएं भोजन तैयार करने में जुटी हैं। वही सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है और शिक्षक बेटी से स्कूल में ही चूल्हा-चौका करा रहे हैं। अभिभावक अपनी बच्चियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्कूल भेजते हैं। लेकिन उन्हें क्या पता कि स्कूल में बच्चियों से खाना बनवाया जा रहा है। सरकार की जिस योजना का मकसद बच्चों को शिक्षा के साथ पोषक आहार देना है, उसी योजना के तहत छोटे बच्चों से स्कूल के शिक्षक खाने बनवाने का काम करा रहे हैं। ज्ञात हो कि सरकार के द्वारा देश में मिड डे मील योजना की शुरू करने का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और अधिक से अधिक बच्चों को स्कूलों से जोड़ना है। मगर स्कूलों में मिड डे मील योजना का बूरा हाल है। स्कूल में बच्चो को सबसे घटिया खाना दिया जाता है। ऐसे में स्कूल में चलने वाली इस योजना पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्कूल में छोटी-छोटी बच्चियां सब्जी काट रही है। वहीं पास बैठी बच्ची चावल से कंकड़ साफ कर रही है। वही छात्राओं से पूछने पर बताया कि हेड मैडम ने उन्हें खाना बनाने के लिए भेजी हैं।बच्चियों को स्कूल आने के बाद खाना बनाने के काम में लगा दिया जाता है। इस बीच शिक्षकों को भी उन्हें पढ़ाने से आराम मिल जाता है। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापिका अर्पणा तिग्गा का कहना है कि छात्राओं से खाना बनाने में सहयोग लिया जाता है। एक रसोइया के तबियत खराब है।एक सेवा निवृत्त हो चुकी जिसकी सूचना उन्होंने बीईईओ को दिया है। लेकिन रसोइया की कुकिंग प्रतियोगिता होने कारण सीआरपी व्यस्त है। जिसके कारण नए रसोईया की बहाली नहीं हो पाई है। इधर अभिभावकों कहना है जिसके हाथ में बच्चे का भविष्य संवारने का है। वह लोग बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बच्चियों द्वारा खाना बनाने के मामले को लेकर उनमें रोष व्याप्त है।

## स्पीड न्यूज

### राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि बने बालचंद


बालचंद साहू।

**ओरमांझी।** राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू द्वारा चंदवे निवासी बालचंद साहू को स्वास्थ्य विभाग प्रखंड कांके का प्रतिनिधि बनाया गया है। उन्होने कहा बालचंद साहू काफी अनुभवी व भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता हैं। जनता को स्वास्थ्य विभाग से संबधित समस्या को दूर करने बेहतर कार्य करेगें। वहीं बालचंद साहू को प्रतिनिधि बनने पर मुखिया गुरूचरण मुंडा, रामलखन मेहता, राधाचरण सिंह, कामेष्वर महतो, द्वारिका ठाकुर, नरेंद्र सिंह, दिनेष कुमार साहू, सत्येंद्र सिंह, विषेष्वर साहू, पप्पु महतो, मोहन साहू, घनष्याम महतो सहित कई लोगों द्वारा बधाई दी गई है।

### बेड़ो में मृतक के परिजनों से मिले समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत


परिजनों से मिलने पहुंचे परमेश्वर भगत।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के टंगरा टोली निवासी 41 वर्षीय किसान राजेश लोहरा एवं बेड़ो खिरदा निवासी 38 वर्षीय गोएंदी उरांव की बुधवार को आकस्मिक निधन की खबर मिलने पर पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत मृतक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। वहीं उन्होंने मृतक के परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। इधर डॉ परमेश्वर भगत ने मृतक के परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। वहीं मौके पर डॉ प्रो नाफर अली, अनिल लोहरा, कृष्णा उरांव, पंचो उरांव व दर्शन लोहरा आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया



**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टिच्यूशन, के अंतर्गत सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन पराशर एवं शैक्षणिक सचिव दिपाली पराशर उपस्थित थे। कार्यक्रम में चित्रकला, तातकालिक प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, सुक्ष्म शिक्षिण, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्रा ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर नर्सिंग की प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव, शिक्षक अंजिला गरी, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी, अर्पणा कुमारी, पूनम छेत्री, अराधना जेवन, तुलसी दास सहित अन्य छात्र छात्राऐं उपस्थित थे।

### हनुमान जी वार्षिक महोत्सव कलश यात्रा

**ओरमांझी।** संतोषी मां की प्राण प्रतिष्ठा व श्रीश्री हनुमान मंदिर शंकर घाट सिलदिरी ओरमांझी की वार्षिक महोत्सव को लेकर बुधवार को गांव की 251 महिलाओं द्वारा कलष यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ निकली कलस यात्रा डोमानदी जलाषय पहुंची। अयोध्या गुरूकुल के यज्ञकर्ता आचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी जी महाराज द्वारा विधिवत पूजन व मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया गया। इस दौराना कलष यात्रा में शामिल भक्तो द्वारा मां संतोषी व श्री हनुमान जी की जयकारा लगा रहे थें। कलष यात्रा के बाद वेदी पुजन संध्या में संगीतमय देवी कथा का आयोजन हुआ। एक मार्च शुक्रवार को महाआरती व भंडारे के धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। इसकी जानाकरी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष भुनेष्वर महतो ने बताया शनिवार को वेदी पुजन, हवन के बाद पूर्णाहुति किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, रणधीर चैधरी, सत्यनारायण तिवारी, श्यामकिषोर महतो, मनोज गुप्ता, नरेंद्र कुमार शामिल थें।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा निकाला गया न्याय यात्रा मार्च




पिस्का नगड़ी। नगड़ी प्रखण्ड झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा बुधवार को न्याय यात्रा मार्च निकाला गया। प्रखण्ड अध्यक्ष विनोद तिर्की के नेतृत्व मे चेटे पंचायत के बलालौग से कुदलौग तक न्याय यात्रा मार्च निकाली गयी। न्याय यात्रा मार्च मे झामुमो जिंदाबाद, हेमन्त सोरेन जिंदाबाद, आदिवासी पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को रिहा करो आदि नारे लगा रहे थे। मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष दानियल एक्का किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राखी देवी प्रखंड उपाध्यक्ष धुचु तिर्की, राजेंद्र महतो, शाहिद हुसैन, प्रमिला देवी सहसचिव पूजा देवी, सुरेश महतो, अल्पसंख्यक मोर्चा नगडी के प्रखंड अध्यक्ष तस्लीम अंसारी फिरोज अंसारी, जाकिर अंसारी, रेयाजुल अंसारी, किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बांदे उरांव, सहित कई लोग मौजूद थे।

## सभी को एक समान पेंशन की मांग उठी


आंदोलनकारी और उनके परिजन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों की बैठक मोहन उरांव की अध्यक्षता में हुई। तिलता जतरा बगीचा में आयोजित बैठक के दौरान समाजसेवी विजय महतो ने चिन्हित 100 आंदोलनकारी और उनके परिजनों को शॉल देकर सम्मानित किया। इससे वह बेहद उत्साहित नजर आये। इसके उपरांत, आंदोलनकारी कल्याण समिति का गठन किया गया। इसमें महावीर विश्वकर्मा, मोहन उरांव, रामनंदन महतो, अशोक राय, पाबईरुष तिर्की, सोमनाथ उरांव, विश्वनाथ पाहन व संजीत कुमार महतो शामिल हैं। प्रस्ताव पारित कर सरकार से सभी को एक समान पेंशन देने और चिन्हितिकरण नियमावली में बदलाव करते हुये जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने की मांग की गई। इससे पूर्व शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। संचालन महावीर विश्वकर्मा ने किया। जबकि, धन्यवाद ज्ञापन अशोक राय ने दिया।

**बैठक में लिया हिस्सा**

सुनील उरांव, बीरेंद्र साहू, शमीम मंसूरी, अरशद अयुब, योगेंद्र गोप, गंगू पाहन, बसंत पाहन पैरारी उरांव, रंजन खलखो, परमेश्वर गोप, राजेन्द्र भगत, राजू महतो, सहयूँ टोपो, रंजीत उरांव, राजेंद्र मिर्धा, त्रिलोक साहू, मीणा देवी, सुकरा उरांव, गौतम दुबे, मो कलीम अंसारी, शिवशंकर महतो, आजम अंसारी, रंजन तिर्की, दुर्गा उरांव, सुरज उरांव, महावीर महतो, बांदे उरांव, विजय भगत, सुखदेव भगत, बलदेव गोप, चंद्रभूषण उरांव, बिमल पाहन, खालिद अंसारी व आलोक उरांव आदि।

## शैलवी राज बडाईक पढ़ाई के साथ खेल में भी अव्वल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कर्रा।** कर्रा प्रखंड के कर्रा गांव निवासी टीसीआइ, डीएवी पब्लिक स्कूल जम्हार के नवी कक्षा की छात्रा शैलवी राज बडाईक खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी अव्वल है। शैलवी राज बडाईक ने इंग्लिश राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही रेल मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तोरपा कोचे मुंडा द्वारा छात्रा शैलवी राज बडाईक को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक कोचे मुंडा कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में जो भी बच्ची बच्चियों पढ़ाई के साथ खेल में आगे बढ़ेंगे मैं उन्हें हमेशा आदरणीय सामान के साथ आशीर्वाद के तौर पर कुछ ना कुछ दूंगा। ज्ञात होगी की शैलवी राज बडाईक कुछ माह पहले बैडमिंटन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पर कहां से एवं स्वर्ण पदक लाई थी। इस संबंध में शैलवी राज बडाईक की उषा कुमारी ने कहीं की सेल्फी ही नहीं हर हर क्षेत्र के बच्चों बच्चियों को पढ़ाई के साथ खेल में आगे रहना होगापढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी भविष्य अपना सुधार सकते हैं। उन्होंने कहीं की हम लोग कोई ट्यूशन या मार्गदर्शन अधिक नहीं कर पाने के कारण आज मेरी बच्ची मां बाप के साथ पूरा परिवार, स्कूल परिवार के अलावे पूरे प्रखंड और क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है।

इनके उजाल भविष्य के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद सोनी, घूरन महतो, कलिंदर राम, मुरहु प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार, विनोद शर्मा, रनिया प्रखंड के पत्रकार कृष्ण कुमार, तोरपा के पत्रकार अजीत जायसवाल, संतोष जायसवाल एवं पूरे प्रखंड के पत्रकार एवं समाजसेवी ने बधाई दिए हैं।

## पिस्का स्कूल के बच्चों को आरओ मिला


प्राचार्य को आरओ प्रदान करते चेतन मालवारी।

**ओरमांझी।** हजारीबाग टोलवे प्रइवेट लिमिटेड (टोल प्लाजा) ओरमांझी द्वारा बुधवार को पिस्का स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों को आरओ दी गई। निदेषक चेतन मालवारी ने विद्यालय के प्राचार्य धनंजय सिंह को आरओ प्रदान किया और कहा बेहतर स्वास्थ्य के लिए शुद्ध पेयजल जरूरी है। बताया आरओ से प्रति घंटा सौ लीटर स्वच्छ व शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। अब से ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल में पढने वाले बच्चों को पीने के लिए बेहतर पानी मिलेगें। वहीं प्राचार्य ने बच्चों के लिए आरओ उपलब्ध कराने के लिए अभार जताया और कहा विद्यालय के चापानल से निकलने वाले पानी में आयरन की मात्रा अधिक है। अब बच्चों को आरओ से बेहतर पेयजल मिलेगा। मौके पर टोल अप्रेषन प्रबंध्क राजेष वर्मा, हाइवे इंजीनियर, सौभव कुमार सौरव भदुरिया, राहुल कुमार व विद्यालय के षिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## खलारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुबोधकांत सहाय से की मुलाकात


सुबोधकांत से मिलते खलारी कार्यकर्ता।

**खलारी।** खलारी कांग्रेस कार्यकताओं ने कांग्रेस खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष साबीर अंसारी के नेतृत्व में बुधवार को पुर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से उनके रांची स्थित आवास में मुलाकात किया। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं से सुबोधकांत सहाय ने विशेष रूप से चर्चा किया। साथ ही सहाय ने आगामी चुनाव को लेकर उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता जालिम सिंह को प्रखण्ड के 14 पंचायतों के सभी पंचायत अध्यक्षों, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एससी एसटी ओबीसी कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस के साथ मिलकर संगठन का विस्तार, संपर्क, समन्वय, संवाद स्थापित करने की विशेष रूप से जिम्मेवारी सौंपी। साथ ही उन्हे प्रखण्ड स्तर पर चुनाव अभियान के लिए टीम बनाकर एक रिपोर्ट जल्द सौंपने को कहा गया जिससे कि चुनाव अभियान का कार्य में तेजी लाया जा सके। वहीं उन्होने पार्टी कार्यकताओं से गांव-गांव एवं टोला मोहल्ला में जाकर पार्टी की नीति सिद्धांतों को बताने को भी कहा। इस दौरान कांग्रेस खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष साबीर अंसारी, जालिम सिंह, धर्मेन्द्र रावत, सुरेन्द्र महतो, विजय मुंडा, शिवप्रसाद चौहान, मोनु रजक सहित सभी पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## भंडरा गांव जाने वाली सड़क बदहाल, कीचड़ में चलने को मजबूर ग्रामीण


भंडरा गांव जाने वाली बदहाल सड़क।

**बेड़ो।** देश भले ही वैश्विक स्तर पर सफलताओं के नए आयाम और कीर्तिमान स्थापित कर रहा हो मगर ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी सड़क बदहाल है। सरकारें भले ही विकास शील होने का दावा के साथ सड़क का जाल बिछाने का ढिंढोरा पिट रही हो मगर जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के नाम पर केवल आश्वसान की घुट्टी पिलाई जा रही है। जहां विकास के इस दौर में हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने के बड़े-बड़े दावे हो रहे हों। वही हल्की वर्षा होने के साथ ही गांव की सड़क बदहाल हो गई। जिससे इटकी प्रखंड के भंडरा गांव के लोगों की मुश्किले भी बढ़ गई है। भंडरा गांव के लोगों को जहां पक्की सड़के न होने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण कई बार सड़क निर्माण के लिए मांग कर चुके हैं इसके बाद भी सड़क निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं किया गया। जिसको लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षा की शुरूआत होते ही कीचड़ की समस्या बनी रहती है। कीचड़ की वजह से आए दिन कोई ना कोई दोपहिया वाहन चालक व पैदल आने जाने वाले राहगीर फिसल कर गिरते रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षा के दिनों में कीचड़ की समस्या रहती है। गांव की सड़क पर कीचड़ होने से ग्रामीण बेहद परेशान रहते हैं। कीचड़ भरे रास्ते से गुरजने वाली महिलाएं व स्कूली बच्चे भी परेशान हैं। सबसे अधिक परेशानी वृद्धों को होती है। ग्रामीणों को साप्ताहिक बाजार व प्रखंड कार्यालय में जाने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने जन प्रतिनिधियों व प्रखंड प्रशासन से टेंगरिया से भंडरा गांव जाने वाली सड़क को बनवाने की मांग की है।

## इटकी इलेवन क्लब ने टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता

खबर मन्त्र संवाददाता


फाइनल मैच के विजेता टीम ट्रॉफी के साथ।

**इटकी।** इटकी इलेवन क्रिकेट क्लब ने कोटा नाईट राइडर्स को सात विकेट से पराजित कर टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। कुंदी मैदान में बुधवार को खेले गये टी-10 लीग ब्लास्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में कोटा नाईट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवर में 53 रन बना सकी। जवाबी पारी खेलते हुए इटकी इलेवन की टीम ने तीन विकेट खोकर 55 रन बना फाइनल मैच जीत लिया। टूनामेंट के मुख्य अतिथि ह्यूमन राइट्स कौंसिल के नेशनल डायरेक्टर आरिफ रजा ने विजेता टीम इटकी इलेवन को ट्रॉफी दिया। जबकि उप विजेता कोटा नाईट राइडर्स को विशिष्ट अतिथि झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष वसीम इकबाल ने ट्रॉफी दिया। फाइनल मैच के मन ऑफ द मैच आसिफ इकबाल, मैन ऑफ द सीरीज जॉय पास्कल को दिया गया। इससे पूर्व कुंदी इलेवन बनाम इटकी इलेवन और कोटा नाईट राइडर्स बनाम एन एस सी पिरुटोला के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। प्राइज वितरण समारोह में मुख्य रूप से कुंदी अंजुमन के सदर सिद्दीक अंसारी, हजरत अंसारी, राकेश गोप, इमरान, एजाज, आरिफ, अंजर, आफताब, गणेश, शकील, शमीम, खुर्शीद, कौसर, हसीबुल, वसीम सहित अन्य शामिल थे।

## एक नजर में

### रातू में महिला पारा टीचर से एक लाख की छिनतई, घर बनाने बैंक से निकाले थे रुपये

**रातू।** रांची के रातू थाना क्षेत्र में एक महिला सहायक शिक्षिका (पारा टीचर) से बुधवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े एक लाख रुपये छीन लिये। घटना रातू थाना क्षेत्र के फुटकलटोली के समीप हुई। बाईक सवार दो अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार रांची के हेहल जामुनटोली निवासी सहायक शिक्षिका मीना तिर्की थैले में एक लाख रुपए लेकर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बाइक सवार दो लोग आए और झपट्टा मारकर उनका थैला लेकर फरार हो गये। मीना तिर्की बिजुलिया स्कूल में पारा टीचर हैं। घर बनाने के लिए बुधवार को अपने पति सोहराई उरांव के साथ बैंक ऑफ इंडिया रातू चट्टी ब्रांच गयी थीं। बैंक से एक लाख रुपए निकाले और थैले में लेकर अपने घर जा रहीं थीं। पिर्रा रोड स्थित एनबी पेट्रोल पंप से अपनी स्कूटी (जेएच 01डीए 8657) से जब घर जा रही थी, तभी फुटकलटोली के समीप पीछे से अचानक बाईक सवार दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

### सिरखाटोली में स्कूटी- बाईक में टक्कर, स्कूटी से गिरी शिक्षिका को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**ओरमांझी।** बुधवार दोपहर थनाक्षेत्र के सिरखाटोली में बाईक और स्कूटी की टक्कर में साधना झा नामक महिला की मौत हो गयी। जबकि बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सिरखाटोली ऑफिसर मेस के समीप शिक्षिका साधना अपनी स्कूटी नंबर जेएच01डीएन 9307 से अपने घर वापस लौट रही थी, उसी दौरान विपरित दिशा से आ रहे बाइक संख्या जेएच01एफएच 6909 ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें साधना स्कूटी सहित बीच सड़क पर गिर गयी और उधर से गुजर रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हे अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। बाईक सवार दोनो युवक भी दुर्घटना में घायल हो गए, घायलों को सेना के अधिकारी ने अपने वाहन से सीएचसी पहुंचाया वही मृतका के षव को आटो से अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि साधना डीएवी सीसीएल में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी। उनके पति संजय झा की नामकुम सदाबहार चैक पर टाईल्स मार्बल्स की दुकान है।

### केडीएच कोलयरी का सत्ता सेल्स ऑफिसर के हाथों में

**खलारी।** केडीएच परियोजना कोल डंप में सब्जी मंडी के तरह कोयला छांट कर उठाव करना व कराना पूरा का पूरा सेल्स ऑफिसर के जिम्मे होता था। इसके लिए लिफ्टर व डीओ होल्डरों से स्टीम कोयला देने के नाम पर प्रति टन के हिसाब से अवैध वसूली करते रहते थे। और अवैध वसूली का पूरा मालिकाना हक सीसीएल नही सीसीएल के सेल्स ऑफिसर का होता था। इस अवैध वसूली में डीओ होल्डर से स्टीम कोयला (अच्छे गुणवक्ता वाले कोयला) के नाम पर प्रति टन 100 से 125 रुपये तक का वसूली किया जाता था। केडीएच परियोजना से अवैध वसूली की खबर स्थानीय अखबार में छपने के बाद सेल्स ऑफिसर के द्वारा स्टीम कोयला देना बंद हो गया। साथ ऑफिसर का अवैध वसूली भी बंद हो गया। सेल्स ऑफिसर का अवैध वसूली बंद हो जाने के बाद अंग्रेजी हुकूमत कानून जारी कर कोयला उठाव कराया जा रहा हैं। इसमें लिफ्टरों व डीओ होल्डरों को आड़े हाथों लेकर सत्ता का बखूबी इस्तेमाल किया जा रहा है। केडीएच कोल डंप में सीआईएसएफ की तैनाती कर दिया गया है। सीआईएसएफ के तैनात से कोयला लिफ्टर या डीओ होल्डर को डंप में जाने की अनुमति नही है। उधर लिफ्टरों का कहना है कि स्थानीय अखबार मे खबर छपने के बाद से जी 10 का कोयला स्टॉक में रेजिंग नही दिया जा रहा है। सेल्स ऑफिसर के द्वारा बोला जा रहा है कि स्टॉक में जो कोयला पड़ा हुआ है,वही उठेगा। कोल डंप में धूल गर्द,पत्थर बैंड कोयला ही पड़ा हुआ है। इसका पता तब चलता है जब ट्रक डंप से कोयला उठाव कर के बाहर निकलता है। लिफ्टर डीओ होल्डर को जेनरल कोयला उठाव भी करना है।

### ग्रामीण ट्रक ऑनर एसोसिएशन पिपरवार ने जीएम को सौंपा ज्ञापन


मुख्य अतिथि के साथ विजेता बच्चें।

**पिपरवार।** ग्रामीण ट्रक ऑनर एसोसिएशन एक प्रतिनिधिमंडल पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय से मुलाकात कि।प्रतिनिधिमंडल ने ट्रक मालिकों की वर्तमान में हो रही समस्या से उन्हें अवगत कराया। मालिकों को लगाने की पहली प्राथमिकता एवं तय भाड़ा संबंधित आवेदन पत्र ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विजय कुमार महतो, महेंद्र गंझू, अर्जुन गंझू, अमर कुमार महतो, प्रेम कुमार ठाकुर, राजकुमार गंझू, लियाकत अंसारी, इदरीश अंसारी, रचित गंझू, रामबालक गंझू, दिलीप गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी बच्चों की प्रतिभा



**ओरमांझी।** राज्यकीय उच्च विद्यालय पिस्का ओरमांझी में गुरूवार को विज्ञान प्रदर्षनी का आयोजन हुआ। विद्यालय में बढ़ने वाले ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्षनी के माध्यम से अपनी विज्ञानी सोंच व प्रतिभा का प्रदर्षन किया। अतिथियों द्वारा बच्चों की प्रर्यावरण संरक्षण व सुक्षम दर्षन व जलषोधक यंत्र सहित कई प्रदर्षनी की काफी सरहाना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टोल प्लाजा के निदेषक चेतन मालवारी ने उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत किया, और कहा ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के बच्चों में भी काफी प्रतिभाए हैं। विज्ञान प्रदर्षनी के माध्यम से बच्चों को अपनी विज्ञानी सोंच को सामने लाने का अवस मिलता है। विधालय के प्रचार्य धनंजय सिंह व अन्य षिक्षक आदि उपस्थित थें।

### विरसा विस्थापित प्रभावित मंच ने ग्राम सभा कर एनके जीएम ऑफिस धरना पर बनी रणनीति

**खलारी।** विरसा जागृति विद्यालय मैदान में विरसा विस्थापित प्रभावित मंच के द्वारा ग्राम ढूब, पेटपेट, विरसा नगर, अगरवा, गंझू टोल के ग्रामीणों ने ग्राम सभा किया। ग्राम सभा की अध्यक्षता बहुरा मुंडा व संचालन रामेशवर भोगता ने किया। ग्रामसभा में रोहणी करकट्टा विस्तारीकरण में दस मिलयन 863 .29 हेक्टर भूमि सीबी एक्ट तहत भूमि अधिग्रहण किया जाना है। बताया जाता हैं कि रोहणी परियोजना पदाधिकारी के द्वारा तुमांग मुखिया, आंचल खलारी आदेशानुसार राजस्व गांव तुमांग करकटा, नवाडीह, हेसालोंग, मायापुर ग्राम का अनापत्ति प्रमाण-पत्र सी सी एल को देना है। लेकिन सी सी एल प्रबंधन के माध्यम से अस्पष्ट नही हुआ है कि कौन सा ग्राम विस्थापित होना है। सीसीएल अगर विस्थापित करती है तो पूर्णवास का स्थान कहा है। विस्थापित होने वाले परिवारों को सीसीएल प्रबंधन सभी गांव वाले को अस्पष्ट जानकारी सामूहिक रूप दिया जाय। साथ ही एनके एरिया सी सी एल प्रबंधन द्वारा विस्थापित तथा प्रभावित गांव वाले के प्रति शैक्षणिक, चिकित्सा, कौशल विकास, समतलीकरण, प्राकृतिक पेड़, औषधीय पेड़ो का संरक्षण सहित मुद्दों पर ध्यान दें। कुछ तथा कथित व्यक्तियों के इसारे पर बड़ी परियोजना नही चलेगी। इसलिए ग्रामीणों ने सर्व सहमति से महाप्रबंधक एन के एरिया को विस्थापित प्रभावित के अनेकों जन समस्याओं को लेकर विरसा विस्थापित प्रभावित मंच के द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। मौके पर उमेश लोहरा, किशुन मुंडा, रवि भोगता,लालमणि भोगता, लालू मुंडा, रामप्रसाद मुंडा, विनोद भोगता, सुरेश मुंडा, नरेश मुंडा, मनकु मुंडा, मेघु मुंडा, राजकुमार भोगता, राजेश मुंडा सहित अन्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## वन अधिकार समिति की हुई बैठक



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत स्थित कौलेश्वरी मां मंदिर प्रांगण में बुधवार को वन अधिकार समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता खुशहाल दांगी व संचालन विजय भारती ने किया। बैठक में कई यहम निर्णय ली गई। सर्व समिति से निर्णय लिया गया की व्यक्तिगत दावा एवं सामुदायिक नापी को लेकर इसकी सूचना अंचल अधिकारी को दिया जाएगा। इसकी जानकारी लिखित के साथ वन विभाग को भी दी जाएगी। ग्राम सभा के आदेशन अनुसार अमीन को भी लिखित सूचना दी जाएगी। साथ ही अन्य जानकारी पर ने विचार विमर्श किया गया। मौके पर भुवनेश्वर दांगी, मुसाफिर कुशवाहा, प्रतिमा देवी, राहुल कुमार, संतोष कुमार, मुकेश कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सीओ ने किया पेवर्स निर्माण का निरीक्षण



**गिद्धौर।** प्रखंड के बगल में स्थित सूर्य मंदिर परिसर में पेवर्स ब्लॉक निर्माण का अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बुधवार को निरीक्षण किया। सीओ ने पेवर्स ब्लॉक व सूचना पट का अवलोकन किया। इस दौरान सीईओ राकेश सहाय ने बताया कि उपायुक्त अबू इमरान के निर्देशानुसार प्रखंड में डीएमएफटी मद से बनाए गए कई योजनाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने का निर्देश आया है। जिसे ले योजनाओं का स्थल पर पहुंच निरीक्षण कर रहे हैं।

## हाईवा की चपेट में आने से युवक घायल स्थिति गंभीर



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत जपुआ में चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क में कोलवाहन हाईवा के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक बरियातू गांव के विजय यादव का पुत्र मुनेश्वर यादव है। बरियातू के समाजसेवी पवन विश्वकर्मा के तत्परता से घायल युवक को निजी वाहन से इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज कर बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि युवक अपाची बाइक से गिद्धौर की ओर से अपना घर वापस जा रहा था। इसी बीच कटकमसांडी चतरा की ओर जा रही हाईवा के चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सुचाना पाते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बाइक व कोलवाहन हाइवा को अपने कब्जे में कर लिया है।

## झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन का प्रथम जिला सम्मेलन संपन्न



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन एवं सीटू से सम्बद्ध झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन का प्रथम जिला सम्मेलन सरकारी बस स्टैंड झुमरीतिलैया में बुधवार को संपन्न हुआ। अध्यक्षता टैम्पो चालक संघ के मो. रफीक ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने कहा कि परिवहन मजदूरों के साथ दबंग और पुलिस के लोग शोषण करते हैं। जिसके खिलाफ यूनियन की एकता को मजबूत कर लड़ाई लड़ना होगा। सीटू नेता और निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि संघर्षों के चलते टैम्पो चालकों के लिए पुराना नगरपालिका के पास टैम्पो स्टैंड का बोर्ड लगा, हमें ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष करना है, जिसके लिए हमें परिवहन क्षेत्र के सभी चालकों को यूनियन में जोड़ना होगा और आंदोलन को तेज करना होगा। वहीं मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि हिट एण्ड रण कानून के खिलाफ देशभर के लाखों ड्राइवरों ने एक और दो जनवरी को ऐतिहासिक चक्का जाम किया था और केन्द्र सरकार हिल गई थी। जिसके कारण इस काला कानून से पिछे हटने पर सरकार को मजबूर होना पड़ा। केन्द्र की वर्तमान मोदी सरकार मजदूर वर्ग पर लगातार हमला कर रही है।

## ग्रिजली कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मना

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर हाउस वाइज पर पीपीटी. प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें राधाकृष्णन हाउस, जेसीबोस विवेकानंद हाउस-सीवी. रमन रूसो हाउस-एलबर्ट आइंस्टीन एवं अरस्तू हाउस ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के विज्ञान के क्षेत्र में विविध योगदानों, शैक्षिक एवं उनके जीवन परिचय को प्रस्तुत किये। जिससे प्रशिक्षुओं में वैज्ञानिकों के उनके महान कार्यों से प्रेरीत होते हुए अपने जीवन में आत्मसात करने को लेकर संकल्पित हुए। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधाकृष्णन हाउस द्वितीय स्थान विवेकानंद हाउस एवं तृतीय स्थान अरस्तू हाउस ने प्राप्त किया। ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम के शिक्षक कुमार राजीव एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने संयुक्त रूप से निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने सभी प्रशिक्षुओं एवं महाविद्यालय के सभी सदस्यों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कि बाई देते हुए कहा कि वैज्ञानिकों के महान आविष्कारों से मानव जीवन सार्थकता की ओर निरंतर अग्रसर है।

# जेएन टाटा की 185 वीं जयंती 3 को, तैयारी शुरू

### टाटा स्टील ने समारोह को दिया अंतिम रूप, इस वर्ष संस्थापक दिवस की थीम है 'टेक्नोलॉजी फॉर पीपल एंड प्लैनेट'

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील 3 मार्च, 2024 को जमशेदपुर में अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 185वीं जयंती मनाने की तैयारी कर रही है। इस वर्ष के संस्थापक दिवस की थीम 'टेक्नोलॉजी फॉर पीपल एंड प्लैनेट' है। संस्थापक दिवस पर जुबिली पार्क समेत जमशेदपुर के 50 स्थानों पर एक साथ विद्युत सज्जा का उद्घाटन बटन 2 मार्च की शाम 6.30 बजे टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन दबायेंगे। इस अवसर पर टाटा स्टील के निदेशकमंडल के सदस्यों के साथ कंपनी के एमडी एंड सीईओ टीवी नरेंद्रन अपनी टीम के साथ मौजूद रहेंगे। अगले दिन 3 मार्च को सुबह 7 बजे से टाटा स्टील वर्क्स में संस्थापक दिवस पर भव्य श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में टाटा स्टील एवं उसकी सहयोगी कंपनियां भव्य मार्च पास्ट एवं झांकियों के जरिए संस्थापक को श्रद्धांजलि देंगी। इसके बाद पोस्टल पार्क में सुबह 9.15 बजे से आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में चेयरमैन और निदेशक मंडल के सदस्य भाग लेंगे और शहर की 17 संगठनों द्वारा प्रस्तुत झांकियों का अवलोकन करेंगे।घुड़सवारों द्वारा परेड, एनसीसी कैडेटों द्वारा परेड, स्किट, नुक्कड़ नाटक आदि इस अवसर पर आकर्षण होंगे।

उक्त जानकारी यहां एक संवाददाता सम्मेलन में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने दी। इस अवसर पर टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा और सीनियर जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा भी मौजूद थे। हर साल, टाटा स्टील अन्य टाटा समूह की कंपनियों के साथ संस्थापक की जयंती और सामुदायिक कल्याण को केंद्र में रखते हुए औद्योगिक भविष्य के उनकी दूरदर्शी सोच का जश्न मनाती है। जे एन टाटा ने 1870 के दशक में मध्य भारत में एक कपड़ा मिल से अपनी उद्यमशीलता यात्रा शुरू की थी। उनकी दूरदर्शिता ने भारत में इस्पात और बिजली उद्योग को प्रेरित किया, तकनीकी शिक्षा की नींव रखी और देश को औद्योगिक देशों की श्रेणी में शामिल होने में मदद की।

समारोह में पूरे जमशेदपुर में 50 से अधिक महत्वपूर्ण स्थलों पर रोशनी की जाएगी, जिसमें हेरिटेज बिल्डिंग, पूजा स्थल और चौराहे शामिल हैं। इन प्रदर्शनों में उपयोग की जाने वाली रंगीन रोशनी न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाएगी बल्कि इस अवसर को यादगार भी बनाएगी। पूरी दुनिया के दर्शकों के लिए जमशेदपुर वर्क्स में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का टाटा स्टील के आधिकारिक फेसबुक पेज पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। संस्थापक दिवस के खेल कार्यक्रम जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और गोपाल मैदान में भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें कर्मचारियों और समुदाय के मनोरंजन के लिए कई खेल गतिविधियां शामिल होंगी।

**जुबिली पार्क में 2 मार्च से 5 मार्च तक रहेगी विद्युत सज्जा :** जुबिली पार्क की विद्युत सज्जा दशकों से जमशेदपुर और इस शहर में आने वाले मेहमानों के लिए आकर्षण का केंद्र होती हैं। इस बार शहरवासी 3 मार्च से 5 मार्च तक विद्युत सज्जा का अवलोकन कर पायेंगे। विद्युत सज्जा शाम पांच बजे से रात्रि 10 बजे तक पैदल जुबिली पार्क में देखी जा सकेगी। पार्क में शहरवासी एवं मेहमान साकची गेट, पारसी टेम्पल गेट और सेंटर फॉर एक्सीलेंस गेट से प्रवेश कर सकेंगे। चार पहिया वाहन से शहरवासी रात्रि 10 बजे से रात्रि 11.30 बजे तक लोग घुम सकेगें। वाहनों को सेंटर फॉर एक्सीलेंस गेट से इंट्री दी जायेगी।

**लेजर शो की टाइमिंग:** जुबिली पार्क में 2 मार्च से 5 मार्च तक लेजर शो तीन बार दिखाया जायेगा। इसकी टाइमिंग है शाम 7 बजे से 7.30 बजे तक, शाम 7.45 बजे से रात्रि 8.15 बजे तक और रात्रि 8.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक। टाटा स्टील यूआइएसएल के सीनियर जीएम वीपी सिंह ने कहा कि जुबिली पार्क समेत पूरे शहर में विद्युत सज्जा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं किन्तु शहरवासियों से आग्रह है कि पार्क एवं गोलचक्करों व पेड़ों पर किए गए विद्युत सज्जा से कम से कम 2 मीटर दूर रह कर इसका अवलोकन करें।

**जुबिली पार्क में रहेंगे 400 जवान :** जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा देखने के लिए जमशेदपुर के अलावा झारखंड,प बंगाल और ओडिसा के सीमावर्ती इलाकों से लोग परिवार के साथ आते हैं। भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा के लिए जुबिली पार्क में 250 पुलिसकर्मी और 150 निजी सिक्योरिटी एजेंसी के जवान तैनात रहेंगे। टाटा स्टील यूआइएसएल के सीनियर जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा ने खबर मन्त्र को बताया कि जुबिली पार्क में भीड़ पर सीसीटीवी के साथ-साथ ड्रोन से भी निगरानी की जायेगी। पार्क के भीतर वाच टावर एवं हेल्प डेस्क भी बनाये गए हैं। यहां पर एम्बूलेंस और आपात चिकित्सा टीम दवाओं और उपकरणों के साथ तैनात रहेगी। **ग्रीन कोरिडोर :** 2 मार्च से 5 मार्च तक शाम से लेकर रात्रि 11 बजे तक जबर्दस्त ट्राफिक जाम की स्थिति बिष्टुपुर गोलचक्कर से लेकर साकची गोलचक्कर, सर्किट हाउस गोलचक्कर एवं पुराना कोर्ट गोलचक्कर पर रहेगी। ऐसे में अगर ब्रम्हानंद अथवा टाटा मेन हॉस्पिटल जाने वाले एम्बूलेंस के लिए आपात स्थिति में ग्रीन कोरिडोर बनाने की तैयारी टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआइएसएल ने कर रखी है और इसके लिए जिला पुलिस के साथ समन्वय बना रहेगा।

# मुआवजा की मांग, निर्माण कार्य रोका

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** लंबित जमीन मुआवजा भुगतान, रोजगार समेत विभिन्न मांगो को लेकर धनगड़ा गांव के ग्रामीणों ने शिवपुर कठौतिया रेलवे निर्माण कार्य को ठप करा दिया है, जिससे ब्रिज निर्माण व मिट्टी ढुलाई कार्य बाधित रही। बुधवार को दर्जनों ग्रामीण निर्माण स्थल पहुंचे और सभी कार्य को बंद करा दी। ग्रामीणों ने बताया कि चतरा भू अर्जन विभाग की लापरवाही का खामियाजा रैयत भुगत रहे है। विभाग द्वारा 19 एकड़ का मुआवजा भुगतान से संबंधित नोटिस नहीं किया गया है जिसके कारण किसानों को मुआवजा लेने में दिक्कते आ रही है। जबकि निर्माण एजेंसी मिलेनियम कंपनी द्वारा जमीन पर मिट्टी भर दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा की संवेदक द्वारा बगैर सीमांकन किए ही मिट्टी भरा जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में ओहापोह की स्थिति बनी हुई है। गांव चंद्रदेव साहू, शंकर साहू,सुगन साहू ,जीवन राम,तपेश्वर राम, सकेंद्र राम ने बताया कि कंपनी प्रबंधन, ग्रामीणों के साथ छल कर रहा है। रैयतो व ग्रामीणों को रोजगार से भी बेदखल कर रही है कंपनी में बाहरी लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है जिसके कारण आक्रोश पनप रहा है। बताया गया है की उपर्युक्त मांगो से संबंधित ग्रामीणों लिखित उपायुक्त से की थी फिर भी भू अर्जन विभाग द्वारा मुआवजा भुगतान नहीं किया गया और न ही अन्य मांगों को पूरा किया गया।

## गिद्धौर में चोरों का आतंक जारी

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक जारी है। चोरी की अलग-अलग घटनाओं में थाना क्षेत्र में सक्रिय चोरों ने लाखों रूपए मूल्य का सामान समेत नकदी चोरी कर लिया है। थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रोज-रोज बढ़ती जा रही हैं। पुलिस चोरों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। चोरों ने मंगलवार रात दो और चोरी की घटना का अंजाम दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा शिव मंदिर के समीप मंगलवार रात करीब नौ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार माथाडीह डोमचांच निवासी 33 वर्षीय पवन कुमार साव पिता स्व. राजकुमार साव तिलैया से अपने घर मोटरसाइकिल संख्या पीबी 10डीडब्लू/ 6229 से वापस लौट रहा था। इसी क्रम में इंदरवा शिव मंदिर के समीप अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिसमें उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग के द्वारा घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

### आइएमए ने डॉ.सौरभ के अव्यवहारिक रवैए के प्रति जताया रोष

## चिकित्सकों व अधिकारियों पर की जा रही टिप्पनी चिंताजनक : डा. आरपी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आइएमए ने डॉ. सौरभ कुमार के अव्यवहारिक रवैए के प्रति रोष जताते हुए एक कमेटी बनाकर जांच का निर्णय लिया गया है। पत्रकारों से बात करते हुए आईएमए अध्यक्ष डा. आरपी शर्मा ने संबंधित चिकित्सक द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से चिकित्सकों व अधिकारियों को लेकर की जा रही टिप्पनी को चिंताजनक बताया। कहा की विगत कुछ दिनों से संबंधित डॉक्टर द्वारा विवादित बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो बिल्कुल सही नहीं है। वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि एक चिकित्सक किसी जाति व धर्म का नहीं होता। उनके अमर्यादित आचरण को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा की विगत 6 माह के दौरान सदर अस्पताल में स्वास्थ सुविधाएं बेहतर हुई है। ओपीडी में करीब 1000 मरीजों का प्रतिदिन इलाज किया जा रहा है। पैथोलॉजी लैब में जांच का समय बढ़ाकर सुबह 9 बजे रात 9 बजे रात तक किया गया है। चिकित्सक व कर्मियों की सही समय पर डियूटी सुनिश्चित की गई है। गर्मी को देखते हुए मरीजों के लिए पेयजल की बेहतर व्यवस्था की गई है। इन दिनों पीपी मोड के तहत सदर अस्पताल में छोटी बड़ी सभी तरह के सर्जरी की जाने लगी है। वहीं डा. सुजीत कुमार राज ने कहा कि आइएमए की बैठक में भी मामले को जानने का प्रयास किया गया, लेकिन संबंधित चिकित्सक का रवैया विरोध करने वाला रहा है, जो सही नहीं है। वहीं डॉ. नरेश पंडित ने कहा कि एक डॉक्टर का अस्पताल में पार्टी मानना कहीं से अच्छा नहीं है। वहीं डॉ. शरद कुमार ने कहा कि यह मुद्दा बहुत गंभीर है। कमेटी गठित कर इसकी जांच होनी चाहीए। वहीं डॉ. विकास चंद्रा, डॉ. सुनील मोदी, डॉ. रमण कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया के मायम से किसी चिकित्सक द्वारा गलत बयानबाजी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहीए।

# लापता बच्चे का शव कुएं से बरामद

### आपसी रंजिश में हत्या की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता



मृतक अभिनंदन कुमार की फाइल तस्वीर

**चतरा।** जिले के नक्सल प्रभावित लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा गांव में एक कुएं से छह वर्षीय बच्चे का शव बरामद किया गया है। शव इसी गांव के सिकंदर साव के बेटे अभिनंदन कुमार का है। अभिनंदन बीते दो दिनों से लापता था। परिजनों ने लावालौंग थाना में शक के आधार पर अपहरण का मामला दर्ज कराते हुए पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई थी। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद लापता बच्चे की तलाश में जुट गई थी। लमटा गांव के ग्रामीण भी अपने स्तर से बच्चे की खोजबीन में लगे हुए थे, लेकिन बच्चे का कहीं सुराग नहीं मिला। इसी बीच ग्रामीणों को गांव के ही जर्जर कुएं में शव तैरने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को मामले की सूचना दी। इसके बाद लावालौंग थाना के प्रभारी रूपेश कुमार रॉय ने लमटा पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार कुछ माह पूर्व भी गांव में प्रिंस कुमार नामक एक किशोर की मृत्यु भी इसी तरह से हुई थी। वह भी दो दिनों से लापता था। खोजबीन के दौरान उसका शव भी गांव के एक कुएं से ही बरामद किया गया था। बच्चे का शव कुएं से मिलने के बाद परिजनों में मचा कोहराम। बच्चे का शव कुएं से मिलने के बाद परिजनों में मचा कोहराम। इधर बच्चे का शव मिलने के बाद मृतक के पिता सिकंदर साव ने आपसी रंजिश में अपने बेटे की हत्या की आशंका जाहिर की है। कहा कि दो दिन पूर्व पुराने जमीन विवाद को लेकर गांव के कुछ लोगों के साथ विवाद हुआ था। मृतक के चाचा निरंजन साव ने बताया कि गांव के ही विकास साव के साथ बकझक हुई थी। इसी क्रम में विकास साव, ठकुरी साव और पंकज कुमार ने खानदान उजाड़ने की धमकी दी थी। इसी घटना के बाद से बच्चा दोपहर 12 बजे से गायब हो गया था। इधर, पुलिस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## टकलू लोहार हत्याकांड का शूटर,साजिशकर्ता धराया

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने टकलू लोहार हत्याकांड में शामिल दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीनियर एसपी किशोर कौशल ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस की टीम लगातार इस हत्याकांड के मामले को लेकर छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान 27 फरवरी को एक सूचना के आधार पर कांड में शामिल दो अपराध कर्मी परसुडीह नामी टोला निवासी सौरव यादव उर्फ साहिल यादव उर्फ गोलू (22 वर्ष) को और पुलियां शिवाजी पथ निवासी 23 वर्षीय रघुनाथ मन्ना उर्फ रघु को एनएच-33 के पास मुखियाडांगा से गिरफ्तार किया गया। साथ ही उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त किए गए देसी कट्टा के साथ एक .315 बोर का कारतूस और दो मोबाइल बरामद किया गया।

# मरकच्चो-बरियारडीह पथ हो रहा प्रतिदिन जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-कोवाड व मरकच्चो-बरियारडीह पथ कोडरमा, गिरिडीह, कोलकाता, पटना व रांची जाने का सीाी सड़क है। इस कारण लंबी रूट की गाड़ियों के अलावा इस सड़क पर कई लोकल वाहनों एवं हाइवा का परिचालन होता रहता है। मरकच्चो में प्रतिदिन जाम लग जाना आम बात हो गई है। शाम में प्रतिदिन बनन चौक, दुर्गा मंदिर, बाजार रोड व बड़ा अखाड़ा में जाम लग जाना नियति बन चुकी है। रविवार की शाम यह नजारा बनन चौक के समीप सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के पास देखने को मिला। सबसे आकि परेशानी गुरुवार को लगने वाली साप्ताहिक हाट के दिन होती है। यह साप्ताहिक हाट गुरुवार को दिन 2 बजे से शाम 7 बजे तक लगता है। साप्ताहिक हाट के दिन बाजार जाने-आने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। प्रखंड के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन से गुरुवार के दिन 2 बजे से शाम 7 बजे तक उक्त रोड पर नो इन्ट्री लगाने व उक्त समय पर गाड़ियों के परिचालन को लक्षु पहाड़ी बड़ा अखाड़ा होते हुए चलाने की मांग की है तथा गुरुवार को हाइवा का परिचालन 2 बजे दिन से 7 बजे तक बंद रखने की मांग की है।


**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग**
Email Id- districtsportsofficehzb@gmail.com

पत्रांक– 92 दिनांक– 28.02.2024

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–81 / उपा0 राँची, दिनांक– 22.02.2024 के निदेश के आलोक में हजारीबाग जिले में संचालित निम्नांकित डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं के चयन हेतु दिनांक 05.03.2024 को हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन स्टेडियम) में प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वाहन 9:00 बजे से अपराहन 4:00 बजे तक किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विधा | प्रतिभा चयन का स्थल | संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक का नाम एवं दूरभाष संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डे–बोर्डिंग बालक हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र, न्यू स्टेडियम, हजारीबाग। | हॉकी | कर्जन स्टेडियम, हजारीबाग | श्री कोलेश्वर गोप मो0 नं0– 8789590708 | |
| 2. | डे–बोर्डिंग बालिका हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र, न्यू स्टेडियम, हजारीबाग। | हॉकी | | श्री संदीप खलखो मो0 नं0– 7870884009 | |
| 3. | डे–बोर्डिंग बालक हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र, मसी मारसल उच्च विद्यालय चरही, हजारीबाग। | हॉकी | | श्री कुन्दन कुजूर मो0 नं0– 6201090752 | |
| 4. | डे–बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स प्रषिक्षण केन्द्र, कर्जन स्टेडियम, हजारीबाग। | एथलेटिक्स | | मोदस्सीर खान मो0 नं0– 9110998750 | |

उपरोक्त डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में चयन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षक के मोबाईल नं0 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण (बालक / बालिका) में प्रशिक्षुओं के नामांकन हेतु शर्तें एवं मानक निम्नवत् है।**

नोट :–
1. खिलाड़ियों का चयन बैटरी एवं स्कील टेस्ट के द्वारा किया जायेगा।
2. खिलाड़ी वर्तमान वित्तीय वर्ष के 1 अप्रैल को 08 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 12 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो।
3. प्रशिक्षुओं हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र।

(क) जन्म प्रमाण पत्र (ख) आधार कार्ड
(ग) आवासीय / स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (घ) दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, हजारीबाग

PR.NO.320696 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24):D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड
अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)

**PR No.- 318081 Dated : 06.02.2024**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:-345 /2023-24 दिनांक :-28.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ?क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-RAN-07/2023-24 | नगड़ी | 1 | एन०एच०–75 नगड़ी सुन्दर नगर भाया साहेर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 5.350 कि०मी०) | 1112.871 | ग्यारह करोड़ बारह लाख सतासी हजार एक सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | नगड़ी | 2 | एन०एच०–23 पी०डब्ल्यू०डी० रोड से अगडू डाहर भाया केसारो गाँव तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0 - 2.350 कि०मी०) | | | |
| | | रातु | 3 | छोटकाटोली से एन०एच०–75 मुरगू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0 - 2.030 कि०मी०) | | | |
| | | नगड़ी | 4 | बाजपुर हिसरी से चौली मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0 - 1.500 कि०मी०) | | | |
| | | रातु | 5 | भोंडा से पिपरा गुडू भाया पतराटोली पंचडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0 - 9.000कि०मी०) | | | |
| | | नगड़ी | 6 | दलादली रिंग रोड से सिमलिया नायाटोली भाया आई०सी०एफ०ए०आई० यूनिवर्सिटी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0 - 2.660 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–29.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 13.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–14.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ....................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता जे०एस०आर० आर०डी०ए०, राँची।

PR 320761 Rural Work Department(23-24)D

# बीसीसीआइ के नये सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से 'बागी' ईशान व अय्यर की छुट्टी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ ने खिलाड़ियों की सलाना कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है। सीजन 2023-24 के लिए जारी की गई इस लिस्ट में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन का नाम नहीं है। दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया था। इस कारण बोर्ड नाराज था। उसका असर कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में देखने को मिला। बीसीसीआइ ने अपने बयान में कहा कि अय्यर और ईशान को वार्षिक अनुबंध नहीं दिया गया है। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह को ग्रेड-सी में जगह मिली है। ए प्लस ग्रेड में कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा हैं। बीसीसीआइ ने इस साल 30 खिलाड़ियों को अनुबंध दिया है। यह एक अक्तूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक के लिए है। बोर्ड ने इस बार एक नई परंपरा जारी की है। उसने तेज गेंदबाजी अनुबंध भी अलग से दिया है। इस लिस्ट में आकाश दीप, विजयकुमार वैश्यक, उमरान मलिक, यश दयाल और विद्वथ कावेरप्पा शामिल हैं।



### मोहम्मद सिराज और शुभमन गिल का प्रमोशन

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और शुभमन गिल के साथ ही केएल राहुल का प्रमोशन हुआ है। ये तीनों खिलाड़ी पहले ग्रेड बी में थे। अब इन्हें ग्रेड ए में कर दिया गया है। वहीं अक्षर पटेल ए से बी में चले गए हैं। करीब एक साल पहले रोड एक्सीडेंट में घायल हुए ऋषभ पंत भी ए से बी में चले गए हैं। पंत इस साल आईपीएल से क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर सकते हैं।

### बीसीसीआइ ने अपने बयान में क्या कहा?

इसके अलावा जो खिलाड़ी इस अवधि के भीतर न्यूनतम तीन टेस्ट या आठ वनडे या 10 टी20 खेलने के मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें स्वचालित रूप से आनुपातिक आधार पर ग्रेड सी में शामिल किया जाएगा। उदाहरण के लिए- ध्रुव जुरेल और सरफराज खान ने अब तक दो टेस्ट मैच खेले हैं, अगर इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के पांचवें टेस्ट में भाग लेते हैं, तो उन्हें ग्रेड सी में शामिल किया जाएगा। बीसीसीआइ ने सिफारिश की है कि सभी एथलीट उस अवधि के दौरान घरेलू क्रिकेट में भाग लेने को प्राथमिकता दें जब वे राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों।

**ग्रेड ए+ :** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा।

**ग्रेड ए:** रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या।

**ग्रेड बी:** सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल।

**ग्रेड सी:** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार।

### खिलाड़ियों को कितने पैसे मिलते हैं?

ग्रेड ए प्लस में शामिल खिलाड़ियों को सालाना सात करोड़ रुपये मिलते हैं। ए ग्रेड में पांच और बी ग्रेड में तीन करोड़ रुपये मिलते हैं। सबसे निचले सी ग्रेड में शामिल किए गए खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये दिए जाते हैं।

# यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराया

एजेंसी

**बेंगलुरु।** किरण नवगिरे की 55 रनों की अर्धशतकीय पारी की मदद से यूपी वॉरियर्स ने बुधवार को विमेंस प्रीमियर लीग के छठे मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर इस सत्र की पहली दर्ज की है। 162 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्स की अलिसा हीली और तालिया मैक्ग्रा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 94 रनों की मजबूत साझेदारी की। 10वें ओवर में केर ने भाटिया के किरण नवगिरे को स्टंप कराकर यूपी वॉरियर को पहला झटका दिया। किरण ने 31 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से 55 रन बनाये। वृंदा के क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल होने पर उनकी जगह पर किरण को सलामी बल्लेबाज के रूप में भेजा गया और उन्होंने टीम के लिए 55 रनों की पारी खेल बखूबी अपने काम अंजाम दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी तालिया मैक्ग्रा एक रन को वोंग ने पगबाधा आउट कर दिया। स्कोर में एक रन के इजाफे के बाद अलिसा हीली को वोंग ने इशाक के हाथों कैच आउट करा दिया। अलिसा ने 29 गेंदों पांच छक्कों की मदद से 33 रन बनाये। ग्रेस हैरिस 17 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाये। दीप्ति शर्मा ने 20 गेंदों में नाबाद 27 रन ठोके। यूपी वॉरियर्स ने 16.3 ओवर में 163 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। यूपी की सत्र की पहली जीत है।



# आइसीसी टेस्ट रैंकिंग : जायसवाल की टेस्ट रैंकिंग में धूम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के बीच आईसीसी ने ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें भारतीय युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को एक बार फिर फायदा हुआ है। वह बहुत जल्द शीर्ष 10 में एंट्री कर सकते हैं। दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। वहीं, भारत के खिलाफ शतक जड़ने वाले जो रूट को भी फायदा हुआ है।

#### 12वें स्थान पर पहुंचे जायसवाल

बुधवार को जारी की गई रैंकिंग में 23 वर्षीय बल्लेबाज जायसवाल तीन स्थानों की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए। इससे पहले वह 699 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ 15वें पायदान पर थे। अब उनकी रेटिंग 727 हो गई है। युवा खिलाड़ी ने हिटमैन को पीछे छोड़ दिया है। वह 13वें स्थान पर पहुंच गए। माना जा रहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी मुकाबले में अगर यशस्वी का बल्ला चला तो वह टॉप 10 में शामिल हो सकते हैं।

#### विलियमसन शीर्ष पर बरकरार

भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में शतक जड़ने वाले रूट दो स्थान की छलांग लगाकर नंबर तीन पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह नंबर पांच पर 766 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ काबिज थे। अब उनकी रेटिंग 799 हो गई है। वहीं, नंबर एक की कुर्सी पर न्यूजीलैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान केन विलियमसन का कब्जा जमाए हैं। दूसरे नंबर पृर 818 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ स्टीव स्मिथ हैं। भारतीय टीम के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली नंबर नौ पर पहुंच गए। उनके 744 रेटिंग प्वॉइंट हैं। वहीं, नंबर 10 पर हैरी ब्रूक हैं जिनके 743 रेटिंग प्वॉइंट्स हैं।



### गेंदबाजों में बुमराह का जलवा तो ऑलराउंडरों में अश्विन-जडेजा छाए

राजकोट में 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हुए अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। जडेजा और अश्विन टेस्ट आल राउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थानों पर कायम हैं। जडेजा ने ऑलराउंडर सूची में 416 से 469 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से अपना स्थान मजबूत किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने राजकोट में पहली पारी में 131 रन बनाए थे।

**भारतीय बल्लेबाजों में सबसे ऊपर विराट:** यशस्वी के शानदार प्रदर्शन में दो दोहरे शतक भी शामिल हैं, जिससे उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का विराट कोहली का रिकॉर्ड भी बराबर कर दिया है। रैंकिंग में गिरावट के बावजूद, विराट कोहली 9वें स्थान पर मौजूद हैं और वह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले टेस्ट बल्लेबाज बने हुए हैं। कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले और फिर पैटरनिटी लीव लेने के लिए पूरी सीरीज से हट गए, जिससे उनकी रैंकिंग में गिरावट आई।

| रैंकिंग | बल्लेबाज | रेटिंग पॉइंट |
|---|---|---|
| 1 | केन विलियमसन | 893 |
| 2 | स्टीव स्मिथ | 818 |
| 3 | जो रूट | 799 |
| 4 | डेरिल मिशेल | 780 |
| 5 | बाबर आजम | 768 |
| 6 | उस्मान ख्वाजा | 765 |
| 7 | दिमुथ करुणारत्ने | 750 |
| 8 | मार्नस लाबुशेन | 746 |
| 9 | विराट कोहली | 744 |
| 10 | हैरी ब्रूक | 743 |
| 12 | यशस्वी जायसवाल | 727 |
| 13 | रोहित शर्मा | 720 |
| 14 | ऋषभ पंत | 699 |

### उत्तर प्रदेश सीके नायडू ट्राफी के सेमीफाइनल में

**कानपुर।** पहली पारी की बढ़त के आधार पर उत्तर प्रदेश ने बुधवार को सौराष्ट्र को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हरा कर कर्नल सीके नायडू ट्राफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ग्रीनपार्क मैदान पर मैच के चौथे एवं आखिरी दिन सौराष्ट्र के खिलाफ उत्तर प्रदेश ने फर्स्ट इनिंग लीड लेते हुए यह मैच जीत लिया।

### छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को हराया

**ग्रेटर नोएडा।** इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आइवीपीएल) के दसवें मैच में बुधवार को छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने राजस्थान लेजेंड्स को सात विकेट से मात दी। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये मैच में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मुनफ पटेल छत्तीसगढ़ की जीत के हीरो रहे। उन्होंने शानदार पांच विकेट लिए और राजस्थान के बल्लेबाजी लाइन-अप को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा उन्होंने एक रनआउट भी किया।

### धवन की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी

**नवी मुंबई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन ने बुधवार को यहां प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करते हुए डीवाई पाटिल टी20 कप में 28 गेंद में 39 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम डीवाई पाटिल ब्ल्यू को टाटा स्पोर्ट्स क्लब ने एक रन से हरा दिया। भारत की ओर से पिछला मैच 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने वाले 38 साल के धवन ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के मारे।

# मैनचेस्टर सिटी ने ल्यूटन टाउन को 6-2 से रौंदा, हालैंड ने दागे पांच गोल, न्यूकैसल और लिसेस्टर भी जीता

एजेंसी

**लंदन।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के दमदार प्रदर्शन के दम पर मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप फुटबॉल के मुकाबले में ल्यूटन टाउन को 6-2 से करारी शिकस्त दी। इस जीत में हालैंड चमके जिन्होंने पांच गोल किए। उनके चार गोल करने में केविन डि ब्रुईन ने मदद की। हालैंड ने दूसरी बार क्लब के लिए एक मैच में पांच गोल दागे हैं। हालैंड पैर में चोट की वजह से दिसंबर से जनवरी तक खेल से दूर थे और अब इस मैच के जरिए वह पूरी तरह से स्वस्थ दिखाई दिए। माटेयो कोवाकिक (72वें मिनट) ने सिटी के लिए छठा गोल किया, जबकि जॉर्डन क्लार्क (45 और 52वें मिनट) ने ल्यूटन के लिए दो गोल किए। हालांकि, मैच में हालैंड के पास दोगनी हैट्रिक करने का मौका था, लेकिन टीम के कोच पेप गॉर्डियोला ने उन्हें 77वें मिनट में मैदान से बाहर भेज दिया और उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी जूलियन अल्वारेज को मैदान पर उतारा।



#### 40वें मिनट में हैट्रिक की पूरी

हालैंड ने अपना पहला गोल तीसरे और दूसरा गोल 18वें मिनट में किया। उन्होंने अपनी हैट्रिक 40वें मिनट में पूरी की। इसके बाद उन्होंने तीन मिनट के अंदर दो गाल कर दिए। उन्होंने 55वें मिनट में अपना चौथा और 58वें मिनट में पांचवां गोल दागा।

#### न्यूकैसल और लिसेस्टर सिटी को भी मिली जीत

एफए कप के अन्य मुकाबलों में न्यूकैसल ने पेनाल्टी शूटआउट में ब्लैकबर्न रोवस को 4-3 से हराया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा था। वहीं, लिसेस्टर सिटी ने बोर्नमाउथ को 1-0 से पराजित कर दिया। मैच का एकमात्र गोल लिसेस्टर के अब्दुल फेटेवु इस्सहाकू ने दागा।

### हॉकी इंडिया ने कहा- महासंघ में गुटबाजी और मतभेद नहीं, पूर्व सीईओ नॉर्मन ने लगाए थे आरोप



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने महासंघ में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज कर दिया है। महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा, हाल ही में कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने मीडिया में कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। हॉकी के हित के लिए हम एकजुट होकर काम करते रहेंगे। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। टिर्की और भोलानाथ ने संयुक्त बयान में कहा, हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है। हमारी राष्ट्रीय टीमों को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए हर तरह का सहयोग दिया जाता है। महासंघ ने हर खिलाड़ी और टीम के साथ समानता का रुख रखा है। सभी को समान सुविधाएं और लाभ दिए गए।

### मार्च के पहले सप्ताह से बुक होंगे टिकट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ ने इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 17वें संस्करण का पहला शैड्यल जारी कर दिया है। लीग 22 मार्च को शुरू होगी। बोर्ड ने अभी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए 7 अप्रैल तक के लिए कार्यक्रम जारी किए हैं। इसके तहत गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ ओपनिंग मुकाबला खेलेगी। 17 दिनों में भारत के 10 विभिन्न स्थानों पर मुकाबले होंगे। लीग का समापन 7 अप्रैल को निश्चित है। बहरहाल, मुकाबले की टिकटों संबंधी अहम जानकारी सामने आई है। माना जा रहा है कि टूनामेंट शुरू होने से लगभग एक महीने पहले मार्च के पहले सप्ताह में ऑनलाइन टिकट बुक होनी शुरू हो जाएगी। हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ) ने अभी तक टिकटों की बिक्री के लिए आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है। इसके लिए क्रिकेट प्रशंसक आइपीएल वेबसाइट, बुकमायशो या पेटीएम इनसाइडर पर जा सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 के लिए टिकटों की कीमतें सीटों के प्रकार, मैच की लोकप्रियता और स्थल जैसे विभिन्न कारकों के आधार पर निर्धारित की जाएंगी। कीमतें आम तौर पर कुछ सौ से लेकर कई हजार रुपए तक होंगी, जो विभिन्न बजट वाले क्रिकेट प्रशंसकों को सुविधा देगी। आगामी सीजन को चेन्नई सुपर किंग्स के लिए महेंद्र सिंह धोनी का आखिरी सीजन माना जा रहा है।

### अर्जुन बबूता ने 10 मीटर में जीता खिताब, आशी चौकसे ने 50 मीटर में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

**भोपाल।** राष्ट्रीय चयन ट्रायल में बुधवार को पेरिस ओलंपिक कोटाधारी अर्जुन बबूता ने लगातार दूसरा खिताब जीता और एशियाई खेलों में तीन पदक जीतने वाली आशी चौकसी ने जीत के दौरान विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। आशी चौकसे ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्कोर को बेहतर बनाया। राइफल शूटर ने चौथे ट्रायल के लिए क्वालीफिकेशन राउंड में 597 (42गुणा) के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जो नॉर्वे के जेनी स्टेन और अमेरिका की सेगेन मैडालेना द्वारा संयुक्त रूप से रखे गए वर्तमान विश्व रिकॉर्ड से एक अंक अधिक है।

### पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को मिलेंगे 15 लाख रुपये: हेयर

**चंडीगढ़।** पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को तैयारी के लिए 15 लाख रुपये दिए जाएंगे। श्री हेयर ने यहां एक खेल पत्रिका की ओर से आयोजित 'स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव' के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने विश्व कप विजेता हॉकी ओलंपियन ब्रिगेडियर हरचरण सिंह और जूनियर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान उदय सहारन को भी सम्मानित किया।

# आमिर अली ने कहा-मेरे पिता ने मुझसे इस पल का फायदा उठाने को कहा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 16 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआइएच हॉकी प्रो लीग में आयरलैंड के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 1-0 से जीत हासिल की। विशेष रूप से, यह मैच युवा डिफेंडर आमिर अली के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ क्योंकि उन्होंने सीनियर टीम के लिए पदार्पण किया था। सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम तक आमिर अली की यात्रा संघर्षों से भरी रही है। अपने पिता, तसौवर अली और केडी सिंह बाबू स्टेडियम के कोच राशिद अजीज खान के समर्थन से, जिन्होंने आमिर की प्रतिभा को शुरू में ही पहचान लिया और प्रशिक्षण की पेशकश की, वह भारतीय पुरुष हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करने के अपने सपने को हासिल करने में सक्षम हुए हैं। जब आमिर से पूछा गया कि अपने पहले गेम से पहले वह कैसा महसूस करते थे, तो उन्होंने कहा, बहुत से लोग देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखते हैं और मैं आभारी हूं कि मुझे आयरलैंड के खिलाफ यह अनुभव करने का मौका मिला। मैच से पहले टीम के कोच और सीनियर्स ने मेरी बहुत मदद की, उन्होंने मुझसे कहा कि मैं वैसे ही खेलूं जैसे मैं आमतौर पर खेलता हूं, गलतियां करने या यह महसूस करने की चिंता न करें कि मैं दूसरों को नीचे खींच रहा हूं। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि मैं पिच पर अकेला नहीं था, टीम मेरी मदद करने के लिए वहां मौजूद थी और इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला। लखनऊ में एक बाइक मैकेनिक के बेटे, डिफेंडर आमिर ने अक्टूबर 2022 में सुल्तान जोहोर कप में जूनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए पदार्पण किया, जहां टीम ने स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद, उन्होंने 2023 पुरुष जूनियर एशिया कप में भाग लिया, जिसे भी भारत ने जीता। आमिर ने सुल्तान जोहोर कप 2023 में भी कांस्य पदक अर्जित किया। आमिर ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, जब मैंने उन्हें यह खबर दी तो मेरा परिवार खुशी से झूम उठा, मेरे पिता ने कहा कि जीवन में इस तरह के अवसर कम ही आते हैं और मुझे इस पल का फायदा उठाना चाहिए, यह सुनिश्चित करने के लिए अपना सब कुछ देना चाहिए कि मैं अपनी क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकूं और टीम को जीत दिलाने में मदद करें।



स्पीड न्यूज

## झरिया में दिन दिनदहाड़े 3 लाख रुपए की लूट



**धनबाद।** धनबाद जिले के झरिया थाना क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े 3 लाख रुपए की छिनतई हुई है. बाइक सवार दो युवकों ने इस घटना को अंजाम दिया है। घटना दु:ख हरनी मंदिर के समीप हुई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है की बीसीसीएल के रिटायर्ड कर्मी कृष्णा चौधरी, अपनी बेटी की शादी के लिए, झरिया बाटा मोड के बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच से पैसे निकाल कर ऑटो से अपने घर लौट रहा थे। उनके साथ उसकी बेटी भी थी। तभी जैसे ही ऑटो से कृष्णा चौधरी और उनकी बेटी दिखहरणी मंदिर के समीप उतरे, तभी घात लगाए बाइक सवार दो अपराधियों ने पैसे से भरे थैले को उनकी बेटी के हाथों से छीन कर फरार हो गए। अपराधियों की छीना झपटी की वजह से कृष्णा चौधरी की बेटी सड़क पर गिर गई। जिससे उनके हाथों में चोट आई है। घटना के बाद अफरा तफरी मच गई, आसपास के लोगों ने मामले की सूचना झरिया थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पांच लोगों को तीन साल की सजा

**दुमका।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी एसके नापित की अदालत ने पांच साल पहले घर में घुसकर मारपीट करने वाले रामगढ़ के रंजीत कुमार साह, सोनू कुमार, लोकेश साह, प्रदीप साह व तेज नारायण साह को दोषी करार देते हुए बुधवार को तीन साल और 20 हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि जमा नहीं करने पर सभी को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। छह गवाह का बयान और साक्ष्य के आधार पर अदालत ने सभी को दोषी करार दिया। एपीपी शशिकांत ठाकुर के अनुसार रामगढ़ के सिंदुरिया निवासी विकास कुमार गुप्ता ने 21 मार्च19 को थाना में मामला दर्ज कराया था। बताया कि घटना के दिन सभी आरोपित घर में घुस आए और मां व पिता को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव करने पर उनके साथ मारपीट की। आवश्यक कागजात फाड़ दिए और लूटपाट की। अदालत ने सरकारी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद सभी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

## पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव हुए बरी

**दुमका।** अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी जितेंद्र राम के अदालत में जी आर केश नम्बर 908/21 एवं गोड्डा टाउन केश नम्बर 159/2011 गोड्डा के पूर्व राजद विधायक संजय प्रसाद यादव को अभियोजन पक्ष के द्वारा केश को प्रमाणित करने में असफल रहने के कारण केश से बरी कर दिया गया। गोड्डा में जिला परिषद की बैठक के दौरान तत्कालीन डीडीसी दिलीप झा ने तत्कालीन विधायक संजय प्रसाद यादव पर मारपीट और गाली गलौज का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया था। कैस की पैरवी विद्वान अधिवक्ता जनार्दन प्रसाद यादव एवं अधिवक्ता धर्मेंद्र यादव ने संजय यादव के तरफ से पैरवी की जबकि सरकार की और से सहायक लोक अभियोजक खुसबुद्दीन अली ने केश की पैरवी किया।

## कार्यशाला का आयोजन

**गोड्डा।** भाजपा कार्यालय गोड्डा में जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा की अध्यक्षता में गोड्डा ग्रामीण मंडल एवं गेयछन मंडल का किया गया बैठक में गोड्डा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अंजनी झा ने सभी सम्मानित कार्यकताओं से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के उपलब्धियों को घर घर जाकर बताने को कहा एवं केंद्र सरकार के द्वारा मिल रहे किसान सम्मान निधि हो या उजवला योजना प्रधानमन्त्री आवास अन्य योजना से लाभान्वित लाभार्थी से सम्पर्क कर उनके अनुभव को समझने का प्रयास करे मोदी जी का तीसरा कार्यकाल विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगा जिला अध्यक्ष संजीब मिश्रा ने सभी सम्मानित कार्यकताओं को घर घर जाकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# कल हर्ल सिंदरी का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

## तीन महीने में नैनो यूरिया संयंत्र स्थापना और छः माह में गोल्ड यूरिया बनाएगा हर्ल : एमडी

खबर मन्त्र संवाददाता




**सिंदरी ।** हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड (हर्ल) अगले तीन महीनों के भीतर 200 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से सिंदरी में एक नया नैनो यूरिया संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है। इसकी जानकारी हर्ल एमडी शिब प्रसाद मोहंती ने हर्ल स्पंदन कल्ब में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने सभी यूरिया उत्पादक उर्वरक संयंत्रों को अगले चार वर्षों के भीतर नीम लेपित यूरिया से सल्फर लेपित गोल्ड भारत यूरिया का उत्पादन शुरू करने का निर्देश दिया है और हर्ल अगले छः महीने में गोल्ड यूरिया संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 मार्च को सिंदरी में नवनिर्मित हर्ल इकाई का उद्घाटन करने के लिए हर्ल प्रोजेक्ट पूरी तरह तैयार है। प्रधानमंत्री 2 मार्च को बरौनी में आईओसीएल की कुछ अन्य परियोजनाओं के साथ ही साथ हर्ल की बरौनी इकाई का भी उद्घाटन करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि नैनो-यूरिया किसानों को रासायनिक उर्वरकों से प्राकृतिक उर्वरकों की ओर बढ़ने का मौका देगा। क्योंकि इससे कृषि भूमि को नुकसान नहीं होगा। वहीं गोल्ड भारत यूरिया किसानों को उसी खाद में नाइट्रोजन और सल्फर की मात्रा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि हम गोल्ड यूरिया प्लांट स्थापित करने के लिए तकनीक प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। इन उत्पादों का उद्देश्य कृषि उपज को कई गुना बढ़ाना है। उनके अनुसार सिंदरी में 60 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए अध्ययन शुरू हो चुका है। उन्हें व्यवहार्यता रिपोर्ट मिल जाने के बाद बिजली की खपत को बचाने के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने पर प्रबंधन काम शुरू कर देगी। एमडी ने बताया कि 8939 करोड़ रुपये की लागत से भारत की एलएंडटी और फ्रांस की टेक्नीप कंपनी द्वारा स्थापित हर्ल की सिंदरी इकाई बरौनी और गोरखपुर इकाइयों से आगे हर्ल की सबसे अधिक ऊर्जा कुशल इकाई है। यह अपनी स्थापित क्षमता के शत प्रतिशत पर चल रही है। हर्ल सिंदरी संयंत्र ने अब तक 10 लाख 08 हजार मैट्रिक टन नीम लेपित यूरिया का उत्पादन किया है। और 12 लाख 70 हजार टन प्रति वर्ष यूरिया की स्थापित क्षमता के मुकाबले 11 लाख 50 हजार टन यूरिया का वार्षिक उत्पादन दर्ज करने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि हर्ल सिंदरी इकाई ने बिहार और झारखंड के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को भी यूरिया की आपूर्ति की है। तीन महारत्न कंपनियों आईओसीएल, एनटीपीसी और कोल इंडिया लिमिटेड तथा एफसीआईएल और एचएफसीएल की संयुक्त समूह हर्ल की तीनों ईकाई ने अब तक 1000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। मार्च के अंत तक सभी तीन इकाइयों का संचित शुद्ध लाभ 1500 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। एमडी ने बताया कि हर्ल की तीन इकाइयों ने अब तक लगभग 32 लाख टन नीम लेपित यूरिया का उत्पादन किया है। जिससे देश को विभिन्न देशों से यूरिया आयात करने पर खर्च होने वाली बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बचाने में बहुत मदद मिली है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार 2025 तक देश को यूरिया के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि एचयूआरएल सिंदरी, बरौनी और गोरखपुर में अपने कर्मचारियों के लिए कॉलोनी स्थापित करने के लिए संयुक्त निविदा जारी करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने बताया कि हर्ल सिंदरी प्लांट के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से सीएसआर फंड से विकास करेगी। वर्तमान में आसपास के दस सरकारी स्कूलों का जिर्णोद्धार और आधुनिक व्यवस्था के साथ विकास की बात कही।इस प्रेसवार्ता में हर्ल एमडी शिब प्रसाद मोहंती, हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, एच आर हेड सह फैक्ट्री प्रबंधक संत सिंह, एच आर विक्रांत कुमार, एच आर मंशुल जैन उपस्थित थे।

## डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि



खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। बुधवार को राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय, कतरास बाजार में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान प्रसाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। प्राचार्या सुमन मिश्रा ने कहा ?राजेंद्र प्रसाद जी की पुण्यतिथि पर सादर नमन । इस कार्यक्रम में मातादीन अग्रवाल, दीपाली खातून, वीणा पाण्डेय, स्नेहलता पाण्डेय, अजीत कुमार, दीपा हजारी, मोनिका गुप्ता, राकेश सिन्हा, सुमित चंद्रा, रीना गुप्ता, सुबोध रजक, नासिर , सौमित्र दे, कौशल दुबे आदि उपस्थित थे ।

## बीसीसीएल का लोहा लूट रहे हैं तस्कर

### भूली आम बागान विक्की के गोदाम पर जाता है अवैध लोहा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** नए पुलिस कप्तान के पद ग्रहण करने के बाद धनबाद में जहां एक और कोयला का व्यापार थम सा गया है ,वहीं दूसरी ओर बाघमारा अनुमंडल के तेतुलमारी थाना क्षेत्र में अवैध लोहा कारोबारी डंके की चोट पर दिन दहाड़े बीसीसीएल का लोहा ले जाकर भूली के अवैध गोदाम में खपाने का काम कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को तेतुलमारी थाना से चंद कदमों की दूरी पर थाना के पीछे ठेला पर बीसीसीएल का मोटा-मोटा पाइप लोड करके अवैध लोहा तस्कर लेकर जा रहे थे। पूछने पर बताया कि विक्की को नहीं जानते हैं? विक्की का है। आम बागान भूली जा रहा है ऊपर से नीचे तक सब सेटिंग है। बताते चले कि तेतुलमारी कोलवरी के विभिन्न क्षेत्रों से ठेला एवं टेंपो के माध्यम से बीसीसीएल का पाइप स्क्रैप लोहा तस्कर डोकर भूली आम बागान विक्की नामक लोहा तस्कर के गोदाम पर लेकर जा रहे हैं। वहीं दूसरी और तेतुलमारी थाना की पुलिस कान में तेल डालकर सोई हुई है। जहां एक और बीसीसीएल में सीआईएसएफ की तैनाती सभी कोलवरियो में रहती है, वहीं दूसरी ओर रोड पर स्थानीय पुलिस भी पेट्रोलिंग करती है। लेकिन उसके बावजूद भी इस तरह दिनदहाड़े बीसीसीएल का लोहा अवैध गोदाम में ले जाना कई सवालों को खड़ा करता है। जहां एक और बीसीसीएल को इस अवैध तस्करी से लाखों रूपए राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर अवैध लोहा तस्कर मालामाल हो रहे हैं।

## पेज 1 का शेष

### तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

**जनजाति से जुड़ाव पर कमजोर को प्रेम:** इस अवसर पर राष्ट्रपति ने तीन बेस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट्स को चांसलर मेडल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहीं हैं। यूजी-पीजी के टॉपरों में गोल्ड मेडल पाने वाली 50 प्रतिशत बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की 26 प्रतिशत आबादी जनजाति है, जनजाति से मेरा जुड़ाव रहा है। आप सोचते होंगे कि मैं जनजाति से हूं इसलिए इनसे प्रेम करती हूं, लेकिन ऐसा नहीं है। जो पीछे हैं, कमजोर हैं, मैं उन्हें प्यार करती हूं। मुझे विश्वास है कि आप सभी एक ऐसे समाज की परिकल्पना करेंगे जहां समरसता है। इससे पहले सीयूजे के वीसी प्रो क्षितिभूषण दास ने अतिथियों का स्वागत करत हुए यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सीयूजे में स्थानीय भाषा, संगीत और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए सेंटर स्थापित किया गया है।
**जनजातीय के पास ज्ञान का भंडार :** राष्ट्रपति ने कहा जनजातीय लोगों के पास पारंपरिक ज्ञान का भंडार है। इससे वह जीवन बेहतर बना सकते हैं, अगर हम उनकी जीवन शैली और पद्धति का अनुसरन करें तो हम ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपट सकते हैं। इस संस्थान द्वारा स्थानीय भाषा, साहित्य और संगीत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए विशेष केंद्र बनाये गये हैं। मैं भारतीय संस्कृति और विशेषकर आदिवासी समाज की संस्कृति के संरक्षण, अध्ययन और प्रचार-प्रसार के कार्य के लिए इस विश्वविद्यालय और इसकी टीम को बधाई देती हूं।

### शिक्षा को शिखर तक ले जायेंगे : सीएम

आपके द्वारा अर्जित की गयी शिक्षा के उपरांत प्राप्त होने वाली यह उपाधि आपके कठोर परिश्रम और गहन समर्पण का परिणाम है। यह क्षण आप सभी के लिए गर्व और प्रसन्नता के साथ यह उन चुनौतियों के लिए भी तैयार होने का समय है। यही आपके सुखद भविष्य को आकार देगा। सीएम ने कहा कि राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के स्तर को शिखर तक ले जाने के लिए झारखण्ड राज्य सरकार कृत संकल्पित है। सीएम ने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जा चुकी है तथा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम अपनाया गया है। बहु-विषयक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों यथा मल्टीपल इंट्री, मल्टीपल एग्जिट और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट का अनुपालन किया गया है। राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकन सीयूईटी के माध्यम से लिया जाने लगा है। राज्य में उच्च स्तरीय शोध कार्य हेतु बुनियादी संरचना विकसित करने, नवाचार और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने तथा शिक्षकों छात्रों की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विवि अधिनियम, 2009 के तहत 1 मार्च 2009 को अस्तित्व में आया। झारखंड का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंडवासियों के लिए गौरव की बात है। मुझे यह ज्ञात है कि विश्वविद्यालय वर्तमान में दो परिसरों में परिचालित हो रहा है। अस्थायी परिसर ब्राम्बे, रांची और स्थायी परिसर चेरी-मनातू गांव में स्थित है। स्थायी परिसर के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रथम चरण में 319 एकड़ गैरमजरुआ भूमि हस्तांतरित की गयी थी। इसके अतरिक्त राज्य सरकार ने 139 एकड़ रैयती भूमि का अधिग्रहण करके केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड को देने का निर्णय लिया है। इसमें से 15 एकड़ के अधिग्रहण हेतु लगभग 100 करोड़ की राशि का आवंटन किया जा चुका है। मुझे बताया गया है कि कुछ भूमि के अधिग्रहण में कतिपय समस्याएं हो रही हैं। इन्हें राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही दूर कर लिया जायेगा।

### सरकार शीघ्र करायेगी निकाय चुनाव : भोक्ता

बुधवार को सदन में बजट पर सरकार की ओर अपना पक्ष रखते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की राशि 70 प्रतिशत से ज्यादा खर्च हो चुकी है। वित्तीय वर्ष के अंत तक 90 से 92 प्रतिशत तक राशि खर्च हो जायेगी। बजट पर चर्चा के बजाय विपक्ष ने सिर्फ गोल मटोल बातें की। यह गरीबों के लिए बजट है। झारखंड में सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों की संख्या 24 लाख है लेकिन महिला और एसटी-एससी को 50 साल की उम्र में ही पेंशन देने की योजना से यह संख्या दोगुनी हो जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 25 लाख लोगों को राशन कार्ड से जोड़ने जा रही है। हम रोटी, कपड़ा और मकान दे रहे हैं। भाजपा विधायक केदार हाजर ने कहा कि यह बजट ठगने वाला बजट है। पूर्व से रघुवर दास के कार्यकाल में शुरू कृषि आशीर्वाद योजना को बंद कर दिया जिसके तहत एक एकड़ जमीन के बदले किसानों को 5000 रुपये दिया जाना था। कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को संतुलित बजट बताया। केंद्र की उपेक्षा के बावजूद अपने बूते हमारी सरकार ने 3 वर्षों में गरीबों के लिए 8 लाख अबुआ आवास बनाने का फैसला लिया है।

### आज शुरू होगी पंचशूल को खोलने की परंपरा

महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं के सुविधा व सुरक्षा को लेकर उपायुक्त विशाल सागर ने बाबा मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अतिक्रमण की वजह श्रद्धालुओं को हो रही असुविधा को देखते हुए बाबा मंदिर को जोड़ने वाले सभी संपर्क पथों को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील आम लोगों से की है, ताकि आपातकालीन स्थिति में अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, पुलिस व मजिस्ट्रेट वाहनों का आवागमन सुगमता पूर्वक हो सके। डीसी ने सभी को सहयोग करने का आग्रह किया। साथ ही अपील के पश्चात भी अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व अन्य को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ बाध्य होकर जिला प्रशासन की ओर से आवश्यकता अनुसार कार्रवाई की जायेगी। मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, बाबा मंदिर मुख्य प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

### बजट सत्र में भाग नहीं ले पायेंगे हेमंत सोरेन

समन की अवहेलना करने के मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ दर्ज मामले में सीजेएम कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। मामले में अदालत 4 मार्च को फैसला सुनायेगी। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गयी है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे।

## विज्ञान सेमिनार का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**राजगंज।** विज्ञान दिवस के अवसर पर बड्स गार्डेन स्कूल, दलूडीह राजगंज में डा. सी वी रमन की स्मृति में विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया । इस अवसर पर स्कूल के सीनियर बच्चों के लिए क्वीज कांटेस्ट, वाद विवाद एवं विज्ञान से जुड़े हुए अन्य प्रतियोगिताएं रखी गई थी। इस विज्ञान प्रतियोगिता में स्कूल के अनेक बच्चों ने भाग लिया और कार्यक्रम के पश्चात स्कूल के प्रबंधन समिति की ओर से इस विज्ञान प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों अनुप्रिया कुमारी, अमित कुमार,साक्षी कुमारी,खुशी कुमारी , पियूषदीप कुमार, सौम्या तिवारी , राजदीप ,प्रियंका एवं सोनल आदि को उपहार स्वरूप मोमेंटो आदि प्रदान किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान से जुड़े हुए सभी शिक्षक और शिक्षिकायें बबीता रानी , सोमेन सेन, दयाशंकर पांडे, अक्षय श्रीवास्तव , सिंपल कुमारी ,गीता मांजी, अरुणा ओझा व मोनिका तिवारी आदि को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया द्वारा विज्ञान एवं वैज्ञानिक पर विशेष प्रकाश डाला गया और बच्चों को वैज्ञानिक बनने हेतु प्रोत्साहित भी किया गया।

## केटीएमपीएल व सेल ने आसनबनी में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**सिंदरी ।** सेल चासनाला व उनके एमडीओ केटीएमपीएल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को बीरसिंहपुर ग्राम पंचायत के आसनबनी गाँव में किया गया। इसमें ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ साथ जन-जन को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। चिकित्सा शिविर में चिकित्सक डॉ बी एन मंडल एवं उनकी टीम द्वारा मरीजों की जांच, उपचार तथा निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। शिविर में पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण महिला पुरुषों ने अपना इलाज कराया। ग्रामीणों ने हाँथ पैर के जोड़ों में दर्द की शिकायत 20-25 वर्ष की उम्र से ही कई लोगों के शुरू होने एवं 40-50 वर्ष की उम्र के बाद जोड़ों की दर्द की वजह से काम करना मुश्किल हो जाने की शिकायत की। शिविर में 72 मरीजों की जांच कर काउंसलिंग किया गया। चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का आयोजन केटीएमपीएल के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग द्वारा संचालित किया गया। जिसमें केटीएमपीएल के एच आर प्रमुख चिटी बाबू, सहायक महाप्रबंधक-सीएसआर विजय तिवारी, लाइजनिंग प्रबंधक अरूण श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

## जलसा तालामी बेदारी का जलसा सम्पन्न



**हंसडीहा।** हंसडीहा क्षेत्र स्थित मदरसा बम्बउल उलूम बनियारा में मंगलवार रात को एक दिवसीय जलसा तालामी बेदारी कान्फ्रेंस सम्पन्न हो गया। कान्फ्रेंस का आयोजन मदरसा मम्बउल उलूम कमेटी के तत्वावधान में किया गया। मदरसा के मोहतमिम गुलफराज ने बताया कि कान्फ्रेंस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो। संपन्न कांफ्रेंस के माध्यम से क्षेत्र में चरमरायी शिक्षा,स्वास्थ्य व समाजिक समस्याओं पर चर्चा किया गया।कांफ्रेंस में हजरत मौलाना सैयद हसन असजद मदनी (देवबन्द) व हजरत मौलाना मशहदुर्रहमान चतुवेर्दी (मेरठ) व शाइर-ए-इस्लाम कारी अशफाक बहराइची व अन्य उलमा-ए-किराम मुख्य रूप से शामिल हुए।वहीं हजरत मौलाना सैयद हसन असजद मदनी ने कहा कि किसी भी समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक विकास के लिए शिक्षित बनना होगा। देश के मदरसा, स्कूलों, कालेज एवं विश्वविद्यालय में अपने बच्चों को पढ़ाना होगा। तालीम हासिल करने से ही आपका बच्चा इंजिनीयर,डाक्टर समेत अन्य पद पर जा सकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से सिक्रेटरी हैदर अली, मोहतमिम गुलफराज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क दुघर्टना में एक की मौत, एक गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता



**महेशपुर (पाकुड़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुमकाडंगा गांव के पास बीते मंगलवार देर रात बाइक दुर्घटना होकर गिरने से एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक का पहचान थाना क्षेत्र के बिरकिट्टी गांव निवासी राहुल रविदास 17 वर्ष के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक उसी गांव के संजू राजवंशी 18 वर्ष है। उधर घटना खबर मिलते ही थाने के एएसआइ सोहराब खान दलबदल के साथ घटना पहुँचकर छानबीन करते हुए दोनों को महेशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच कर राहुल रविदास को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल संजू राजवंशी का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मृतक के स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक रंग मिस्त्री का काम करता था। वह बीते कल सुबह अपना बाइक में संजू राजवंशी के साथ रंग का काम करने पाकुड़िया गया हुआ था। आपस घर लौट के दौरान दुमकाडंगा गांव के पास बाइक से असंतुलित होकर गिरने से दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जहां राहुल रविदास की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। डा. के अनुसार गंभीर रूप से जख्मी संजू राजवंशी की भी स्थिति चिंताजनक है। उसके स्वजन उसे बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के बर्धमान लेकर गए हैं। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौप दिया।

## नीरामपुर मुखिया के ऊपर हुई कार्रवाई पर मुखियाओं का रोष

### मुखियाओं ने डीसी से मिलकर किया पुन: जांच कराने का आग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** मुखिया का वित्तीय शक्ति को तत्काल प्रभाव से रोक लगाने से पाकुड़ के विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं में काफी रोष दिखाई दे रहा है।इसको लेकर दर्जनों मुखिया बुधवार को समाहरणालय पहुंच डीसी मृत्युंजय कुमार बरनवाल को एक आवेदन सौपा है।जिसमें दर्जन मुखियाओ ने मनीरामपुर के मुखिया मजीबूर रहमान के समर्थन में डीसी से मिलकर अबूआ आवास को लेकर हर दिन हो रही परेशानी को उपायुक्त को अवगत करवाया। मुखिया जंतु सोरेन व शहरकोल के मुखिया विकास गोंड ने उपायुक्त से वार्ता कर कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान हजारों लाखों का अवुआ आवास का आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसको छांटते हुए सिर्फ 40 आवाज ही पूरे पंचायत में मुहैया कराया जा रहा है। मुखियाओं ने कहा कि झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत अबुआ आवास निर्माण के लिये लाभुकों का चयन प्रक्रिया में सिर्फ जिला प्रशासन के आदेश पर जिला पदाधिकारी के द्वारा गठन टीम के द्वारा किया जा रहा है और किया गया है। मुखिया का सिर्फ जिला द्वारा गठित टीम ने सहयोग लिया है और ले रहा है। अबुआ आवास का चयन प्रक्रिया में मुखिया का कोई भूमिका नहीं है। आवास का जीओ टैग में भी मुखिया का कोई कार्य नहीं है। प्रखण्ड स्तर के टीम के द्वारा जीओ टैग किया जा रहा है और पासवर्ड भी उन्हीं के पास है।

इस आधार पर अबुआ आवास का चयन में और स्वीकृति में कहीं भी मुखिया का भूमिका नहीं है।मनिरामपुर पंचायत का मुखिया का वित्तीय शक्ति तत्काल प्रभाव से रोक लगाया गया है, जो हम जिला के मुखियागण के साथ अन्याय है।आवास के चयन में मुखिया का कोई रोल नहीं है फिर भी मुखिया ही हर मामले में पिसता आ रहा है। इन सभी बातों को सुनकर डीसी ने बताया कि पहले फेस में सबसे पहले जो जरूरतमंद है उसका लिस्ट हर पंचायत भवन में चिपकाए गया है को आवास पहुंचना हमारा लक्ष्य है। लिस्ट के अनुसार सीरियल वाइज जिन लोगों का नाम है उन लोगों को आवास दिलाया जाएगा।

# बिहार में अब माफियाओं की खैर नहीं

## सरकार विधानमंडल में पेश आज करेगी नया कानून

खबर मन्त्र संवाददता

- भूमि, बालू, शराब सहित अन्य आर्थिक अपराधों में संलिप्त माफियाओं, मानव तस्करी पर कसेगा शिकंजा
- नये कानून में जिलाधिकारी को वारंट जारी, गिरफ्तार करने, जेल भेजने और बेल देने का अधिकार मिलेगा
- आपराधिक मामलों में शामिल तत्वों को छह माह तक जिला व राज्य से तड़ीपार करने का अधिकार भी होगा



**पटना।** बिहार में भूमि, बालू, शराब सहित अन्य आर्थिक अपराधों में संलिप्त माफियाओं, मानव तस्करी, देह-व्यापार, लड़कियों से छेड़खानी, दंगा फैलाने, सोशल मीडिया के दुरुपयोग सहित अन्य कांडों में शामिल अपराधी या आपराधिक गिरोहों पर कानूनी शिकंजा कसेगा। जिलाधिकारी अब इनपर सीधी कार्रवाई कर सकेंगे। उन्हें असीमित शक्ति सरकार देने जा रही है। इसका प्रावधान राज्य सरकार द्वारा बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक, 2024 में किया गया है। गुरुवार को विधानमंडल से पारित होते ही राज्य में अपराध नियंत्रण का नया कानून राज्य में लागू हो जाएगा तथा बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम, 1981 ( बिहार का अधिनियम संख्या-7, 1981 का अधिनियम संख्या-7 ) समाप्त हो जाएगा। नये वियेयक की प्रति बुधवार को विधानसभा में वितरित की गयी। नये कानून में जिलाधिकारी को वारंट जारी करने, गिरफ्तार करने, जेल भेजने, बेल देने का अधिकार होगा। उन्हें आपराधिक मामलों में शामिल तत्वों को छह माह तक जिला तथा राज्य से तड़ीपार करने का भी अधिकार होगा। आदेश लेकर ही तड़ीपार व्यक्ति वापस लौट सकेगा। हालांकि जिलाधिकारी के आदेश के खिलाफ प्रमंडलीय आयुक्त के समक्ष अपील किया जा सकेगा। जिलाधिकारी को दंडात्मक कार्रवाई करने की सूचना राज्य सरकार को पांच दिनों के अंदर देनी होगी। वहीं, 12 दिनों के अंदर सरकार से अनुमति लेनी होगी।

**सलाहकार बोर्ड होगा गठित**

राज्य सरकार इस कानून के तहत सलाहकार बोर्ड का गठन करेगी। इसमें तीन व्यक्ति होंगे। इनमें उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीश होंगे या जिन्हें उस रुप में नियुक्त होने की योग्यता प्राप्त हो। बोर्ड के सदस्यों में से एक को अध्यक्ष नियुक्ति किया जाएगा जो उच्च न्यायालय के वर्तमान या सेवानिवृत न्यायाधीश होंगे। सलाहकार बोर्ड को सुनवाई का भी अधिकार दिया गया है। बोर्ड के सदस्यों के बहुमत की राय ही मान्य होगी।

**असामाजिक तत्वों के खिलाफ होगी कार्रवाई :** दो साल के अंदर दो आपराधिक मामलों में अगर पुलिस सक्षम न्यायालय में चार्जशीट दाखिल करती है तो उसे असामाजिक तत्व की श्रेणी में माना जाएगा। जो भारतीय दंड संहिता की धारा-107 के तहत परिभाषित है। नये कानून के तहत जिलाधिकारी कार्रवाई कर सकते हैं। डीएम जारी वारंट से संबंधित व्यक्ति के फरार या छिपे होने की स्थिति में मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी को लिखित रिपोर्ट देंगे।

वारंट को जिलाधिकारी के आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा। दंडाधिकारी डीएसपी या राजपत्रित पदाधिकारी की रिपोर्ट पर संज्ञान लेंगे। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का शहरीकरण, आर्थिक गतिविधियों का व्यापक विस्तार, विज्ञान एवं तकनीकी के साधनों का विकास, साइबर सुविधाओं तथा डिजिटल साधनों पर नागरिकों की निर्भरता में वृद्धि आदि के कारण अपराधियों द्वारा अपराध की शैली एवं अपराध की प्रकृति में काफी परिवर्तन एवं विस्तार हुआ है। इसका सीधा प्रभाव लोक व्यवस्था को बनाए रखने पर पड़ता है। अपराध में संलिप्त ऐसे असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण एक बड़ी चुनौती बन गयी है। वर्तमान में लागू बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम, 1981 में असमाजिक तत्वों पर नियंत्रण हेतु वर्तमान परिस्थिति के अनुसार कई कानूनी प्रावधानों का वर्णन नहीं है। इसलिए उस कानून के स्थान पर नये कानून को लागू करने की आवश्यकता है।

### डीएम द्वारा जारी वारंट पूरे देश में लागू होगा

जिलाधिकारी द्वारा जारी वारंट बिहार सहित पूरे देश में लागू होगा। जिलाधिकारी को तलाशी एवं जब्ती का भी अधिकार दिया गया है। नये कानून के तहत आदेश का उल्लंघन करने पर या संदिग्ध व्यक्ति को बिना वारंट के भी पुलिस गिरफ्तार कर सकती है। उसे कार्यपालक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया जाएगा। इसके बाद हिरासत में भी रखा जा सकता है। जो तीन माह से अधिक की हिरासत अवधि नहीं होगी। इसकी सूचना जिलाधिकारी को देनी होगी।

# हिमाचल में कांग्रेस को बड़ी राहत

## टला सियासी संकट, बजट पारित करवाने में कामयाब हुए सुक्खू

एजेंसी

- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दिया त्यागपत्र
- विक्रमादित्य सिंह नेरास चुनाव में क्रॉस वोटिंग कर कांग्रेस उम्मीदवार सिंघवी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी
- स्पीकर ने भाजपा के 15 विधायकों को सदन से किया निष्कासित



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चल रही सियासी खींचतान में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी को बड़ी राहत मिली है। गुटबाजी व अंतर्कलह से जूझ रही कांग्रेस की सुक्खू सरकार से फिलहाल राजनीतिक संकट टल गया है। वहीं सुक्खू नेतृत्व की कांग्रेस सरकार ने सदन में बजट पारित करने में सफलता हासिल कर ली है। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे सुक्खू सरकार गिराने के विपक्षी दल के मंसूबों पर पानी फिर गया। राज्यसभा चुनाव में छह कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग और सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह के मंत्री पद से इस्तीफे के बाद राज्य की राजनीति गरमा गई। आधा दर्जन विधायकों के बागी होने से कांग्रेस सरकार के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को सदन से पारित करवाना चुनौती बन गया था। विधानसभा का बजट सत्र अभूतपूर्व हंगामा और सियासत का गवाह बना। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर समेत विपक्ष के 15 विधायकों के निष्कासन के बाद सुक्खू सरकार ने पूर्व निर्धारित समय से एक दिन पहले ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए सामान्य बजट को पारित करवा दिया और उसके बाद सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया । विक्रमादित्य सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू पर अनदेखी के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पद पर बने रहना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि शिमला के रिज मैदान पर पिता की प्रतिमा के लिए सरकार ने दो गज जमीन नहीं दी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रियंका वाड्रा से बात हुई है और जनता की भावनाओं से अवगत करवा दिया है। विक्रमादित्य सिंह हिमाचल में कांग्रेस के स्तंभ और छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के पुत्र हैं। विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रास वोटिंग कर कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सरकार पर छाए संकट के बीच भाजपा के 15 सदस्यों को सदन में हंगामा करने पर पूरे सत्र के लिए निष्कासित कर दिया गया। इन विधायकों पर विधानसभा अध्यक्ष के चैंबर में जबरन घुसने, उनके साथ दुर्व्यवहार व गाली-गलौच करने का भी आरोप लगाया गया। बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही आरंभ होते ही संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने नियम 319 के तहत भाजपा के 15 सदस्यों को सदन से बजट सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा। जिन सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव किया उनमें नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार, रणधीर शर्मा, लोकेंद्र कुमार, विनोद कुमार, हंस राज, डॉ. जनक राज, बलवीर वर्मा, त्रिलोक जम्वाल, सुरेंद्र शौरी, दीप राज, पूर्ण चंद, इंद्र सिंह गांधी, दलीप ठाकुर और रणवीर सिंह निक्का शामिल हैं।

### यूपी की सभी 80 सीटें जीतना लक्ष्य : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतना भारतीय भाजपा का लक्ष्य है और इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका अभियान के शुभारंभ के दौरान श्री योगी ने कहा कि माहौल हमारे अनुकूल है, मोदी जी के 10 साल के काम, उनका नाम और नेतृत्व के साथ ही इस बार भगवान श्रीराम का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है।

साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अति आत्मविश्वास में ना रहें। हमें अपनी बूथ संरचना को और सुदृढ़ करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है। याद रहे राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा नोट करती है और वक्त आने पर जवाब भी देती है। पार्टी का प्रत्याशी मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है।

## राबड़ी देवी, मीसा और हेमा को मिली नियमित जमानत

एजेंसी

**लैंड फॉर जॉब मामला**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती तथा हेमा यादव को नियमित जमानत दे दी। आरोपियों को 9 फरवरी को मिली उनकी अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोग्ने के समक्ष पेश किया गया था। कोर्ट ने 27 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पहले आरोपपत्र पर संज्ञान लिया था। न्यायाधीश गोगने ने बुधवार को उन्हें और सह-अभियुक्त हृदयानंद चौधरी को यह कहते हुए जमानत दे दी कि जांच के दौरान उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था और आरोपियों के कानून से भागने का कोई संदेह नहीं है। वित्तीय जांच एजेंसी की ओर से पेश स्नेहल शारदा और विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) मनीष जैन ने कहा कि यदि जमानत दी जाती है, तो आरोपों की गंभीरता को देखते हुए कड़ी शर्तें लगाई जा सकती हैं।हालाँकि, अदालत ने उन्हें एक लाख रुपये के जमानत बांड और इतनी ही जमानत राशि भरने पर राहत दी। अदालत ने 5 फरवरी को पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल को चिकित्सा आधार पर 4 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी थी, जिनका आरोपपत्र में कुछ कंपनियों के साथ नाम भी है। एके इंफोसिस्टम्स के प्रमोटर कात्याल को केंद्रीय जांच एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था। अदालत ने हाल ही में आरोपपत्र के साथ दायर दस्तावेज मुहैया कराने की लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे और पत्नी द्वारा दायर एक आवेदन पर सीबीआई से जवाब मांगा। अदालत ने आठ आरोपियों की याचिका पर सीबीआई से जवाब दाखिल करने को कहा था।

## अवैध खनन मामले में सीबीआइ ने अखिलेश यादव को भेजा समन

- उप्र के पूर्व सीएम से आज पूछताछ करेगी सीबीआइ

एजेंसी



**लखनऊ।** सीबीआइ ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवैध खनन मामले में बुधवार को समन भेजकर बतौर गवाह पूछताछ के लिए गुरुवार को दिल्ली बुलाया है। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने यह समन अवैध खनन के मामले में भेजा है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2012-17 तक सपा की सरकार थी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे। इस दौरान हमीरपुर जिले में हुए अवैध खनन के मामले में वर्ष 2019 में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। इसमें हमीरपुर की तत्कालीन जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों के भी नाम हैं। एफआईआर में आरोप है कि इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने खनन के लिए निकाली गए टेंडर में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया। खनिजों का अवैध खनन भी होने दिया। इस मामले की जांच दिल्ली की सीबीआई टीम कर रही है। अखिलेश यादव को गुरुवार को दिल्ली में इस मामले में बतौर गवाह सीबीआई के समक्ष पेश होना है।

### बिहार में 100 शहरों के विकास के लिए मास्टर प्लान बनेगा : सम्राट

**पटना।** सम्राट चौधरी ने घोषणा की है कि प्रदेश के सौ शहरों का मास्टर प्लान बनेगा और इसके तहत जोन बांटकर शहरों का विकास किया जाएगा। उन्होंने सभी नगर निकायों में सम्राट अशोक कंवेंशन सेंटर बनाने का भी एलान किया है।

मंत्री चौधरी बुधवार को बिहार विधानसभा में बिहार विनियोग विधेयक (संख्या 2) पेश करने के बाद सदन को संबोधित कर रहे थे। सदन ने विनियोग विधेयक के माध्यम से दो लाख 82 हजार 992 करोड़ 32 लाख 78 रुपए की राशि खर्च करने पर मुहर लगा दी। मंत्री ने सदन को बताया कि सौ शहरों के मास्टर प्लान में उनके समेकित विकास की पूरी रूपरेखा होगी। इसी आधार पर संबंधित शहरों की विकास योजना भी बनाई जाएगी।

## बॉयफ्रेंड से शादी करेंगी तापसी



**मुंबई।** अब एक्ट्रेस तापसी पन्नू भी शादी करने की तैयारी में हैं। तापसी के घर जल्द ही शहनाई बजने की अटकलें तेज हो गई हैं। तापसी अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और बैडमिंटन प्लेयर माथियास बो के साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तापसी पिछले 10 साल से मैथियास बो को डेट कर रही हैं। 10 साल की डेटिंग के बाद अब तापसी ने शादी करने का फैसला किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तापसी मार्च के अंत में शादी के बंधन में बंध जाएंगी। माना जा रहा है कि तापसी की शाही शादी राजस्थान में होगी लेकिन यह पूरी तरह से पारिवारिक समारोह होगा और किसी भी बॉलीवुड स्टार को आमंत्रित नहीं किया गया है। तापसी और मैथियास बो की शादी दो तरह से होगी। दोनों संस्कृतियों का सम्मान करते हुए तापसी मैथियास बो से ईसाई और सिंधी रीति-रिवाज से शादी करेंगी। बता दे कि ये दोनों करीब 10 साल से रिलेशनशिप में हैं लेकिन उन्होंने अपने रिश्ते को गुप्त रखा। उन्हें अक्सर एक साथ स्पॉट किया जाता था।

# किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता : मुंडा

एजेंसी

**आइसीएआर आमसभा**

- 80 करोड़ लोगों को मुफ्त आनाज दे रही है सरकार




**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्ववाली वर्तमान केंद्र सरकार की निगाह में देश के किसानों और कृषि का एक विशेष स्थान है और सरकार खेती-किसानी की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देती है।

श्री मुंडा ने देश में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा के शीर्ष निकाय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की 95वीं वर्षिक आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत कृषि क्षेत्र में प्रगति के चलते आज 80 करोड़ लोगों को मुफ्त आनाज दे रही है। उन्होंने दलहन और तिलहन में मांग की तुलना में उत्पादन की अभी कमी की स्थिति की ओर संकेत करते हुए कहा कि भारत आने वाले समय में ऐसे उत्पादों के क्षेत्र में भी आत्म निर्भरता की ओर बढ़ेगा। श्री मुंडा ने कहा कि अन्य खाद्य खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में भी हम आने वाले समय में अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लक्ष्य की ओर बढ़ सकेंगे। श्री मुंडा आईसीएआर के अध्यक्ष भी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार की ओर से कृषि एवं किसानों को एक प्रमुख वर्ग मान कर उनकी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी गयी है। उन्होंने कहा कि आत्म निर्भर भारत के संकल्प को किसानों की आत्मनिर्भरता के साथ पूरा करने का संकल्प है। कार्यक्रम में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह, कृषि राज्य मंत्री एवं आईसीएआर के उपाध्यक्ष कैलाश चौधरी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक तथा उत्तर प्रदेश और नगालैंड के कृषि विभाग के मंत्रियों ने भी संबोधित किया। कृषि मंत्री ने देश में कृषि एवं संबंधित व्यावसायों के विकास में आईसीएआर की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस संस्थान के योगदान से भारतीय कृषि क्षेत्र में बड़ी तरक्की की है। श्री मुंडा ने मत्स्य सम्पदा जैसे क्षेत्रों को बड़ी संभावनाओं के क्षेत्र बताया, लेकिन कहा कि जलवायु परिवर्तन, मृदा क्षरण और हरित-क्रांति के दौर में (रसायनों आदि के प्रयोग से) जाने-अनजाने हुए दुष्प्रभावों को दूर करने की चुनौती है।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री भी इन चुनौतियों का उल्लेख करते रहते हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने कहाकि हमारे सामने आज सावधानी बरतते हुए उत्पादन बढ़ाने की चुनौती है।ह्व कृषि मंत्री ने कहा कि आईसीएआर इस दिशा में काम कर रह है और सरकार इस सम्मेलन में इस दिशा में आए सुझावों पर गौर करेगी तथा उस दिशा में काम करेगी।

### कृष्ण चाहेंगे तो लोस चुनाव लड़ूंगी : कंगना



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने एक इंटरव्यू में पॉलिटिकल एंट्री को लेकर कहा कि अगर भगवान कृष्ण चाहेंगे तो मैं लोकसभा चुनाव लड़ूंगी। कंगना ने कहा कि मैंने कई फिल्मों के सेट के लिए राजनीतिक दलों से लड़ाई की है। मैं अपने देश के लिए जो करना चाहती हूं, उसे करने के लिए मुझे जगह नहीं मिलती। अगर मैं राजनीति में आना चाहती हूं तो मुझे लगता है कि शायद यही सही समय है। इस देश ने मुझे बहुत कुछ दिया है और इसे लौटाना मेरी जिम्मेदारी है। मैं हमेशा से राष्ट्रवादी रही हूं और इस छवि ने मेरे अभिनय करियर को भी प्रभावित किया है। मुझे लगता है कि मुझे लोगों से बहुत प्यार और सराहना मिलती है। 22 जनवरी को कंगना अयोध्या में राम मंदिर के लोकार्पण समारोह में शामिल हुई थीं।

## स्पीड न्यूज

### महादेव एप घोटाला मामले में 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी

**नयी दिल्ली।** ईडी ने महादेव ऐप घोटाला मामले में बुधवार को देशभर में 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने यह छापेमारी दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के मुंबई में की। ईडी ने इस केस से जुड़े धनशोधन के मामले में रायपुर की एक विशेष अदालत में नया आरोपपत्र दायर किया था। ईडी ने अबतक इस मामले 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कथित तौर पर छत्तीसगढ़ के उच्चपदस्थ राजनेता और नौकरशाह हैं।

### पोरबंदर में 3100 किलो मादक पदार्थ हुआ जब्त

**पोरबंदर।** गुजरात के पोरबंदर के पास भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल, गुजरात एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के संयुक्त अभियान में 3132 किलोग्राम मादक पदार्थ पकड़ा गया है। इनकी कीमत करीब दो हजार करोड़ रुपये आंकी गई है। देश की समुद्री सीमा में अब तक की यह सबसे बड़ी मादक पदार्थ की बरामदगी है। इरानी बोट के पांच क्रू सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थ के खिलाफ इस कार्रवाई की सराहना की है।

### कोहरे से रद्द 30 ट्रेनें कल से चलेंगी

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद रेल मंडल में कोहरे के कारण रद्द की गई 30 ट्रेनें 1 मार्च से बहाल हो जाएंगी। इनमें शहीद, जनसेवा, डबल डेकर, अवध असम सहित 23 मेल एक्सप्रेस व दिल्ली-बरेली समेत सात पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। काशी विश्वनाथ, काठगोदाम-दिल्ली, रामनगर मुरादाबाद एक्सप्रेस समेत सात ट्रेनों के फेरे घटाए गए थे। इनके फेरे भी दो मार्च से बहाल कर दिए जाएंगे। इन ट्रेनों में बुकिंग करा चुके हजारों यात्रियों को रेलवे ने पूरा रिफंड दिया था। अब चलने से पहले ही इन ट्रेनों में पूर्वांचल के लिए होली के बाद तक बुकिंग फुल हो गई है।

### बिहार में दो कुख्यात अपराधी थाने से फरार

**पटना।** मुजफ्फरपुर जिले के टॉप टेन कुख्यात अपराधियों की सूची में शामिल दो अपराधियों को बिहार एसटीएफ की टीम ने साहिबगंज थाना क्षेत्र से पकड़ा था। दोनों ने बुधवार सुबह एक ओडी अफसर और एक चौकीदार के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। फिर दोनों आराम से फरार हो गए। फरार बदमाशों में विवेक कुमार और विक्की शामिल हैं।


### बंगाल में पांच करोड़ का सांप का जहर जब्त

**कोलकाता।** उत्तर बंगाल में मंगलवार देर रात तस्करी करके लाए गए चार किलोग्राम सांप के जहर को जब्त किया गया। इसकी कीमत 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। वन विभाग और वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की संयुक्त कार्रवाई के बाद इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कियौ। जब्त किए गए सांप के जहर की कीमत बाजार में 5 करोड़ रुपए के आसपास है। तस्करी करने के आरोप में मोहम्मद शाहनवाज (27), मोहम्मद अजमल (28) और मोहम्मद ताहिद आलम (39) की गिरफ्तारी हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि चीन के रास्ते नेपाल में सांप के जहर की तस्करी की जानी थी।

### पाक : खाई में गिरी बस, 6 मरे व 15 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के हरिपुर जिले में मंगलवार को एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। बचाव सेवा ने यह जानकारी दी। बचाव सेवा ने कहा कि यह दुर्घटना कल शाम को जिले के खानपुर इलाके में तेज गति के कारण हुई,जिसके परिणामस्वरूप लोग हताहत हुए। बस महिलाओं और बच्चों को लेकर पहाड़ी इलाके से पूर्वी रावलपिंडी शहर जा रही थी, तभी वह खाई में गिर गई।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033



जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# उड़ान- विमानन क्षेत्र में क्रांति की शुरूआत



रोहित माथुर



यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि उड़ान योजना स्वतंत्रता के बाद भारत में विमानन क्षेत्र में लाई गई अब तक की सबसे नवीन और समझदारी से तैयार की गई योजना है। उड़ान का जमीनी स्तर पर जो असर दिख रहा है, वह भले ही दिल्ली में स्पष्ट रूप से दिखाई न दे, लेकिन यह देश के कुछ दूरदराज और सुदूरवर्ती इलाकों में क्रांति ला रहा है। उड़ान की सफलता की कहानियां पूरे भारत के अनेक टियर 2 और टियर 3 शहरों में फैली हुई हैं।

दरभंगा का उदाहरण लें, जो पटना के बाद बिहार में विमान परिचालन शुरू करने वाला दूसरा हवाई अड्डा है। यह उड़ान की एक बड़ी सफलता की कहानी है और आज दरभंगा प्रतिदिन 1500 से अधिक यात्रियों का आवागमन संभालता है। यही कहानी प्रयागराज और कानपुर की भी है, जहां उड़ान के अंतर्गत इंडिगो ने 2018-19 के आसपास प्रयागराज-बैंगलोर और स्पाइसजेट ने कानपुर-दिल्ली शुरू की जहां इससे पहले इन शहरों के लिए शायद ही कोई विमान सेवा संचालित होती थीं। आज महज 4-5 साल में ये दोनों हवाई अड्डे रोजाना 1000-1500 यात्रियों को संभाल रहे हैं। उड़ान की सफलता की कहानियों के कई अन्य उदाहरण हैं जैसे कि बरेली, शिमोगा, कन्नूर आदि। ये टियर 2 और टियर 3 शहर अचानक वाणिज्यिक विमानन के लिए विकास के अग्रदूत बन गए हैं। एयरलाइंस को न केवल अच्छा ट्रैफिक मिल रहा है, बल्कि मेट्रो शहरों के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की तुलना में इन टियर 2 टियर 3 शहरों में उनका औसत प्रति सीट किमी राजस्व भी अधिक है।

उड़ान योजना की इन उड़ानों से प्राप्?त प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, एयरलाइंस अब टियर 2/3 शहरों में नए उड़ान मार्ग शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। ये तो बस अधूरी कहानी ही है। उड़ान की बड़ी कहानी भारत के कुछ सुदूरवर्ती और ऐसे शहरों से विमानों और हेलीकॉप्टरों का संचालन करने वाले अनेक छोटे उद्योगपतियों के उभरने से है जहां अब तक हवाई सम्?पर्क नहीं था। यह बहुत आश्चर्य की बात है कि उड़ान योजना के सामने आने से पहले भारत जैसे बड़े देश के पास 80 सीट से कम श्रेणी वाला केवल 1 विमान था, जो शिमला मार्ग पर एलायंस एयर द्वारा संचालित एटीआर 42 था। कई कस्बों और शहरों में 9-19 सीटर वाले विमानों के संचालन की संभावना हमेशा मौजूद थी, लेकिन उड़ान योजना के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहन के अभाव में, छोटे ऑपरेटर कभी भी इसमें उतरने की हिम्मत नहीं कर सके।

विमानन एक बहुत ही पेचीदा व्यवसाय है और छोटे उद्योगपतियों के लिए निर्धारित उड़ानें संचालित करना आसान नहीं है (यहां तक कि बड़े उद्योगपति भी विफल हो रहे हैं)। ऐसी अनेक समस्याएं हैं जिनका सामना छोटे ऑपरेटरों को करना पड़ रहा है। सबसे पहले जोखिम उठाने की क्षमता बहुत कम है जो विमानन व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। दूसरे, भारत में इकोसिस्?टम में पूंजी लगाने की संरचना मौजूद नहीं है और कुछ बड़ी एयरलाइनों के साथ पिछले खराब अनुभवों के कारण कोई भी बैंक विमानन कंपनियों को पूंजी नहीं देना चाहता है। यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय पूंजी लगाने या पट्टे पर देने वाली संस्थाएं भी छोटी एयरलाइनों का सहयोग करने में झिझक रही हैं। इतनी सारी बाधाओं के बावजूद, अगर लगभग आधा दर्जन नए उद्योगपतियों ने छोटे विमानों पर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी उड़ानें शुरू की हैं तो यह केवल उड़ान योजना के कारण संभव हुआ है। उड़ान योजना के प्रोत्साहन के बिना इन सभी छोटे ऑपरेटरों के पास कभी भी निर्धारित उड़ानें शुरू करने का साहस नहीं होता। छोटे ऑपरेटरों में उल्लेखनीय नाम स्टार एयर है जिसने 50 सीटों वाले एम्ब्रेयर 145 विमानों का परिचालन शुरू किया और 4-5 वर्षों के भीतर इस छोटी एयरलाइन ने अपना विस्?तार कर 9 विमानों का बेड़ा तैयार कर लिया और अब वे 18 हवाई अड्डों से उड़ान भर रहे हैं जिनमें से अधिकांश में पहले कभी उड़ानें नहीं थीं। उड़ान के परिणामस्वरूप यह विमान भी भारतीय विमानन में एक नया संकलन था। उड़ान के कारण पेश किए गए कुछ अन्य छोटे विमानों में एयर टैक्सी द्वारा 3-सीटर पिस्टन इंजन टेकनाम विमान, इंडियावन का 9-सीटर सेसना कैरावान और एलायंस एयर का 19-सीटर डोर्नियर 228 और फ्लाईबिग एयरलाइंस द्वारा ट्विन ओटर शामिल हैं। भारत में 19 सीटों वाले विमानों का आना एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसमें काफी संभावनाएं हैं। छोटे विमान छोटे रनवे पर चल सकते हैं और उन्हें हवाई अड्डे के महंगे बुनियादी ढांचे की आवश्यकता नहीं होती है। जिन हवाई अड्डों पर ये छोटे विमान चल रहे हैं उनमें से कुछ में न्यूनतम बुनियादी ढांचा है जैसे पश्चिम बंगाल में कूच बिहार, अरुणाचल प्रदेश में जीरो, उत्तराखंड में पिथौरागढ़ आदि। देहरादून से पिथौरागढ़ तक सड़क यात्रा में 18 घंटे लगते हैं और उड़ान में केवल 1 घंटा लगता है। कूच बिहार से कोलकाता पहुंचने में सड़क मार्ग से 17-18 घंटे और ट्रेन से इतना ही समय लगता है, लेकिन अब लोग उड़ान फ्लाइट का उपयोग कर सकते हैं और एक घंटे में कोलकाता पहुंच सकते हैं। उड़ान में रियायती हवाई किराए ने इन दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन को आसान बना दिया है।

उड़ान योजना हेलीकॉप्टरों के लिए भी निर्णायक बदलाव साबित हो रही है। हेरिटेज एविएशन ने शुरूआत से ही उड़ान योजना की संभावना को पहचाना और यह फरवरी 2020 में हेलीकॉप्टरों पर उड़ान फ्लाइट शुरू करने वाली पहली निजी हेलीकॉप्टर कंपनी थी। यह देहरादून से उत्तराखंड के दूर-दराज के सीमावर्ती जिलों चमोली और उत्तरकाशी तक दैनिक कनेक्टिविटी संचालित कर रही है। 80 प्रतिशत से अधिक यात्री स्थानीय लोग हैं, इस तथ्य को दोहराते हुए कि उड़ान की थीम उड़े देश का आम नागरिक और हमारे प्रधानमंत्री की कल्?पना कि हवाई चप्पल वाले हवाई जहाज में चलें, केवल नारे नहीं हैं बल्कि उड़ान के कारण वास्तव में साकार हो रहे हैं।

उड़ान 5.1 टेंडर के नवीनतम दौर में एयरलाइंस को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम में कई नए मार्ग दिए गए हैं और बहुत जल्द दैनिक उड़ानें मुनस्यारी, पिथौरागढ और चंपावत के दूरस्थ और सुरम्य शहरों को हलद्वानी से जोड़ना शुरू हो जाएंगी। इन छोटे शहरों के लिए हेलीकॉप्टर उड़ानें न केवल आवश्यक हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी बल्कि इन क्षेत्रों में पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। सरकार ने हेलीकॉप्टरों और छोटे विमानों के लिए अनेक नियमों में ढील दी है, जिससे यह उद्योग के लिए और अधिक आकर्षक हो गया है।

कोविड महामारी ने उड़ान योजना के प्रतिपादन को रोकने में प्रमुख भूमिका निभाई क्योंकि सभी ऑपरेटर बुरी तरह प्रभावित हुए थे। हालांकि, पिछले 2 वर्षों में उद्योग महामारी से हुए नुकसान से उबरने में कामयाब रहा है। अगले 5 साल बड़े अवसर पेश करते हैं और अब उद्योग सफलता के दौर और अच्?छे भविष्?य की ओर बढ़ने के लिए तैयार है तथा हम उड़ान योजना के बड़े पैमाने पर परिवर्तनकारी परिणाम देखेंगे, जिसकी कई उद्योग पर्यवेक्षकों ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

लेखक हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ हैं।

## हजारीबाग लोकसभा में 10 वर्षों में 50 हजार करोड़ का विकास हुआ : जयंत सिन्हा



सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने बुधवार को हजारीबाग स्थित भाजपा कार्यालय अटल भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान पिछले 10 वर्षों में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आये परिवर्तन के विषय में विस्तार से बताया। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 50 हजार करोड़ का विकास हुआ है, जिसने क्षेत्र में क्रांति लायी है।

सिन्हा ने कहा कि 20 हजारीबाग करोड़ का पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट, 15 हजार करोड़ की खनन परियोजनाएं, पांच हजार करोड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग, चार हजार करोड़ की रेल परियोजनाएं, दो हजार करोड़ का जिला खनिज मद, दो हजार करोड़ का मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, एक हजार करोड़ का भारतीय कृषि अनुसन्धान केंद्र और एक हजार करोड़ की कोनार डैम जलापूर्ति और गैस पाइपलाइन की परियोजनाओं को हमने धरातल पर उतारा है। इन सभी परियोजनाओं से क्षेत्र में हजारों रोजगार का सृजन हुआ है।

जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग और रामगढ़ में मोदी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र पर चलते हुए पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक के उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर रही है। हजारीबाग को नॉलेज सिटी बनाएंगे, जिससे क्षेत्र आईटी हब के रूप में उभरेगा और युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही बड़ी संख्या में आईटी के रोजगार मिलेंगे।

सिन्हा ने कहा कि युवाओं में कौशल और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए हम विनोबा भावे विश्वविद्यालय को हर साधन देंगे, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा मिल पायेगी। हजारीबाग की तरह रामगढ़ में भी मेडिकल कॉलेज को धरातल पर उतारेंगे, जिससे हमारे युवा क्षेत्र में ही डॉक्टरी की पढ़ाई कर सकेंगे। इसके साथ जनता को सहज जीवन देने के लिए क्षेत्र में बेहतर सड़कें, जलापूर्ति, ट्रैफिक व्यवस्था, घरों में गैस पाइपलाइन, चौक-चौराहों पर प्रतिमाओं की स्थापना व सुन्दर पार्कों के निर्माण को और बढ़ावा दिया जाता रहेगा।

# मोदी काल में भारत की विदेश नीति



सत्यनारायण गुप्ता

एनडीए सरकार के 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं ।प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारतीय विदेश नीति की सफलता और विफलता पर चर्चा का यह उचित समय है ह्ल

जी-20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन एवं इसमें अफ्रीकन यूनियन को शामिल कराना,वैक्सीन कूटनीति , अस्थिरता और संकट काल में विदेशों में फंसे भारतीयों को वापस लाना ,लूक ईस्ट नीति,अरब देशों के साथ अच्छे संबंध और अमेरिका एवं रूस को नाराज किए बिना दोनों से सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाए रखना भारतीय विदेश नीति की महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही हैं। पिछले दिनों कतर में 9 भारतीय नौसैनिकों को जिन्हें फांसी की सजा सुनाई गई थी, सकुशल भारत वापस ले आने की घटना को भारतीय विदेश नीति के क्षेत्र में मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। दूसरी और अपने पड़ोसी राष्ट्रों के साथ बिगड़ते संबंधों को नहीं संभाल पाने के चलते मोदी की विदेश नीति की आलोचना भी हो रही है।

2014 में पहली बार चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के साथ-साथ मॉरीशस के नेताओं को आमंत्रित किया था।इससे उम्मीद बंधी कि एनडीए शासन काल में पड़ोसियों के साथ संबंधों को विशेष महत्व दिया जाएगा। प्रधानमंत्री के शुरूआती विदेशी दौरे नेपाल, भूटान और जापान के हुए। एक बार तो वह बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अचानक नवाज शरीफ से मिलने पाकिस्तान भी चले गए।

इस समय चीन , पाकिस्तान और मालदीव के साथ भारत के संबंध बद से बदतर स्थिति में है। साथ ही अन्य पड़ोसियों के साथ भी कोई उत्साहवर्धक साझेदारियां देखने को नहीं मिल रही हैं ?। हालांकि इसमें दोष भारत का नहीं है। फिर भी किसी राजनेता की सफलता विफलता का आकलन इसी से होता है कि वह अन्य देशों के साथ बिगड़ते संबंधों को संभाल कर पटरी पर ले आए।

प्रधानमंत्री बनने के बाद अब तक मोदी 75 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं। सबसे बड़ा बदलाव भारत - अमेरिका संबंधों में आया है। ये दोनों देश पहले एक दूसरे को शंका भरी निगाहों से देखते थे ,पर अब रणनीतिक साझेदार हैं। आज अमेरिका हमारा सबसे बड़ा वित्तीय साझेदार है। दोनों देशों के बीच व्यापार अब 162 अरब डॉलर से ज्यादा का है। अनेक विश्लेषक भारत अमेरिका के बीच बढ़ती नजदीकी का कारण चीन को मानते हैं।

यूक्रेन युद्ध के कारण जहां अमेरिका समेत कई पश्चिमी देश रूस पर पाबंदियां लगा रहे हैं ,वहीं भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात किया। इसकी पश्चिमी देशों ने आलोचना भी की लेकिन भारतीय विदेश मंत्री ने उन्हें स्पष्ट जवाब दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट कहा ₹यूरोप इस माइंडसेट के साथ बड़ा हुआ है कि उसकी समस्या पूरी दुनिया की समस्या है लेकिन दुनिया की समस्या यूरोप की समस्या नहीं है।₹ उन्होंने यह भी कहा कि ₹आप भारत के तेल खरीदने से चिंतित है लेकिन यूरोप रूस से जितना तेल एक दोपहर में खरीदना है उतना भारत एक महीने में भी नहीं खरीदता है।₹

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली नई सरकार ने लुक ईस्ट नीति का नाम बदलकर एक्ट ईस्ट पॉलिसी रखा। वर्ष 2018 के गणतंत्र दिवस समारोह में आसियान देशों के राष्ट्रीय प्रमुखों की उपस्थिति भारत की एक्ट ईस्ट नीति का सबसे महत्वपूर्ण प्रदर्शन था। जापान के साथ भारत के संबंध मोदी काल में और भी प्रगाढ़ हुए। बुलेट ट्रेन जैसे तकनीकी सहयोग से लेकर संयुक्त युद्धाभ्यास जैसी गतिविधियां भी दोनों देशों के बीच हुई।

7 अक्टूबर 2023 को इसराइल पर हमास के आक्रमण के बाद उत्पन्न स्थिति भारत के लिए परीक्षा की घड़ी थी ।लेकिन कुशल कूटनीति से भारत ने न तो अरब देशों और न इजरायल के साथ अपने संबंधों को बिगड़ने दिया है ।लगभग 90 लाख भारतीय अरब देशों में रहते हैं। अरब देशों से भारी मात्रा में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयात भारत करता है। फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात और कतर की यात्रा की और अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

इसराइल के साथ तो भारत के विशेष संबंध है ही।इजरायल भारत के शीर्ष तीन हथियार आपूर्तिकताओं में से एक है तथा आतंकवाद विरोधी प्रयासों में भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। यह भारत का महत्वपूर्ण तकनीकी सहयोगी भी है। भारत ने 7 अक्टूबर को इसराइल में हुए हमास के बर्बर हमले की सीधे शब्दों में निंदा की। साथ ही यह दोहराया कि दो राष्ट्र के सिद्धांत को अपनाने से ही क्षेत्र में स्थाई शांति स्थापित होगी। भारत ने गजा में युद्ध प्रभावित फिलिस्तीनियों के लिए मानवीय मदद भी भेजी है।



वैश्विक स्तर पर एक तरफ जहां भारत क्वाड जैसे संगठन में शामिल होकर पश्चिमी देशों के करीब आता हुआ दिखा वहीं ब्रिक्स और एस सी ओ जैसे संगठनों में अपनी भूमिका के कारण रूस चीन ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिलकर संतुलन साधता भी नजर आया।

विश्व आर्थिक फोरम और पर्यावरण सम्मेलनों में भी भारत एक जिम्मेदार देश की क्षवि प्रस्तुत करने में सफल रहा।

# संदेशखाली की टीस और टीएमसी की गुंडागर्दी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के राज में अत्याचार की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसके तमाम सुबूत पिछले कई वर्षों से लगातार सामने आ रहे हैं। पहले जो अत्याचार वामपंथ की सत्ता में यहां हो रहा था, वही आज ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोग कर रहे हैं । यहां कई जिलों में महिलाओं की चीखों के साथ रात गुजरती है।

नहीं दिखता यहां ममता बनर्जी को महिलाओं का दर्द, अब तक 1250 शिकायतें सामने आईंः पंश्चिम बंगाल में जो दर्द "संदेशखाली" क्षेत्र का बाहर निकलकर आया भी, तो उसे दबाया जा रहा है। पिछले तीन दिन में यहां पर तीन हमले हुए हैं। लोगों को डराया जा रहा है। विशेषकर महिलाओं पर हमले हो रहे हैं । पश्चिम बंगाल की स्थिति कितनी खराब है, वह इससे भी समझा जा सकता है कि एक महिला होकर भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यहां की महिलाओं का दर्द दिखाई नहीं दे रहा है। राज्य में कितनी अधिक अराजकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि यहां सिर्फ संदेशखाली क्षेत्र में ही 18 फरवरी से अब तक 1250 शिकायतें मिली हैं। यौन उत्पीड़न का नया मुख्य केंद्र "संदेशखाली" है, आज यह सामने आया है। अनुसूचित जनजाति आयोग को आदिवासी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की 50 शिकायतें मिली हैं। प्रशासन को 400 जमीन हड़पने की शिकायतें मिली हैं। ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के पास जितनी भी शिकायतें पीड़ितों ने की हैं, उनमें से अधिकतर जमीनों पर जबरन कब्जा करने और महिलाओं के साथ रेप और यौन शोषण जैसी शिकायतें हैं। कुल मिलाकर बीते सप्ताह में शेख शाहजहां के खिलाफ 700 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं।

यहां की आम महिलाएं अब दबी आवाज में बोल रही हैं, कल जब आरोपित जेल से छूट जाएंगे, तब हमें कौन बचाएगा। जिन्होंने शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार के विरोध में बोला, उन पर हमले होने लगे हैं। कोई उन्हें बचाने नहीं आ रहा । ममता की पुलिस टीएमसी के बदमाशों की सुनती है। तीन दिन में 3 बड़ी घटनाएं हो चुकीं हैं । पुलिस मौजूद है, लेकिन आरोपितों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसे में अब शिकायत किससे करें? गांव में कोई बोलने को तैयार नहीं कि गैंगरेप की शिकार महिलाएं कौन हैं और अभी वह कहां पर हैं? जिन दो महिलाओं ने पहले शिकायत की थी, उन्हें गायब बताया जा रहा है।

शाहजहां शेख के भाई सिराजुद्दीन के अत्याचार भी आने लगे सामनेः संदेशखाली में अभी तक टीएमसी के बदमाशों में तीन नाम प्रमुखता से सामने आए थे- शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार, लेकिन, अब शाहजहां शेख के भाई सिराजुद्दीन, उपनाम डॉक्टर का भी नाम सामने आया है, जोकि ग्रामीणों की जमीन हड़पने, उन्हें डराने, भगाने, महिला बलात्कार और कई तरह से उन्हें प्रताड़ित करने का काम करता है। इसके विरोध में अभी कुछ लोग हिम्मत करते हुए सामने भी आए हैं, लेकिन उन्हें अब डर है कि आगे उनका भी वही हाल न हो जोकि अन्य विरोध करनेवालों का शाहजहां शेख का भाई सिराजुद्दीन तमाम प्रताड़नाएं देकर करता रहा है।



पाकिस्तान, सीरिया, ईरान, अफगानिस्तान जैसे हालातः यह तो भारतीय जनता पार्टी के प्रयासों का परिणाम है जो 'संदेशखाली' के मुद्दे पर मजबूरन ममता सरकार को पीड़ितों की शिकायतों को दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर देनी पड़ी। नहीं तो वर्षों से यहां पुलिस संरक्षण में अत्याचार हो रहा है और शासन-प्रशासन चुप था। सिर्फ पश्चिम बंगाल में 'संदेशखाली' क्षेत्र ही नहीं, कई जगह हिंसा और अराजकता का माहौल है। आप यहां जाएंगे तो यह लगेगा ही नहीं कि भारत के किसी क्षेत्र में आप घूम रहे हैं। आपको पाकिस्तान, सीरिया, ईरान, अफगानिस्तान के तालीबानी शासन में होने का अनुभव मिलता है। संदेशखाली की तरह ही राज्य के कई हिस्सों में महिला अत्याचार की अनेक घटनाएं प्रतिदिन घट रही हैं । यहां इस एक घटना से भी समझ सकते हैं कि पूरे पश्चिम बंगाल की कितनी भयावह स्थिति है। राज्य के मुर्शिदाबाद के हरिहरपाड़ा से जब यह घटना सामने आई तो ह्दय तक रो उठा । यहां खेत में एक 13 साल की हिन्दू बच्ची का शव मिला, जिसका रेप करने के बाद उसकी बहुत बेरहमी से हत्या कर दी गई थी । बंगाल पुलिस ने बड़ी ही चालाकी से पूरे प्रकरण को दबाने की कोशिश की। पीड़िता के परिजनों की नहीं सुनी गई, तब कोलकाता हाई कोर्ट की शरण में न्याय मांगने के लिए परिवार गया। जहां से आदेश हुआ और शव को जमीन से निकाला गया तो दिल दहला देने वाला मंजर सामने आया। दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी गई थीं। हत्यारों ने पहले बच्ची का रेप किया, फिर उसके दोनों स्तनों को काटा। इसके बाद उसकी दोनों आंखें निकालकर फेंक दी गईं, फिर उसे दफना दिया गया था । बच्ची के परिजनों का कहना था कि इतना ही नहीं उसके शरीर पर दांत के काटने के कई-कई जगह स्पष्ट निशान थे। आरोप है कि जब परिजनों ने पुलिसवालों से शव को पोस्टमार्टम के लिए कहा तो उन्होंने इससे साफ मना कर दिया। उन्होंने शव का पंचनामा करने के बाद शव फिर से दफना दिया। इसके बाद मृतका के परिजन मामले को लेकर हाई कोर्ट पहुंचे। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई करने के बाद पुलिस को शव को बाहर निकालकर उसका पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया। 20 दिन के बाद बच्ची के शव को बाहर निकाला गया। तब जाकर उसके साथ बर्बरता का खुलासा हो सका । अब यहां बड़ा प्रश्न यह है कि जिस पश्चिम बंगाल के ममता राज में पुलिस इस तरह से प्रकरणों को दबाने की कोशिश करती है, क्या उस राज्य के किसी भी हिस्से में सही जांच की उम्मीद की जा सकती है?

शेख शाहजहां के लोगों के निशाने पर हिन्दूः संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं पर ममता बनर्जी के गुर्गे शेख शाहजहां द्वारा लगातार अत्याचार किए जाने का आरोप है। ऐसे कई वीडियो और तस्वीरें सामने आ चुके हैं, जिनमें पीड़ित हिन्दू कहते देखे गए कि वो ये जानते हैं कि हिन्दू महिलाओं के साथ रेप और हत्या जैसी वारदात को शेख शाहजहां ने ही अंजाम दिया है, लेकिन अगर वो कुछ बोलेंगे तो उनके साथ भी इस तरह की वारदात हो सकती है।

# विधायक भानु ने किया 51 बेटियों का हाथ पीला, पत्नी के साथ किया कन्यादान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** टाउनशिप सीडी मैदान स्थित विवाह मंडप में विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भवनाथपुर विस क्षेत्र के गरीब असहाय 51 कन्याओं की शादी करायी गई। विधायक आवास पर गाजे बाजे के साथ द्वार पूजा के रस्म के बाद सीडी मैदान में बनाये गए विवाह मंडप में विद्वान पंडितो द्वारा वैद्दिक मंत्रोच्चार के साथ 51 जोड़ी नव दम्पतियों की शादी संपन्न करायी गयी। विधायक भानु ने पत्नी चानी शाही के साथ कन्यादान किया। इस दौरान भानु ने नव दम्पतियों के विदाई में उपहार स्वरुप पलंग, पंखा के साथ अन्य फर्नीचर तथा जेवर सहित दैनिक उपयोग के सामान प्रदान किया। शादी मंडप स्थल पर पटना के लोकगीत गायिका सह दूरदर्शन कलाकार मन्दाकिनी मिश्रा की टीम ने शादी गीत व लोक गीत की प्रस्तुति दी। जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्या सागर सिंह, प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी सतेंद्र नरायण सिंह, रेंजर प्रमोद कुमार, समाजसेवी शिव पूजन यादव, संजय भगत, सेल पदााकिारी राजेश कुमार, भगवान पनिग्रही, डोमन यादव, भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, जवाहर पासवान, शारदा महेश प्रताप देव, नंदकिशोर यादव, भगत दयानन्द यादव, राजीव रंजन तिवारी, पाल सिंह, राजा सिंह, अनिल चौबे, मनोज पहाड़िया, सिंह, मनु उपाध्याय, मधुलता कुमारी, वीणा चौरसिया, बिभूति चौबे, सोना किशोर यादव, सुनील सिंह, भानु गुप्ता, दयानन्द सोनी, प्रेम प्रकाश रमण, लक्ष्मण राम ने शादी स्थल पर पहुंच वर वधु को आशिर्वाद दिया। सामूहिक शादी को सफल बनाने को लेकर श्री बंशीार नगर एसडीओ रतन सिंह, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, इंस्पेक्टर रमोद कुमार, भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार पुलिस बल के साथ विधि व्यवस्था बनाये रखने में मुस्तैद दिखे।


कन्यादान करते विधायक

## एक दूजे के हुए 51 जोड़ी नवदंपति

शादी स्थल पर जिन जोड़ों की शादी कराई गई उनमे रीना संग विकास, राािका संग जितेंद्र, रंजू संग शैलेश, आशा संग सीता राम, रिंकी संग रोहित, प्रभा संग उमेश, रानी संग उदय, शैला संग रवि, सुचिता संग बीरबल, सिमा संग दीपक, खुशबू संग छोटे लाल, शीतला संग दशरथ, मीरा संग शिवा, जसो संग अजय, सिमा संग अरविंद, रीना संग नागेश्वर, प्रियंका संग अमित, ललिता संग ष्णा, तीजा संग लालता, सुषमा संग अरविंद, विन्दा संग संजय, नीरू संग नीतीश, निर्मला संग शत्रुान, निरसा संग संदीप, निशु संग शिबू, दिला संग राकेश, डिम्पल संग चंदन, सुमन संग श्रवण, ज्योति संग मिथलेश, रिंकू संग बींरेंद्र, अंजली संग राजेश, कांति संग सुनील, सिमा संग सुनील, खुशबू संग लवकुश, मनीता संग मनोज, रिंकी संग चंदु, आरती संग नागेंद्र, छठनी संग पंकज, रानी संग अरविंद, कुसुम संग सत्यनारायण, खुशबू संग सचिन, काजल संग रमन करकेट्टा, सरिता संग अखलेश, अंशू संग प्रभात, पुष्पा संग जीतेंद्र, रीना संग मुंशी, प्रियंका संग शत्रुान, माया संग अखलेश, अनिता संग बिपिन, जीरा संग आनंद, रीमा संग छोटू का नाम शामिल है।

## चिन्हित आंदोलनकारियों की सूची सरकार को भेजने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी को मांग पत्र सौंपा। मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित अलग राज्य आंदोलनकारियों ने अपर समाहर्ता से वार्ता के दौरान कहा कि वर्ष 2018 एवं इसके पूर्व से वर्तमान तक झारखण्ड प्रदेश के बोकारो जिला सहित सभी जिलों में झारखण्ड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग द्वारा चिन्हित किये गए आंदोलनकारियों की सूची भेजी जाती रही है। प्रदेश के सभी जिलों में चिन्हित किये गये आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान के साथ पहचान पत्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है परन्तु बोकारो जिला समाहरणालय द्वारा वर्ष 2018 एवं इसके पूर्व से वर्तमान तक चिन्हित किये गए आंदोलनकारियों की सूची को लंबित रखा गया है।



प्रतिनिधिमंडल ने अपर समाहर्ता से आग्रह करते हुए कहा कि बोकारो जिले के भी सभी आंदोलकारीयों को झारखण्ड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के उपसचिव अजय कुमार सिंह द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय के आदेशानुसार अधिसूचना संख्या 14/ विविध - 02/2024 - 694 दिनांक 02/02/2024 को जारी किये गए पत्र के आलोक में राजकीय मान सम्मान एवं पहचान के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाय। प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो जिलाध्यक्ष राजदेव माहथा संयोजक हाबूलाल गोराईं प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष खगेन्द्र नाथ वर्मा शंकर रजक भरत महतो संतोष कुमार सिंह खिरोधर महतो लालमोहन शर्मा ठाकुर महतो चण्डी चरण महतो बिशेश्वर महतो मो. मंजूर हुसैन कृष्णा महतो गणेश महतो सहदेव महतो सुनील महतो सहित दर्जनों आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

### मारपीट में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना कांड संख्या-14/24 के तहत मारपीट एवं धमकी देने वाले तीन आरोपी को पुलिस ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार के दिन करमडीह में लड़की को लेकर दो पक्षों में कहा सुनी हुई। साथ जमकर मारपीट की गई। आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाई में जुट गए।

### कुड़ी बुरू सरना धोरोम गाढ़ मे समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बेरमो।** बुधवार को कुड़ी बुरू सरना धोरोम गाढ़ में अनिल मुर्मू की अध्यक्षता में माघ पूर्णिमा पूजा अर्चना एवं सरना धर्म महा सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आय व्यय का समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष एवं कुड़ी बुरू सरना धोरोम गाढ़ संस्थापक बृजलाल हांसदा आदि उपस्थित हुआ।

## मेहंदी व रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने दिया मतदान का संदेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव के मार्ग दर्शन में पूरे जिले में मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में छात्र छात्राओं ने स्लोगन लिखी मेंहदी लगाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। मेहंदी से छात्राओं ने अपने हाथों पर मतदान मेरा अधिकार वोट डालने जाना है वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है वोट हमारा है अधिकार - करें नहीं इसको बेकार आदि संदेश दिया। छात्राओं ने अलग झ अलग रंगोली चित्रकारी करके भी मतदाताओं को चुनाव का पर्व, देश का गर्व मतदान में सहभागिता निभाने की अपील की। सभी को मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया।

## नए प्रखंड बनाने के निर्णय को लागू करने की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने झारखंड सरकार से 11 वर्ष पूर्व 24 नए प्रखंड बनाने के लिए गए निर्णय को लागू करने की मांग की है। उन्होंने यह मुद्दा झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के शून्य काल में उठाया। उन्होंने कहा कि 8 जनवरी 2013 को झारखंड सरकार के मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में 24 नए प्रखंडों के सृजन पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है परंतु यह निर्णय अब तक धरातल पर नहीं उतर पाया है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों के खैराचातर, चतरोचट्टी, महुआटांड़, ऊपरघाट, बारीबांकी, मोरपा, बरमसिया, माराफारी, अमलाबाद, पिंड्राजोरा, टोकलो, रामगढ़, सिल्ली, जोन्हा, सोनहातू पूर्वी, तमाड़ पूर्वी, पिठोरिया, राजगंज, पुटकी, चिरकुंडा, मैथन, चैनगढ़, कोवाली व जोरी पंचायत को प्रखंड बनाने का निर्णय प्रस्ताव संख्या चार में है। साथ ही उन्होंने प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली 146 के तहत गोमिया प्रखंड की झरकी बस्ती के यादव टोला व मुस्लिम टोला में लगी आग एवं गैस रिसाव को अविलंब स्थायी रूप से रोकने को लेकर चर्चा के लिए कार्य स्थगन का प्रस्ताव भी लाया।

### कोयला माफिया इन दिनों बेखौप होकर कोयले का धंधा कर रहे हैं

**बेरमो /गोमियां।** अवैध कोयले का खेल बदस्तूर जारी है कोयला माफिया इन दिनों बेखौफ होकर कोयले का धंधा कर रहे है और मंडियों में ले जाकर ऊंची दाम पर मोटी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को गोमियां प्रखंड के गोमियां कथारा मुख्य मार्ग के हजारी मोड़ में 16 चक्का गाड़ी में लोड कोयला गाड़ी को छुपाने का प्रयास किया गया। जिसकी सूचना किसी ने गोमियां थाना प्रशिक्षु डीएसपी अमरेंद्र कुमार को दी, श्री कुमार उक्त गाड़ी के पास अपने दलबल के साथ पहुंचे और गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया, वही इस मामले में गोमियां प्रशिक्षु डीएसपी ने कहा कि विष्णुगढ़ के रास्ते गोमियां होते हुए तेनुघाट की तरफ अवैध कोयला लदा गाड़ी संख्या जेएच 02 बीके 8131 जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर तुरंत उक्त स्थल पर पेट्रोलिंग गाड़ी को भेजा गया और ट्रक को जप्त कर थाने ले आये हैं।

## हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया आधा दर्जन किसानों के फसलों को रौंदा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मुरहुलसूदी पंचायत के सुदी गांव के आधा दर्जन किसानों के खेतों में लगे खड़े गेंहू फसल को जंगली हाथियों द्वारा काफी मात्रा में खा गया है वहीं पैरों से रौंद डाला गया है। हाथी भगाओ टीम के ठाकुर दास महतो व महेन्द्र महतो से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 8 बजे के आसपास बरगा- चौड़ा जंगल की ओर से दो जंगली हाथी भुरसाटॉड़ गांव के बाहर से होते हुए सूदी गांव के निकट गवई नदी किनारे हाथी पहुंचकर किसानों के खेतों में लगे गेंहू सरसों व आलू फसलों को चटकर तथा पैरों से रौंद डाला। सूदी के किसान सोनाराम मांझी रमेश मुर्मू मनोज महतो नवीन महतो निरंजन महतो का गेंहू फसल तथा शंकर महतो के बाड़ी में लगे आलू व सरसों फसलों का काफी नुकसान हुआ है।



दो हाथियों ने सुनसान स्थान पर गेंहू लगने के कारण रात 8 बजे से लेकर 4:30 बजे सुबह तक बारी बारी से लगभग सभी के खेतों में घूम-घूमकर लगे गेंहू फसलों को खाया तथा पैरों से रौंद डाला । सूदी के किसानों ने हाथी द्वारा फसलों छति की जानकारी वन सुरक्षा समिति के कसमार प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो तथा वन कर्मी को सूचना दी गई। सूचना पाते के साथ वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष गंगाधर महतो व हाथी भगाओ टीम के ठाकुर दास महतो पहुंचकर फसल के क्षति का जायजा लिया।

## आरकेपीएस के आठवीं, नौवीं व 11वीं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



परीक्षाफल का वितरण करते निदेशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** रेहला रोड स्थित आकेवीएस बीएड कॉलेज के सभागार में आरके पब्लिक स्कूल के कक्षा आठवीं, नौवीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस दौरान अभिभावकों के बीच रिजल्ट का वितरण किया गया। उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को निदेशक ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व कक्षा सातवीं की छात्रा प्रियांशी प्रिया व ग्रुप के द्वारा सुंदर स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।

मौके पर निदेशक श्री पाण्डेय ने कहा कि स्कूल अपने स्थापना काल 1994 से निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होने उपस्थित सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को स्मार्ट फोन और बाईक से दूर रखें और स्वायाय पर ज्यादा जोर दें। बच्चों के दिनचर्या और संगति पर नजर रखें। अभिभावकों और स्कूल के बेहतर समन्वय से ही बच्चों के भविष्य को गढ़ा और संवारा जा सकता है। उन्होने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामना दिया और उम्मीद किया कि वे स्कूल के पिछले रिकार्ड को और बेहतर करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि माता-पिता ही बच्चों के पहले गुरु होते हैं। माता-पिता की जिम्मेदारी बच्चों के भविष्य निर्माण में ज्यादा है। स्कूल के प्राचार्य संतोष पाण्डेय ने रैंक होल्डरों का नाम अभिभावकों के समक्ष घोषित किया। मौके पर स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, परीक्षा संचालक देवेन्द्र सिंह, अनुप कुमार पाण्डेय, अनिल सिन्हा, विनय सिंह, सतीश तिवारी, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, राज चौबे, नंदलाल गुप्ता, सनोज यादव, एसडी सिंह, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



बच्चों के साथ निदेशक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने महान वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि विज्ञान दिवस समस्त विज्ञान प्रेमियों के लिए समर्पित है। डॉ सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के रूप में यह दिवस मनाया जाता है। विश्व के वैज्ञानिक रंग मंच पर भारत को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यह दिवस 28 फरवरी को 'रमन प्रभाव' की खोज के उपलक्ष्य में मनाया जाता है जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वैज्ञानिक विकास ने मनुष्य के जीवन को कई मायनों में बदल दिया है। विज्ञान ने मनुष्य के दैनिक कार्य कलापों को बेहतर और आसान बना दिया है।

### कांडी में 11वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त

**कांडी।** प्रखण्ड के दो परीक्षा केंद्रों पर बुधवार को 11वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई। प्रखण्ड के दो परीक्षा केंद्र पर 1591 परीक्षार्थी 11वीं इंटरमीडिएट की परीक्षा लिखे जबकि 11 अनुपस्थित थे। बीपीओ वीरेन्द्र प्रसाद ने जमा दो उच्च विद्यालय कांडी परीक्षा सेंटर पर संचालित परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। जमा दो उच्च विद्यालय कांडी की केन्द्राधिक्षिका विद्यानी बाखला ने बताया कि आज प्रथम पाली में 298 विद्यार्थी परीक्षा लिखे व एक अनुपस्थित थे। जबकि दूसरी पाली में 588 छात्र छात्राएं परीक्षा लिखे व आठ अनुपस्थित थे। उधर स्तरोन्नत उच्च विद्यालय लमारी कला परीक्षा सेंटर के केंद्राधीक्षक निरपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आज प्रथम पाली 313 व दूसरी पाली में 392 परीक्षा लिखे जबकि दोनों ही पालियों में एक-एक विद्यार्थी अनुपस्थित थे।

## एक नजर में

### राम व सीता के आदर्शों को अपना लें तो वह आदर्श परिवार हो जाएगा : धर्मराज

**कांडी।** मानस महायज्ञ के दौरान सतबहिनी झरना तीर्थ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रवचन व परिक्रमा में सबसे अधिक लोगों की उपस्थिति हो रही है। तीसरे दिन के प्रवचन सत्र शुरू हो इससे पूर्व सेवानिवृत्त वनपाल ध्रुव कुमार पांडेय व सेनि शिक्षक वैद्यनाथ पांडेय ने व्यास पीठ की पूजा की। मिर्जापुर से पधारे पं. धर्मराज शास्त्री ने कहा कि राम के आदर्शों को पुरुष व सीता के आदर्शों को नारी अपना ले तो वह परिवार आदर्श परिवार होगा। वृंदावन की देवी शिखा चतुर्वेदी ने भागवत व मानस के प्रसंगों की सामाजिक संदर्भ में व्याख्या की। कहा कि जन्म जन्मांतर के पुण्य उदय होने पर ऐसा सत्संग मिलता है। संसार के सारे रिश्ते मिथ्या हैं। असली सुख भगवान से प्रेम में है। प्रारब पहले रचा, पाछे रचा शरीर। हम जो करते हैं वह 100 गुणा करके हमें वापस मिलेगा। चाहे पाप करो या पुण्य। गुप्तकाशी के सौरभ कुमार भारद्वाज ने समाज व राष्ट्र निर्माण की बात कही। कहा कि सत्य अभियान के सर्जना चाहिए, भ्रष्ट अभियान को वर्जना चाहिए। मैं मैं करना तो काम है बकरियों का, सिंह को तो सदा गर्जना चाहिए। रोहतास बिहार के पं. सत्येंद्र पाठक उर्फ मुन्ना पाठक ने भी श्रीराम कथा कही। इधर श्री हित हरिवंश चंद्रो विजयते मानस व्यास पं.विनोद गौरव शास्त्री श्रीराम वृंदावन की वेदपाठी टोली संगीतमय मानस पाठ कर रहे हैं। सुरुचिपूर्ण संगीतमय पाठ को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है।

### पत्रकार सुरक्षा बीमा लागू करने की मांग

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नाम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग व मद्य निषेद्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को झारखंड विधानसभा में 11 सूत्री मांग पत्र सौंपी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सभी मांगों पर सहानुभुतिपूर्वक विचार करते हुए नियमानुकुल कार्रवाई करने की मांग की है। सौंपे गये मांग पत्र में राज्य के पत्रकारों के हित में पत्रकार सुरक्षा बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा कराने, सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों, मानदेय पर कार्यरत दैनिक मजदूरों की सेवा नियमितीकरण करने, समान काम के बदले समान वेतन देने, जिला परिषद सदस्यों को निर्वाचित क्षेत्र, प्रखंड या जिला मुख्यालय में कार्यालय उपलब्ध कराने, बड़े पैमाने पर बढ़ रहे भूमि विवाद का समाधान के लिए सभी हाल सर्वे, खतियान को ऑनलाइन रोकते हुए पुराने मांग पंजी टू एवं राजस्व कागजात के आधार पर सभी का कार्य प्रारंभ कराने, बिहार सरकार की तर्ज पर हाल सर्वे को निरस्त करते हुए पुनः नया एवं त्रुटिहीन सर्वे करवा कर भूमि विवाद का निष्पादन करने, झारखंड में केश कला बोर्ड का गठन कर नाई जाति के लिए पद सुरक्षित करने, भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी रिक्तपदों पर चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी की पदस्थापना कराने, भवनाथपुर के ग्राम बंसानी, झगराखांड़ में नए डिग्री महाविद्यालय की स्थापना कराने, झगराखांड़ में मेडिकल कलेज की स्थापना कराने, ग्राम बंसानी के कछरवा में कृषि विज्ञान केंद्र सह कृषि महाविद्यालय की स्थापना कराने आदि की मांग शामिल है।

### पंचायत सेवक ने अबुआ आवास के नाम पर वार्ड सदस्य से लिया 23 हजार रूपये रिश्वत, बीडीओ से शिकायत

**गढ़वा।** मेराल प्रखंड अंतर्गत खोरीडीह पंचायत के वार्ड नंबर 8 की वार्ड सदस्य करके ग्राम निवासी श्वेता देवी से अबुआ आवास के लिए पंचायत सेवक कुणाल गौरव द्वारा 23 हजार रूपये रिश्वत लिये जाने का मामला प्रकाष में आया है। साथ ही रेकड़ भेजने के लिए 10 हजार रूपये और मांग की जा रही है। इस संबंध में वार्ड सदस्य श्वेता देवी ने मेराल बीडीओ को आवेदन देकर पंचायत सेवक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए अबुआ आवास का लाभ दिलाने की मांग की है। सौंपे गये आवेदन में श्वेता देवी ने कहा है कि वह अत्यंत ही गरीब महिला है। साथ ही वह खोरीडीह पंचायत में वार्ड सदस्य है। उसके पति सुरेंद्र कुमार पांडेय के नाम से एक अबुआ आवास पास हुआ है। एक सप्ताह पूर्व पंचासत सेवक कुणाल गौरव ने उससे 20 हजार रूपये नगद तथा जिओ टैग के नाम पर तीन हजार रूपये अलग से लिया है। अब पंचायत सेवक ने 27 फरवरी को मेराल प्रखंड कार्यालय परिसर में सभी वार्ड सदस्यों के सामने 10 हजार रूपये और मांग किया। पैसा नहीं दे पाने के कारण रेकड़ नहीं भेजा गया। इस संबंध में श्वेता देवी ने कार्रवाई करने की मांग की है।

### चुनाव जीतूंगा तो नही लूंगा सरकारी सुविधा : मृणालकान्ति

**बेरमो / तेनुघाट कोर्ट।** सोशलिस्ट पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय मंत्री मृणाल कांति देव ने तेनुघाट में प्रेसवार्ता कर कहा है कि झारखंड में होने वाले आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी पूरी तरह से तैयार है।कहा कि अगर उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को सरकारी मान्यता के लिए एक एकड़ भूमि की मंजूरी की जायेगी, साथ ही जिन बालिका विद्यालयों में कम से कम 50 छात्राएं भी अध्ययनरत रहेंगी, उन विद्यालयों को भी सरकारी मान्यता दी जायेगी. इसके अलावा उन्होंने अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कहा है कि अगर वे लोकसभा और विधानसभा का चुनाव जीतते है तो वे कभी सरकारी वेतन और पेंशन नही लेंगे,न ही वे सरकारी आवास में जाएंगे. उन्होंने कहा है कि सरकारी चिकित्सा भत्ता,टीए-डीए और सरकारी अंगरक्षक भी नही लेंगे. उन्होंने कहा है कि सोशलिस्ट पार्टी लोहिया गरीबों की पार्टी है, इसलिए वह गरीबों के दुखों को भलीभांति समझते हैं. पार्टी गरीबों के लिए कई तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा करते रहती है. इसके अलावा उन्होंने कहा है कि वर्तमान समय में रोजगार के अभाव में झारखंड के युवा दूसरे प्रदेशों पर पलायन करने में मजबूर हो गए हैं, जिससे कभी कभी उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है. परिवार को बेबसी के अलावा उन्हें कुछ नहीं मिलता है. कहा कि आज भी झारखंड की गरीब लड़कियों की शादी पैसे के अभाव में नही हो पा रही है, या फिर जैसे तैसे घरों में होती है. वहीं यहां के किसान कृषि उपकरण के अभाव में खेती नही कर पा रहे हैं. सरकार की कथनी और करनी में काफी फर्क देखने को मिल रहा है. कहा कि सोशलिस्ट पार्टी ऑफ लोहिया इन सभी समस्याओं को बारीकी से देख रही है, और समय आने पर इन सभी समस्याओं का समाधान भी करेंगी. आगे कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने अपने चुनावी वादों में बहुत सारी बाते लोगो के समक्ष कही थी, लेकिन उनका किया हुआ वादा आज एक भी पूरा होता हुआ नही दिख रहा है. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अगर उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो प्राथमिकताओं के आधार पर सभी जन समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

### मां गढ़देवी होम डेकोर का उद्घाटन

**गढ़वा।** शहर के एसएसजेएस नामधारी कॉलेज के समीप मां गढ़देवी होम डेकोर का उद्घाटन किया गया। दुकान का उद्घाटन पलामू संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, राजद जिलायक्ष सूरज सिंह, भाजपा नेता सूरज गुप्ता, मनीष गुप्ता व दुकान के प्रोपराइटर अजय कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर प्रोपराइटर अजय कुमार ने बताया कि आज तक लोग अपने घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को भव्यता देने के लिए मार्बल और टाइल्स का उपयोग किया करते हैं, जो कुछ ही अरसे बाद परेशानी का सबब बन जाता है, लेकिन मेरे यहां का यह पली ग्रेनाइट शीट, फम शीट, वालपेपर, पैनल और उडेन फ्लोरिंग आपके घर और दुकान की खूबसूरती बढ़ाएगा। वहीं परेशानी से भी उबारेगा। बिल्कुल मार्बल और टाइल्स सा दिखने वाला यह सामग्री अपने यहां के लिए बिल्कुल नया है। बिजनेस बेंच से संबा रखने वाले इस ब्रांड की खासियत है कि यह वाटरप्रूफ, फायरप्रूफ तो है ही साथ ही इसमें दीमक भी नहीं लगता है, इसलिए एक बार मुझे सेवा करने का मौक़ा दें, मैं शिकायत का अवसर नहीं दूंगा। पूर्व सांसद ने कहा कि खपड़ैल घरों से अपने जीवन की शुरुआत करने वाले हमलोग आज तक मार्बल और टाइल्स को ही जान पाए हैं, लेकिन इस दुकान में मौजूद यह सारी सामग्री जहां एक ओर अपने आप में बेहद ख़ास है। वहीं दूसरी ओर सोचने पर भी विवश करने वाला है। मौके पर उक्त सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।